





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 261

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

शुक्रवार | 05 जुलाई, 2024

# भोले बाबा के 6 सेवादार अरेस्ट, इनमें 2 महिलाएं

## हाथरस सत्संग के आयोजक पर 1 लाख का इनाम, वकील बोले, बाबा यूपी छोड़कर भागे नहीं

- हादसे के 48 घंटे बाद भी पुलिस नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा तक नहीं पहुंच सकी
- पुलिस ने मैनपुरी, ग्वालियर, कानपुर और हाथरस समेत 8 ठिकानों पर मारा छापा

**जन एक्सप्रेस | हाथरस**



यूपी के हाथरस में हुई भगदड़ के तीसरे दिन पुलिस ने आज 6 लोगों की गिरफ्तारी की। आईजी रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- गिरफ्तार सभी 6 आरोपी आयोजन समिति के सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों में मैनपुरी का राम लड़ैते यादव, शिकोहाबाद का उपेंद्र यादव, हाथरस का मेड सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। इनकी देख-रेख में ही सत्संग चल रहा था। उधर, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है। वह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। दूसरी ओर, भोले बाबा के वकील एपी सिंह घायलों से मिलने अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा- बाबा के पास कोई आश्रम नहीं है। वह पेंशन से अपना गुजारा करते हैं। जब भी बाबा को जांच टीम बुलाएगी, वह आएंगे। हादसे के 48 घंटे बाद भी पुलिस नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा तक नहीं पहुंच सकी। पुलिस ने मैनपुरी, ग्वालियर, कानपुर और हाथरस समेत 8 ठिकानों पर छापा मारा है। इधर, पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सभी भोले बाबा से जुड़े हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- हादसे के लिए प्रशासन और प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाथरस आएंगे। वह अस्पताल में भर्ती और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे।

### कौन है देव प्रकाश मधुकर सेवादार, जिस पर है 1 लाख का इनाम

हाथरस भगदड़ कांड में पुलिस ने भोले बाबा के मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया। उस पर 1 लाख का इनाम भी घोषित किया है। देव प्रकाश मधुकर हाथरस के मोहल्ला दमदमपुरा की न्यू कॉलोनी में रहता है। वह पंचायती राज विभाग में इंजीनियर है। घटना के बाद देव प्रकाश मधुकर के घर पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मगर, देव प्रकाश के घर पर ताला लगा था। वह अपने पूरे परिवार के साथ फरार है। इसके बाद लोगों ने उनके घर के सामने जय भीम के नारे लगाए। सत्संग का मुख्य आयोजक और सेवादार देवप्रकाश मधुकर फरार है। वह मामले में मुख्य आरोपी है। सिकंद्राराऊ में उसके घर पर ताला लगा हुआ है। देवप्रकाश पंचायती राज विभाग में इंजीनियर है।

### आईजी शलभ माथुर ने पत्रकार वार्ता की

अलीगढ़ आईजी शलभ माथुर ने हाथरस हादसे को लेकर हाथरस में पत्रकार वार्ता की। जिसमें बताया कि 2 जुलाई को हाथरस के सिकंद्राराराऊ के ग्राम फुलरई मुगलगढ़ी की दुखद घटना सूरज पाल उर्फ नारायण साकार हरि भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में घटित हुई, यहां पर भगदड़ मचने से आज तक की तारीख में 121 मौत हुईं। जिनमें 112 महिला, 2 पुरूष, 6 बच्चे, 1 बच्ची है। जनपद अनुसार मौतें इस प्रकार हैं-

- हाथरस- 19
- बदायूं- 6
- ललितपुर-
- कासगंज-10
- अलीगढ़- 17
- शाहजहांपुर- 5
- आगरा- 18
- फिरोजाबाद- 1
- गौतमबुद्ध नगर- 1
- एटा- 10
- मथुरा- 11
- औरेया-2
- बुलंदशहर-5
- पीलीभीत- 2
- संभल- 2
- लखीमपुर-1
- उन्नाव-1
- गाजियाबाद-1
- ग्वालियर-1
- मुरैना- 1
- पलवल-1
- फरीदाबाद-1
- डींग-1

### इनकी हुई गिरफ्तारी

- राम लडैते पुत्र रहबारी सिंह यादव निवासी भानपुरा थाना कुरावली जनपद मैनपुरी
- उपेन्द्र सिंह यादव पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी बाईपास एटा रोड थाना शिकोहाबाद
- मेघसिंह पुत्र9 हुकुम सिंह निवासी मौ दमदपुरा थाना सिकंदराराऊ, हाथरस
- मंजू यादव पत्नी सुशील कुमार निवासी कचौरा थाना सिकंदराराऊ, हाथरस
- मुकेश कुमार पुत्र मोहर सिंह प्रेमी निवासी न्यू कॉलोनी दमदपुरा थाना सिकंदराराऊ हाथरस
- मंजू देवी पत्नी किशन कुमार यादव निवासी कचौरा थाना सिकंदराराऊ, हाथरस

### जोन स्तर पर एसओजी का गठन किया गया

घटना के संबंध में पीएमओ ने 2 लाख और यूपी सरकार ने 2 लाख रूपये देने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने घटना की जांच के लिए न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सेवानिवृत आईएएस हेमनत राव और सेवानिवृत आईपीएस भवेश कुमार सिंह सदस्यों की समिति गठित की गई है। थाना सिकंदराराऊ में हादसे वाली तारीख 2 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता की धारा105, 110, 126 (2), 223, 238 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना प्रारंभ करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जोन स्तर पर एसओजी का गठन किया गया है।

### गिरफ्तार लोगों ने बताया ऐसे हुआ हादसा

आयोजन समिति के सदस्य हैं और सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। आयोजक व पकड़े लोगों द्वारा सत्संग कमेटी में भीड़ व चंदा इकट्ठा कर सहयोग देते हैं। कार्यक्रम आयोजन के लिए विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गयी। बाबा के अनुयायियों में मान्यता है कि बाबा के चरण रज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। बाबा की चरण रज लेने के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई, तो सेवादारों ने उन्हें रोका और काफिला निकल जाने के बाद भीड़ को अनियंत्रित छोड़ दिया। जिससे महिलाएं और बच्चे एक-दूसरे पर गिरने लगे। यह देखकर सभी वहां से जल्दी निकल लिए। विवेचना में आया कि यह लोग पुलिस-प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे और उनके साथ अभद्रता करते थे। मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर 1 लाख का इनाम घोषित किया गया है।

### आईजी बोले, अभी पूरे मामले की जांच चल रही

आईजी शलभ माथुर ने कहा- अभी पूरे मामले की विवेचना चल रही है। मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर की तलाश की जा रही है। उस पर 1 लाख का इनाम घोषित कर दिया है। उसकी तलाश में कई टीमें लगाई गई है। भोले बाबा को लेकर उन्होंने कहा कि मुकदमे की विवेचना चल रही है। भोले बाबा का नाम अभी मुकदमे में नहीं है। परमिशन भी भोले बाबा के नाम से नहीं ली गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पूरे मामले में लापरवाही बरती या नहीं, इसकी जांच के लिए शासन स्तर से न्यायिक आयोग का गठन किया गया है।

### आईजी बोले, हाथरस के 19 और मथुरा के 18 लोगों की मौत

हाथरस के 19, बदायूं के 6, ललितपुर 1 कासगंज के 10, आगरा के 18, एटा 10, बुलंदशहर में 1, अलीगढ़ के 17 , शाहजहांपुर के 12, फिरोजाबाद के 1, मथुरा के 11, औरैया 2, पीलीभीत के 2, संभल के 2, लखीमपुर के 1, उन्नाव के 1 गाजियाबाद के 1, ग्वालियर के 1,मुरैना के 1, पीलीभीत 2, ग्वालियर के 1, पलवल के 1, फरीदाबाद के 4, डीह के एक व्यक्ति की जान गई है।

### चरण की धूल लेने के दौरान भगदड़ मची: आईजी शलभ माथुर

शलभ माथुर ने बताया- सेवादार चंदा इकट्ठा करते हैं। इसके बाद कार्यक्रम कराते हैं। ब्लैक कमांडो भी उनके साथ चलते हैं। चरण की धूल लेने के दौरान भगदड़ मची थी। सेवादारों ने भक्तों को रोका, तो बच्चे गिर गए। इससे भगदड़ मची। सेवादार वीडियो बनाने से रोकते थे। मुख्य आरोपी मधुकर पर एक लाख का इनाम दिया गया है। कहीं यह साजिश तो नहीं, इसकी जांच की जाएगी।

### वकील बोले, पैर छुआने में विश्वास नहीं रखते नारायण हरि

वकील एपी सिंह ने कहा कि भोले बाबा पैर छुआने में विश्वास नहीं रखते हैं। ऐसा कोई फोटो या वीडियो आज तक सामने नहीं आया। इसलिए यह बात बेबुनियाद है कि उनकी चरणों की धूल लेने के चलते यह घटना हुई है। बाबा के पास अपने कोई प्राइवेट गार्ड या फिर प्राइवेट आर्मी जैसी चीज नहीं है। उनके सेवादार ही उनके पास रहते हैं। सेवादारों में से किसी ने भी आमजनों के साथ धक्का- मुक्की नहीं की। ऐसा करने वाले अराजक तत्व हैं, जिनकी पहचान करनी जरूरी है। नारायण हरि उर्फ भोले बाबा के वकील एपी सिंह गुरुवार को अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा-यह सिर्फ हादसा है, जो अराजक तत्वों के कारण हुआ है। इस मामले की जांच एसआईटी कर रही है। भोले बाबा कहीं भागे नहीं हैं वह यूपी में ही हैं। जब भी जांच टीम को उनकी जरूरत होगी और उन्हें बुलाया जाएगा। वह आ जाएंगे। एपी सिंह ने कहा कि बाबा के पास कोई आश्रम नहीं है। वह किसी से चंदा नहीं लेते हैं। न ही चढ़ावा स्वीकार करते हैं। पुलिस की नौकरी से वीआरएस लेने के बाद उन्हें जो पेंशन मिलती है, उसी से गुजारा करते हैं। हाथरस में हुई भगदड़ के बाद भोले बाबा ने एपी सिंह को अपना वकील नियुक्त किया है। इसके बाद वह गुरुवार को घायलों से मिलने अलीगढ़ पहुंचे थे।

### न्यायिक आयोग का गठन, 2 महीने में सौंपेगा रिपोर्ट

योगी सरकार ने हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाया है। इसकी अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बृजेश कुमार श्रीवास्तव करेंगे। रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड आईजी भवेश कुमार सिंह आयोग के सदस्य हैं। टीम 2 महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सुझाव भी देगी।

### पुलिस ने 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया

हाथरस हादसे में पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह सभी भोले बाबा से जुड़े हुए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस की टीम सेवादारों की तलाश में हाथरस, एटा, कासगंज, मैनपुरी, इटावा फर्रूखाबाद, मथुरा, आगरा, मेरठ में छानबीन कर रही है। घटनास्थल से सटे गांवों में भी पुलिस सेवादारों की तलाश कर रही है। पुलिस ने 100 से अधिक लोगों का कॉल डेटा रिकॉर्ड भी खंगाला है।

### आयोजकों पर मुकदमा गलत, कोर्ट में करेंगे पैरवी

एपी सिंह ने कहा कि आयोजकों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। यह गलत है, क्योंकि आयोजकों की ओर से कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उन्होंने 80 हजार की अनुमति ली थी, लेकिन भीड़ अनुमान से कहीं ज्यादा पहुंच गई। इस दौरान अराजक तत्वों ने इसका फायदा उठाया और यह हादसा हो गया।

### मंत्री धर्मवीर प्रजाप्रति ने कहा-दोषी कितना भी ताकतवर हो, बचेगा नहीं

गुरुवार को प्रदेश के होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति हाथरस के जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल पूछा। मीडिया से बातचीत में कहा-घटना दुखद है। इसमें जो भी दोषी होगा, वह बचेगा नहीं, चाहे कितना भी ताकतवर हो।

### सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा-प्रशासन की असफलता से हुआ हाथरस कांड

अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने हाथरस की घटना पर कहा- यह दुखद घटना है, ऐसा होना नहीं चाहिए था। जब अनुमति से ज्यादा लोग आ रहे थे तो इंतजाम भी उसी तरह के होने चाहिए थे। लेकिन वह नहीं हुआ, यह प्रशासन की भी असफलता थी। जिन लोगों की जान गई, उनके प्रति हम संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं।

### अखिलेश बोले, भाजपा अभी कम हारी है, अब और सीट हारेंगे

हाथरस हादसे पर अखिलेश यादव ने कहा-बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। यह दुख की बात है। प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहते हैं। पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की है। जब कभी की इस तरह के आयोजन होते हैं तो भीड़ होती है। कभी-कभी आयोजकों को नहीं पता होता कि कितने लोग आएंगे। किसी भी आरोप लगाने से कोई लाभ नहीं मिलेगा। भाजपा अभी कम हारी है, अब और सीट हारेंगे।

## लखनऊ में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

पेपर लीक मामले को लेकर हल्लाबोल, पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में लखनऊ में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा घेरने का ऐलान किया है। हालांकि पुलिस ने बैरिकेडिंग करके प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इसकी वजह से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की भी हुई।

### कांग्रेस मुख्यालय से शुरू हुआ प्रदर्शन

यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि बीजेपी सरकार में देश और प्रदेश में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। सरकार ने वादा किया था रोजगार देने का, मगर पेपर लीक दे रही है। आज हमारे कांग्रेस के यूथ साथी युवाओं की आवाज उठाने के लिए विधानसभा जाने की कोशिश कर रहे थे पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की किया और सबको ज़बरदस्ती हिरासत में लिया गया। जानकारी के लिए बता दें कि लखनऊ के कांग्रेस मुख्यालय से यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम कार्यकर्ता विधानसभा घेरने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने बीच में ही बैरिगेटिंग लगाकर रोक लिया। तब प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस के द्वारा सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

**रिपोर्ट** सीएम ने की अपील, वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को 'मां के नाम' अवश्य लगाएं एक पौधा

# ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पीएम ने शुरू किया 'एक पेड़ मां के नाम' का अभिनव अभियान: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम के तहत अपने सरकारी आवास पर लगाया लाल चंदन का पौधा
- बोले, पीएम आवास योजना के हर लाभार्थियों को उपलब्ध करा रहे सहजन का पौधा
- प्रदेश की नर्सरियों में तैयार हुए 54 करोड़ पौधे, सहजन के भी 55 लाख पौधे उपलब्ध: सीएम
- आमजन से सीएम का आग्रह-पौध लगाएं और उसकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दें

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



### सीएम की अपील, 20 जुलाई को मां के नाम लगाएं एक पौधा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि प्रदेश की आबादी के अनुसार हर व्यक्ति वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में हमने 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे (पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरुद, शीशम, सागौन) आदि हैं।

देशवासियों को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पूरे देश में पीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का अभिनव आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में मैंने आज मुख्यमंत्री आवास पर पेड़ लगाया है। इस अभियान के लिए प्रदेशवासियों की ओर से पीएम का हृदय से आभार प्रकट करते हुए अभिनंदन करता हूं। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने सरकारी आवास पर पौधा लगाने के उपरांत उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बातें कहीं।

### सीएम ने सरकारी आवास पर लगाया लाल चंदन का पौधा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लाल चंदन का पौधा लगाया। सीएम ने सभी लोगों से भी इस अभियान के तहत पौधरोपण की अपील की।

### पूरे प्रदेश में चलाएंगे व्यापक पौधरोपण अभियान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलग-अलग वैरायटी के पौधे पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेशवासी वन महोत्सव के साथ-साथ वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर पर्यावरण की चुनौती का सामना करने के लिए आगे आएंगे, इस विश्वास के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम लखनऊ में किया गया है।

### महाभियान के तहत लगाएंगे 30-35 करोड़ पौधरोपण

सीएम योगी ने कहा कि इस महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। यह कार्यक्रम अभी से प्रारंभ है। 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण कर वृक्षारोपण महाभियान के महापर्व में हर कोई हिस्सा लेगा। इन पौधों की देखभाल हो सके, इसके लिए भी समय-समय पर कार्यक्रम चलेंगे। सीएम ने आग्रह किया कि जो व्यक्ति पेड़ लगाए, वह उसकी सुरक्षा भी करे।

### पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को उपलब्ध करा रहे सहजन का पौधा

सीएम योगी ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के घर पर नि:शुल्क सहजन का पौधे उपलब्ध करा रहे हैं। सहजन हर किसी के लिए बहुत उपयोगी है। इसकी फली की सब्जी या सूप के उपयोग से कुपोषण दूर हो सकता है। हम लोगों ने दो वर्ष पहले भी पीएम आवास योजना के हर लाभार्थी के घर पर सहजन का पेड़ लगाया था। यह अब काफी बड़े भी हो चुके हैं। इस बार फिर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। हमारे पास सहजन के लगभग 55 लाख पौधे हैं।

## शहर के मकानों पर न लगे विज्ञापन होर्डिंग: सीएम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- सेफ सिटी और स्मार्ट के डेवलपमेंट पर फोकस रखने के साथ ही नालों की सफाई का काम तेजी से करें

लखनऊ में सीएम योगी ने नगर विकास विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मंत्री एके शर्मा के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि शहर के घरों पर प्रचार के होर्डिंग्स न लगाए जाएं। सीसीटीवी डेवलपमेंट अच्छा है पर इसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में कहा कि नगर निगम की योजनाओं की निगरानी करें। जनता के जरूरी काम को समय से पूरा किया जाए। सेफ सिटी और स्मार्ट के डेवलपमेंट पर फोकस रखने के साथ ही नालों की सफाई का काम तेजी से करें ताकि जलभराव की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा की जनता को कहीं भी परेशानी न हो इसका खयाल हम सभी को रखना होगा। भविष्य में गाड़ियां तेजी से बढ़ेंगी इसलिए पार्किंग स्थलों को तेजी से डेवलप करना होगा। शहर में साफ-सफाई हो। सुंदरता बनी रहे इसके लिए शासन-प्रशासन और आम लोगों को मिलकर काम करना होगा।

## परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- ये तुगलकी फरमान, आदेश वापस नहीं हुआ तो आर-पार आंदोलन होगा: टीचर

यूपी के परिषदीय स्कूलों में 15 जुलाई से टीचर्स और स्टूडेंट्स को टैबलेट पर चेहरा दिखाकर हाजिरी (फेस रिकग्निशन सिस्टम) अनिवार्य होगी। अटेंडेंस और मिड-डे मील सहित कुल 12 रजिस्टर डिजिटल किए जाने हैं, इसको लेकर विभाग कोई लापरवाही बरतने के मूड में नहीं है। वहीं शिक्षक इसका विरोध भी कर रहे हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 15 जुलाई से डिजिटल अटेंडेंस लागू करने के आदेश दिए गए हैं। 1 जुलाई से ही इसे अप्लाई करने की बात कही गई थी। लेकिन 15 जुलाई से फेस अटेंडेंस न लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, शिक्षकों में रोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षक इसे तुगलकी फरमान बता रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षण कार्य के अलावा तमाम अन्य कार्य भी हैं, जिसका बोझ अफसर उन पर डाल रहे है। यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो फिर आर-पार आंदोलन करेंगे। वही अफसरों के मुताबिक स्कूलों को इसके लिए टैबलेट दिए गए हैं और सिम खरीदने व इंटरनेट की सुविधा के लिए बजट भी दिया जा चुका है। ऐसे में अब हर हाल में ये व्यवस्था लागू करनी होगी। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा- विभागीय सख्ती पर परिषदीय स्कूल के शिक्षक मुखर होकर अपनी बात रख रहे हैं। ऑनलाइन अटेंडेंस अव्यवहारिक है। शिक्षकों के साथ अनहोनी की संभावना बढ़ेगी। विभाग और सरकार को इसका विकल्प तलाशना चाहिए।

# बीएसए ने किया प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी के शर्मा ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय खुटहा एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटहा विकास खंड चित्रकूट का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में कार्यों की जानकारी लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने विद्यालय की कक्षाओं का अवलोकन करते हुए अध्ययरत बच्चों से सवाल-जवाब कर शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन के लिए प्रोत्साहित भी किया। इसके अलावा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने विद्यालय के कायाकल्प, नवीन नामांकन बढ़ाने के लिए प्रयास, शत-प्रतिशत बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, टाइम एंड मोशन, समय सारणी के अनुसार शिक्षण कार्य, स्कूल चलो अभियान, डीबीटी के लिए आधार वैलिडेशन, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वृक्षारोपण दीक्षा के माध्यम से सेल्फ स्ट्रीम प्रशिक्षण, पाठयपुस्तक वितरण, प्रधानाध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के नवीन निर्धारित उत्तरदायित्व सहित अन्य विषयों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्यांह भोजन योजना के अंतर्गत बने भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। जिला बेसित शिक्षाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित समस्त स्टाफ को शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने सम्बन्धित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक मध्यांह भोजन की गुणवत्ता तथा छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रमेश चंद्र पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीएम-एसपी ने अमावस्या मेले को लेकर की पुलिस बल की ब्रीफिंग

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को आषाढ़ मास की अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जोनल, सेक्टर, पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट के सभागार में ब्रीफिंग की गई।
इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जोनल, सेक्टर अपने पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके मेला में भ्रमणशील रहकर मेला को सकुशल संपन्न कराएगे। कहा कि आप सभी लोग जिम्मेदार अधिकारी हैं पूर्व में भी अमावस्या मेला को संपन्न कराया है यदि कोई समस्या मेले के दौरान आए तो तत्काल अवगत कराए, उसका निस्तारण कराया जाएगा। बरसात को देखते हुए सतर्क दृष्टि रखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में तैनात रहकर दायित्वों का निर्वहन करते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराए।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र को तीन जोन और 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी जोन व सेक्टर में मजिस्ट्रेट सहित पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। पर्याप्त मात्रा में मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस बल भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर और पुलिस अधिकारियों को हैंडसेट भी मुहैया कराया जाए और सभी अधिकारी हैंडसेट का प्रयोग करें। कहा कि सभी अधिकारी अपनी अपनी ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर मेला को सकुशल संपन्न करेंगे। उन्होंने मध्य प्रदेश के अधिकारियों से भी कहा कि पीली कोठी पर कोई भी वाहन न खड़ा होने पाए। इसके लिए अपने अधिकारियों को निर्देश अवश्य दें।
सभी पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी बरसात को देखते हुए रेनकोट की भी व्यवस्था करें। जिन लोगों की रामघाट पर ड्यूटी लगी है, वह सतर्क दृष्टि रखते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कैंपों एवं एम्बुलेंसों पर भी स्टेचर की व्यवस्था कराई जाए। पार्किंग स्थलों पर अगर पानी भरता है, तो सीतापुर से शिवरामपुर की सड़क पर पार्किंग की व्यवस्था सड़क के किनारे कराई जाएगी बैरियर में लगे लोग जो वाहन जहां तक जाने का प्रवेश है, वहां तक ही प्रवेश कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए विनम्रता पूर्वक व्यवहार करें। आप लोग अतिरिक्त सेवा भाव से कार्य करके मेला को सकुशल संपन्न कराए। इसके बाद जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर मेला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मध्य प्रदेश के अधिकारी सहित जोनल, सेक्टर पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी निवासी युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी निवासी शत्रुघन विश्वकर्मा 25 वर्ष पुत्र सुभाष विश्वकर्मा शादी के बाद से अपनी ससुराल उरई में रहता था। जहां पर वह अपनी सास व पत्नी से काफी परेशान रहता था। जब भी वह अपने गांव जाने की जिद करता था, तभी झगड़ा शुरू हो जाता था। इसको लेकर वह काफी तनाव में था, और उसने आए दिन गृहकलह से तंग आकर गुरुवार की सुबह ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को देखकर राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद सूचना उसके परिजनों को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता ने बताया कि उसके भरत व शत्रुघन दो बेटे हैं। जिसमे बड़ा बेटा दिल्ली अस्पताल में गार्ड की नौकरी करता है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी कीर्ति व मां पिता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कॉग्रेंसियों ने जताई नाराजगी



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कॉग्रेस कमेटी चित्रकूट के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कर्वी चित्रकूट को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि जिस प्रकार से प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा सदन में भाजपा के नकली हिंदू, भ्रष्टाचार, महंगाई, अग्निवीर, किसान, पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया है, उससे पूरी भाजपा तिलमिला उठी है और भाजपा के लोग पुलिस संरक्षण में हमारे नेता राहुल गांधी की फोटो जलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए अन्यथा कॉग्रेस पार्टी सड़कों में उतरकर आंदोलन करेगी। जिला उपाध्यक्ष रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि अगर सदन में युवा किसान, अग्निवीर, पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई व व्यापारी आम जनता के हितों आवाज उठाना अगर हिंदू विरोधी है, तो हमारे नेता जनता के हितों के लिए हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। कहा कि भाजपा नकली हिंदुवाद का नारा देकर असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। प्रशासन से कौंग्रेस पार्टी मांग करती है कि जिस तरह से विरोध प्रदर्शन के नाम पर हमारे नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। शिव गुलाम वर्मा ने कहा कि हमारे नेता की फोटो जलाने व फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो कॉग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए मजबूर होगी। जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र में जिस जनता ने भाजपा को चुना है, उसी जनता ने हमारे नेता राहुल गांधी भी को चुना है, अगर सदन में आम जनता के हितों की बात उठाना गलत है, तो कौंग्रेस पार्टी आम जनता के हितों के लिए हमेशा संघर्ष किया है और आगे भी करेगी। ज्ञापन के माध्यम से जिला कॉग्रेस कमेटी चित्रकूट मांग करती है की दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, कुलदीप मिश्रा, नीरू गुप्ता एडवोकेट, चुनवाद प्रसाद, महेंद्र निषाद, हरिओम पांडेय, वीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### करंट लगने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मैकेनिक नगर में विद्युत उपकरण को सही करते समय किसान की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काबिलपुरा निवासी लालजी सिंह 40 वर्ष पुत्र स्व. संतोष एक किसान था। जो बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाई कराने को लेकर शहर के मोहल्ला मैकेनिक नगर में परिवार के साथ रह रहा था। गुरुवार को वह अपने घर में लगा बिजली का बोर्ड सुधार रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक राजेश कुमार राय तथा उनकी टीम आरक्षी अतुल मिश्रा, नरेन्द्र कुमार व दिनेश यादव द्वारा चुनकानी निवासी दरसेड़ा थाना सरधुवा को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अवैध तेंदूपत्ता बरामद, गाड़ी सीज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रभागीय वनाधिकारी डॉ एन के सिंह ने बताया की बीती 30 जून को एक पिकअप गाड़ी से अवैध रूप से चोरी का तेंदूपत्ता ले जाते समय मडैयन ददरी मार्ग में गोडा मोड़ के पास पकड़ा गया था। वन अपराध में लिप्त पाए जाने पर मारकुंडी के क्षेत्रीय वनाधिकारी मोहम्मद नदीम, वन दरोगा विनोद कुमार कुशवाही व शिव गनेश द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। जिसमें भारतीय वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए बरामद पिकअप मडैयन पौधशाला में सीज करके खड़ा करा दिया गया है।

# शासन की योजनाओं का जनता के मध्य हो प्रचार-प्रसार : डीएम

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



नीति आयोग के 6 सूचकांकों को पूरा करने के उद्देश्य से बीती एक जुलाई आगामी 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान का गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत खुटहा से शुभारंभ किया।
जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नीति आयोग के छह सूचकांको पर भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र जनता तक पहुंचाने के लिए कार्य करना है। चित्रकूट आकांक्षात्मक जिला है, जहां पर बच्चे स्वस्थ रहें, पढ़ाई भी अच्छी रहे, आर्थिक स्थिति पर सुधार हो ऐसी सभी योजनाओं का गांव में अभियान चलाकर कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी कहा है कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को प्रचार-प्रसार कर लाभ दिलाए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि नीति आयोग के छह सूचकांकों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनपद स्तर एवं विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिनमें टीकाकरण से इंकार करने वाले बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर ही टीकाकरण कर सम्मानित करना, हाइपरटेंशन तथा डायबिटीज चेकअप कैंप का आयोजन, जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम, उपयुक्त स्वतः रोजगार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आरएफ/सीआईएफ की धनराशि उपलब्ध कराए जाने का प्रमाण पत्र वितरण, कृषि विभाग द्वारा स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण एवं पंचायती राज विभाग द्वारा साफ-सफाई अभियान कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने ग्राम की महिलाओं से कहा कि इन कैंपों में सभी लोग समय से अपना स्वास्थ्य चेकअप कराए तथा अपने बच्चों का भी टीकाकरण कराए।
मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि आप सभी के अच्छे जीवन के लिए स्वास्थ्य जरूरी है, इसके लिए आप सभी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। कहा कि गर्भवती महिलाएं अपनी जांच अवश्य करवाए ताकि बच्चा स्वस्थ पैदा हो, बच्चों के पैदा होने के बाद 5 साल तक टीकाकरण अवश्य कराएं तथा जो लोग अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं कराते हैं, उनको भी प्रेरित करके टीकाकरण कराए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक आप लोग लाभ उठाएं। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने अमृत सरोवर तालाब पर पौधारोपण भी किया।
इसके बाद जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं रिंकू देवी, रामप्यारी, चिंता देवी को सीसीएल कैश क्रेडिट लिमिटेड स्वीकृति चेक, कमलेश कुमार, रामलाल, राममिलन, मैयादीन, राजरानी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संपूर्ण टीकाकरण में कार्तिक, रोहित, सिवांश, आशीष एवं गर्भवती महिलाओं में संगीता अनीता को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट, रुचि, कार्तिक, राघव को अन्नप्राशन एवं प्रियंका, पुष्पा की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया।
कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि राजकुमार, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वी के शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बारिश के मौसम में गौशाला में मवेशियों को नहीं होनी चाहिए दिक्कतें



**जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के तत्वाधान में गुरुवार को ग्राम प्रधानों, शिक्षकों एवं आशा कार्यकत्रियों के बीच संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सालय अधीक्षक डॉ हारून ने डायरिया के लक्षण, प्रकार व उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बीसीपीएम शील निधि खरे व बीएमसी यूनिसेफ कुलदीप तिवारी ने डायरियों में ओआरएस एवं जिंक की उपयोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि साफ-सफाई एवं हैंडवाश के जरिए डायरिया में काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए बीती एक जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरु हो चुका है। साथ ही आगामी 11 जुलाई से दस्तक अभियान भी प्रारंभ होने जा रहा है। खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा ने कहा कि ग्राम पंचायतों में गौशालाओं की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर लें। गौवंशों के गोबर और पानी की व्यवस्था की ली जाए ताकि बारिश के मौसम में गौशाला के अंदर गौवंशों को दिक्कत न हो। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी चंद्रभूषण यादव, एआरओ रामसेवक यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी विनय सिंह, वीपीएम धर्मवीर सिंह, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात कुमार पाण्डेय, रामबाबू त्रिपाठी व भागवत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# किसान सम्मान निधि से पहले अब किसान रजिस्ट्री

**जन एक्सप्रेस। हमीरपुर**

उप कृषि निदेशक हमीरपुर हरिशंकर भार्गव ने बताया की एग्रीस्टैक अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जानी है, जो 08 जुलाई से 31 जूलाई 2024 तक गावं-गावं में लेखपाल जाकर सर्वे कर कृषकों का डाटा पोर्टल पर भरेगे। फार्मर रजिस्ट्री होने से कृषकों को फसली ऋण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्बर फण्ड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने में सुगमता होगी। फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी। इसके साथ साथ आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषकों को क्षति पूर्ति हेतु कृषकों के चिन्हांकन में सुगमता होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हो सकेगा। कृषकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का लाभ वितरण करने में सुगमता होगी और लाभार्थी के बार-बार सत्यापन आवश्यक नहीं होगा। कृषकों को समय से वांछित परामर्श, विभिन्न संस्थाओं द्वारा कृषकों से सम्पर्क के अवसर में वृद्धि के साथ साथ नवोन्मेषी कार्यक्रमों के विस्तार में सफलता प्राप्त होगी। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने में कृषकों की निम्न बिन्दुओं पर सूचना भरी जायेगी कृषक का नाम, पिता का नाम, मोबाइल नम्बर, आधर संख्या का अन्तिम चार डिजिट, सहमति का विवरण, राजस्व ग्राम का नाम (एल0जी0डी0 कोड सहित), तहसील, जनपद, खसरा व गाटा संख्या, क्षेत्रफल, अंश निर्धारण, पी0एम0 किसान का स्टेटस। किसान भाईयों को अवगत कराना है कि जिस किसान भाई की फार्मर रजिस्ट्री तैयार नहीं होगी, उसको पी0एम0 किसान योजना की अगली किस्त प्राप्त नहीं होगी।

### युवक ने रेलिंग पर चढ़कर यमुना नदी में लगाई छलांग, मछुआरों ने बचाई जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के यमुना नदी की रेलिंग पड़कर युवक ने नदी में छलांग लगा दी। नदी में मौजूद मछुआरों ने सूचना पुलिस को देते हुए उसे बचाया और उसे सीएससी में भर्ती करवाया।
कालपी के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी महेंद्र चौधरी 30 वर्ष गुरुवार की सुबह नगर के यमुना पुल पर पहुंचा और उसने पुल की रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने युवक को नदी में गिरता देखा और तत्काल नदी में कूदकर युवक को डूबने से बचा लिया। मछुआरों ने उसे नदी से बाहर निकाला और सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई राजेश सिंह ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। फिलहाल युवक ने नदी में कूदने का कारण बताने से इंकार कर दिया।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की फोटो जलाये जाने को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। उरई**



कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की फोटो जलाये जाने की घटना को लेकर एवं नेट परीक्षा में अनियमितताओं और पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हेमंत पटेल को सौंपा। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद लोकसभा के अलावा विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ससंद में भाजपा की नकली हिन्दुत्व का पर्दाफाश किया एवं भ्रष्टाचार सहित नीट-यूजी की परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर उनका झूठा चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया है। अपने झूठ का खुलासा देखकर ये भाजपाई तिलमिला गए और इन्होंने हमारे नेता की फोटो को पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में जलाने की नाकाम कोशिश की। इनके भय का आलम यह था कि इन लोगों ने पुलिस के संरक्षण में जाकर वाराणसी जनपद में राहुल गांधी की फोटो को जलाने की कोशिश की। अपने संरक्षण में रखकर विपक्ष के नेता की फोटो जलानें की यह घटना अत्यंत निंदीय है एवं स्वच्छ राजनीति के विपरीत है और यह जांच व हमारी सुरक्षा का विषय है। इस मौके पर फैजानुल हक, अरविन्द सिंह सेंगर, मजहर खान, अमित पाण्डेय राजेश प्रजापति, शशि चौहान सीताराम, वर्मा कमल दोहरी, शुभेन्द्रसिहं, शेरसिंह सहित आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर में घुसकर वृद्ध की नृशंस हत्या से गांव में सनसनी

**जन एक्सप्रेस। सुमेरपुर (हमीरपुर)**

कस्बे के एक घर में घुसकर वृद्ध की नृशंस हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस, फोरेसिंक टीम और डॉग स्क्वायड ने जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। भरुआ सुमेरपुर कस्बे के वार्ड नंबर तीन में घर के अंदर घुसकर वृद्ध की हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई है। पत्नी के तड़के जगने के बाद हत्या की जानकारी हुई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।
मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद एसओ से घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी धनीराम (55) पुत्र जागू वर्मा करीब तीन दशक पूर्व गांव से आकर कस्बे के वार्ड नंबर तीन में घर बनाकर रहने लगा था। बुधवार की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर हत्या कर दी। पत्नी उमा ने बताया कि रात में खाना खाकर वह कमरे में सो गए थे। सामने वाले कमरे में पुत्र धर्मेंद्र कुमार लेटा था। रात में गर्मी अधिक होने के कारण वह छत पर जाकर सो गई। सुबह करीब 4:00 बजे जब वह नीचे कमरे में आई तो पति का शव लहूलुहान हालात में पड़ा मिला व पुत्र धर्मेंद्र गायब मिला। इस पर उसने बगल में रह रहे अपने बड़े पुत्र सुनील कुमार को जानकारी दी। इस पर सुनील कुमार ने मौके पर आकर पिता के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेने के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा व सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी एकत्र की। साथ ही फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। बड़े पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। घटना के बाद उसका छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार घर से गायब है। इस पर उसने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं घटना के बाद धर्मेंद्र कुमार के घर से गायब होने पर पुलिस की शक की सुई उसकी तरफ घूम रही है।
परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी उमा देवी पुत्र सुनील कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार व पुत्री रजनी व अंजनी को रोता बिलखता छोड़ गया है। सुनील ने बताया कि भाई राजकुमार व अमित कुमार परदेश में रहकर मेहनत मजदूरी करते है। बहनों की शादी हो चुकी है।

### आंधी में टूटे बिजली के पोल, किसान ने नए विद्युत पोल लगाने की मांग की

**जन एक्सप्रेस/सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम पुरैनी गांव निवासी देवीदीन, कुंवरलाल, जयपाल, भानुप्रताप आदि ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आंधी में टूटे नलकूप के पोल बदलने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मई माह में तेज आंधी के चलते उनके नलकूप के विद्युत पोल टूटकर गिर गए थे। स्थानीय विद्युत विभाग कार्यालय में शिकायत करने के बाद भी एक माह बीत जाने पर अभी तक उनके नलकूप में टूटे विद्युत पोल नही बदले गए। बताया कि गांव के जानवर प्यास से व्याकुल होकर इधर उधर भटक रहे हैं। इसके साथ साथ मूंग गन्ना अन्य फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जो किसानो के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आंधी में टूटे हुए विद्युत पोल के स्थान पर नए खंभे लगवाए जाने की मांग की है।

# खरीफ उत्पादकता गोष्ठी व एक दिवसीय किसान मेला का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। उरई**



कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना तहत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं एक दिवसीय किसान मेला राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।
जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान कृषि विविधीकरण अपनाते हुए कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्रों, पशुपालन, मत्स्य पालन, श्री अन्य (मिलेट्स) के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य बिना रासायनिक खाद का प्रयोग करते हुए अन्य उत्पादन बढ़ाने हेतु बल दिया। जिससे कम लागत में स्वास्थ्य वर्धक अनाज की पैदावार हो सके और मानव जीवन सुरक्षित एवं स्वस्थ रहे। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे कृषकों तक पहुंचा जा रहा है। साथ ही किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण भी कराया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों से निरंतर संवाद बनाए रखें और निर्धारित रोस्टरनुसार बिजली, नहरों में पानी, तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहें। किसानों की सिंचाई, बिजली आदि की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा। जनपद में पर्याप्त खाद, बीज उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में पीपल, बरगद, नीम व पाकड़ आदि छायादार पौधे लगाए जाएंगे। कृषकों से पौधों के पालन पोषण व संरक्षण संवर्धन के लिए आवहान किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने एक दर्जन से अधिक कृषकों को निशुल्क मिनी बीज किट वितरित की गई। इस अवसर पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, कृषि उप निदेशक एसके उत्तम, कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, बलराम लंबरदार, रामराज आदि सहित कृषक मौजूद रहे।

# माफियाओं पर कहर बनकर टूट रहे के.डी.ए. के बुलडोजर बाबा सत शुक्ला

- सील किए गए अवैध निर्माणों का कब करेंगे ध्वस्तीकरण ?
- करोड़ों रुपए के राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर कब गिरेगी सरकार की गाज?





जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** गुरुवार को अपनी विख्यात ख्याति के अनुरूप कार्य करने वाले कानपुर विकास प्राधिकरण के बुलडोजर बाबा के रूप में चर्चित शुक्ला की अगुवाई में उपाध्यक्ष के निर्देश पर न अवैध प्लाटिंग पर जमकर प्राधिकरण का बुलडोजर चला और थोड़ी ही देर में बहुत कुछ तहस-नहस कर डाला।
कानपुर विकास प्राधिकरण के जनसंपर्क अधिकारी शशि भूषण राय द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुरूवार 04 जुलाई 2024 को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश के क्रम में जोन-02 के अन्तर्गत आराजी संख्या 610, 611, 612, 613, 614, 615, एवं 616 चकरपुर, कानपुर नगर में विशेष कार्याधिकारी सत् शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। बताया कि राजेश सिंह, रमेश सिंह व अन्य, प्रबन्धक श्री मॉ पीताम्बरा, रॉयल सिटी प्रा0 लि0 आराजी संख्या-610, 611, 612, 613, 614, 615, एवं 616 चकरपुर, कानपुर पर लगभग 14.00 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। स्थल पर निर्मित बाउण्ड्रीवाल, नालियॉ, रास्ते, बिजली के खम्भें आदि ध्वस्त कराये गये। दोषियों के विरूद्व परीक्षणोंपरान्त एफ0आई0आर0 दर्ज कराने की कार्यवाही भी प्रक्रियाधीन है। इस दौरान ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान विशेष कार्याधिकारी सत् शुक्ला, क्षेत्रीय सहायक अभियन्ता जे0एन0 पाण्डेय, के0डी0ए0 प्रवर्तन दल, पूर्व सैनिक बल, थाना पनकी तथा अन्य थानों का पुलिस बल, पी0ए0सी0 बल, फायर बिग्रेड आदि उपस्थित रहे। कार्यवाही में 05 बैकहो लोडर (जे0सी0बी0 मशीने) क्रियाशील रही।

### सील अवैध निर्माणों पर कब गरजेगा प्राधिकरण का बुलडोजर

कानपुर विकास प्राधिकरण के नवागंतुक उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के द्वारा चार्ज संभालने के बाद ही अवैध निर्माण के विरुद्ध सभी जोनों में जमकर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कराया गया है। दर्जनों बिल्डरों के द्वारा सरकारी सील को 24 घंटे के अंदर तोड़कर उसमें अभी भी कार्य जारी रखा गया है। जिनमे सबसे ज्यादा सील जोन एक में तोड़ी गई है। लोगों को अब इंतजार इन अवैध निर्माण के ध्वस्त होने का है जिन्हें सील किया गया था। अब देखना यह होगा कि योगीराज में इन अवैध निर्माणों पर कब प्राधिकरण का बुलडोजर गरजेगा।

### करोड़ों रुपए के राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले कब होंगे बर्खास्त

ज्ञातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक, दो, तीन और चार में प्रवर्तन का कार्य भार को देख रहे अवर अभियंताओं और उनके बड़े साहबों ने खूब जमकर अवैध और मानक विहीन निर्माण करने वालों को छूट दे रखी थी। जिसके चलते बिल्डरों ने रेजिडेंशियल नक्शों में कमर्शियल इमारतें तैयार कर खूब मोटी रकम कमाई, जब इन बिल्डरों ने अपनी जेबें भारी है तो आप समझ सकते हैं कि जिम्मेदारों को मुंह मोड़ने का नजराना क्यों नहीं सुविधा शुल्क के रूप में मिला होगा। सबसे ज्यादा अतिरिक्त तल और अवैध तथा मानक विहीन निर्माण अवर अभियंता अरविंद उपाध्याय और जे एन पांडे के क्षेत्र में हुए हैं। योगीराज की सरकारी सील भी इन्हीं दोनों के क्षेत्र में सबसे ज्यादा टूटी हैं। जॉली नाम के बिल्डर ने तो आज तक नक्शा ही नहीं पास कराया अरविंद उपाध्याय से सांठ गांठ करते हुए सील बिल्डिंग में अतिरिक्त डाल लिया था। डाक्टर गुणाकेश शर्मा जैसे अपर सचिव वर्षों से यहीं पर जमे हुए हैं जबकि इनके विरुद्ध पहले भी गंभीर आरोप लगाते हुए जांचे हो चुकी हैं। बीते दिन उपाध्यक्ष ने इन सभी के कार्य क्षेत्र में बदलाव भी किए हैं। लेकिन क्या इन सभी के कार्य क्षेत्र में बदलाव करके जो राजस्व को क्षति पहुंची थी उसकी पूर्ति कर ली गई है, अगर नहीं तो इन सभी राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की बर्खास्तगी कब होगी इसका इंतजार जन एक्सप्रेस और जनता दोनों को है।

# विनय कुमार पाठक को दोबारा मिली कुलपति पद की जिम्मेदारी



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा गुरुवार को आदेश जारी कर दूसरा कार्यकाल प्रदान करते हुए उन्हें तीन साल के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो. पाठक ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए गुरुवार को जॉइन किया। विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ अकादमिक भवन में प्रो. पाठक के दोबारा कुलपति बनने की खुशी में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी डीन, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं पूर्व छात्रों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत करने के साथ ही विश्वविद्यालय में उनके द्वारा लिए गए विकासपरक कार्यों के लिए उनका आभार जताया। प्रो. पाठक के कार्यकाल में ही सीएसजेएमयू को नैक ए प्लस प्लस, यूजीसी कैटेगरी 1 का दर्जा भी हासिल हुआ है। दूसरे कार्यकाल के लिए जॉइन करने के बाद कार्यक्रम में प्रो. पाठक ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों के कारण ही विश्वविद्यालय ने विकास के क्षेत्र में कदम आगे बढ़ाए हैं। हमारी कोशिश है कि यह और तेजी से अकादमिक क्षेत्र में बेहतरी के लिए प्रयासरत हों। उन्होंने कहा कि हम एनआईआरएफ और क्यूएस रैंकिंग के लिए भी खुद का तैयार रखें। उन्होने सभी का धन्यवाद देते हुए भविष्य में विश्वविद्यालय हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया व अपने पहले कार्यकाल के लिए विश्वविद्यालय परिवार के हर सदस्य का आभार जताया। इस अवसर पर हुए कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, डायरेक्टर सीडीसी प्रो आरके द्विवेदी, सभी डीन, डायरेक्टर, प्रभारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जल्द ही मिलेगा नया प्लेटफार्म

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी इनक्यूबेशन और कृषि नवाचार को व्यापक रूप से अपनाने हेतु प्रोत्साहन विषयक एक कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित कुलपति सभागार में शुक्रवार दिनांक 5 जुलाई को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्टार्टअप चयन और इनक्यूबेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक, एफपीओ, केवीके प्रभारी एवं अध्यक्ष तथा विभिन्न स्टार्टअप के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके कृषि नवाचार विचारों को नई गति प्रदान करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा जल्द ही नया प्लेटफार्म मिलेगा। निदेशक शोध डॉ. पी के सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम अंसर्ट एंड यंग टेक्निकल सपोर्ट इकाई कृषि विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम में कई एफपीओ एवं पांच से अधिक स्टार्टअप सहित 60 से अधिक लोगो के प्रतिभाग करने की संभावना है।

# हल्की बारिश ने कई क्षेत्रों में पैदा कर दी है मिनी गंगा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हल्की बारिश ने कानपुर नगर निगम की मानसून की तैयारी की पोल खोल दी है। हर साल की तरह इस बार भी कल्याणपुर के इंदिरा नगर,गोवा गर्डन, आवास विकास नंबर एक सहित कई जगहों पर घरों में बारिश का पानी घुस गया है। जिसके चलते नालियों में भरा कचरा और सीवर की गंदगी लोगों के घरों तक पहुंच गई। घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी साथ साथ नगर निगम नाराजगी भी देखने को मिल रही है।
बताते चलें कि बुधवार देर रात से शुरू हुई बारिश गुरुवार सुबह तक रुक रुक कर होती रही। जिसके चलते कल्याणपुर के इंदिरा नगर, गोवा गर्डन, आवास विकास नंबर एक सहित कई जगहों पर जल भराव की समस्या का सामना आम लोगों को करना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना कल्याणपुर के वार्ड 17 में देखने को मिला जहां पर लोगों के घरों में पानी भर गया। जिसके कारण घरों में रखा सामान पानी में तैरता हुआ नजर आया। सामान को बचाने के लिए लग घर से सामान निकलते हुए भी नजर आए। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों में नगर निगम के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सिर्फ कागजों में यहां पर सफाई हुई है। और अगर शिकायत करो तो कोई सुनने वाला नहीं है। अभी तो बारिश की शुरुआत हुई है और अगर हालात यही रहे तो हम लोगों के यहां से कहीं और बरसात भर के लिए पलायन करना पड़ेगा। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि अभी भी वक्त है नगर निगम को वार्ड- 17 की तरफ ध्यान देना चाहिए और यहां की नालियों की सफाई की उचित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि हम लोगों को बरसात में कहीं और न जाना पड़े।
वही ओम टावर के बेसमेंट में बनी मीट न ग्रेट इवेंट्स एंड फोटोग्राफी के ऑफिस में पानी भर गया जिसके चलते ऑफिस के अंदर का सामान पानी में तैरने लगा। ऑफिस के कर्मचारी व अभिषेक मिश्रा ने बताया कि देर रात से हो रही बारिश के चलते ऑफिस में पानी भर गया। ऑफिस के अंदर का सारा सामान खराब हो चुका है। जिसके चलते लगभग 15 से 16 लाख रुपए का सामान खराब हो गया है। उन्होंने कहा कि समय रहते अगर नगर निगम नालियों की सफाई करवा देता तो शायद उनका नुकसान नहीं होता।

# कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष के घर पर हुए हमले का किया विरोध, भेजा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विगत दिनों सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा नकली हिंदुत्व, नीट - यूजी 2024 परीक्षा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार एवं पेपर लीक का मामला उठाकर उनका झूठा चेहरा देश के सामने उजागर किया अपने झूठ का खुलासा देखकर यह भाजपाई तिल मिला गए और इन्होंने हमारे नेता की फोटो को पुलिस व प्रशासन के संरक्षण में प्रदेश अध्यक्ष के घर वाराणसी में जहां उनके परिवार के लोग रहते हैं के सामने जाकर जलाने की नाकाम कोशिश की।
शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी एवं लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा और प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियावादी के द्वारा राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय में एसीएम अतिरिक्त सत्य प्रकाश को देने के पश्चात प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि जब राहुल गांधी सदन में नियम अनुसार सभी धर्म के बारे में व्याख्या कर रहे थे की कोई भी धर्म हिंसा और नफरत की अनुमति नहीं देता है और हिंदू धर्म जिसमें हिंसा की कोई जगह ही नहीं है लेकिन भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस 24 घंटे लगातार 10 सालों से नफरत और हिंसा परोस रहे हैं जब सच्चाई सदन में बोली गई तो भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता तिल मिलाकर और अपनी फजीहत होते देख कर फिर से धर्म की आड़ में छिपने लगे और झूठ बोलकर फिर एक बार हिंसा और नफरत को परोसने लगे। यह कहकर कि राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का अपमान किया है शायद इसी तरह के कार्यों को देखकर अयोध्या में उनकी हार हुई ।
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, पदम मोहन मिश्रा, नरेश त्रिपाठी, श्याम देव सिंह, हरीश गुप्ता, गुफरान अहमद चांद, विनय पांडे, डब्बू दीक्षित, शकील मंसूरी, अजय त्रिपाठी, आसिफ इकबाल, रमाकांत मिश्रा, अशोक वर्मा, अब्दुल तारिक, अफरोज आलम विशाल सोनकर तनवीर खान मंटू, मुकेश वाल्मीकि, रूपा, सुषमा पंत, पिंटू कुरील, गणेश चौधरी, मेराज अहमद आदि शामिल रहे।


# सब्जी व्यापारी से लूट के बाद लुटेरों ने मारपीट कर किया घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



सचेंडी थाना क्षेत्र के गंभीरपुर निवासी नागेंद्र प्रताप चकरपुर मंडी में सब्जी का व्यापार करते हैं। बुधवार देर रात 12 बजे वह मंडी से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह भौंती गौशाला के पास पहुंचे, रास्ते में खड़े दो युवकों ने उनकी साइकिल रोककर उनका गिरा दिया और मुंह दबाकर मारपीट की। जिससे उनके सिर में चोट आई और वह बेहोश हो गए। नागेंद्र का आरोप है कि युवकों ने उनके पास पड़े तीस हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। काफी देर बाद होश आने पर वह किसी तरह गंभीरपुर स्थित घर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों को दी। नागेन्द्र ने गुरुवार को सचेंडी थाना में तहरीर दी।
एसीपी पनकी श्वेता कुमारी ने बताया कि पीड़ित के बताने के अनुसार मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अग्निकांड मामले में मिली सजा के बाद इरफान सोलंकी की हाई कोर्ट से गुहार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी ने एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 से हुई सजा के मामले में हाई कोर्ट प्रयागराज में जरिए अधिवक्ता अपील दाखिल करवाई गई है। इन दोनों के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय अब इनका पक्ष हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति के सामने रखेंगे।
आपको बताते चले कि बीती आठ नवम्बर 2022 को जाजमऊ कोतवाली में नजीर फातिमा नाम की बुजुर्ग महिला की तहरीर के आधार पर सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत 50 अज्ञात लोगों पर कोतवाली जाजमऊ में आगजनी की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी ने जांच आगे बढ़ाते हुए इसमें कई अन्य धाराओं को भी शामिल किया था। मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में हुई थी। बीती 7 जून 2024 को विधायक इरफान सोलंकी उसके भाई रिजवान सोलंकी हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान, मोहम्मद शरीफ, और हिस्ट्रीशीटर इसराइल आटा वाले को कोर्ट के द्वारा 7 साल की सजा सुनाई गई थी और जुर्माना भी लगाया गया था।
लोगों का कयास है कि विधायक इरफान सोलंकी की सीट पर पुनः उपचुनाव हो सकते हैं। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के द्वारा अभी इस विधानसभा को मुक्त घोषित नहीं किया गया है। वहीं अब हाई कोर्ट में अपील दाखिल होने के बाद कानूनी जानकारों का कहना है कि शायद अब उपचुनाव टल जाए लेकिन अभी यह भविष्य के गर्भ में छुपा है कि कोर्ट अपील पर निर्णय क्या देती है।

# दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने पार की नकदी

- शटर तोड़कर चोर गुल्लक में रखी नगदी लेकर फरार हो गए

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र इलाके में बुधवार की रात आवास विकास - 3 में एक परचून की दुकान का शटर तोड़कर चोर गुल्लक में रखी नगदी लेकर फरार हो गए। वही गुरुवार की सुबह पड़ोसी की नजर टूटे शटर पर पड़ी तो दुकानदार व पुलिस को फोन कर सूचन दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।
थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि गुरुवार को करीब सुबह 8ः30 बजे सूचना प्राप्त हुई की सर्वेश बिश्नोई की शिव मंदिर के पीछे जो दुकान है। उसमें अज्ञात चोर के द्वारा शटर उठाकर चोरी कर ली गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान दुकान मालिक सर्वेश बिश्नोई द्वारा बताया गया कि परचून दुकान के शटर को उठाकर उसकी गुल्लक में रखे करीब 2-3 हजार रुपए निकाल लिए हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा जा रहा रहा है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सर्राफा कारोबारी संग लाखों की टप्पेबाजी, आरोपी गायब

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना कलेक्टरगंज स्थित पीपल वाली कोठी सर्राफ बाजार में एक सर्राफा कारोबारी से अहमदाबाद की कंपनी का मालिक होने का झांसा देकर लाखों रुपए की टप्पेबाजी को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पीड़ित सर्राफा कारोबारी कैमरे पर कुछ भी बोलने से मना करते हुए पुलिस से लिखित शिकायत करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक नयागंज स्थित सर्राफा बाजार पीपल वाली कोठी में तीसरे खंड पर महेश चंद्र एंड संस के नाम से प्रतिष्ठान है और सोना चांदी बेचने का कारोबार किया जाता है। सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया है की उनकी मार्केट में महेश चंद एंड संस के नाम से सर्राफा कारोबारी है जिनके पास एक गुजरात अहमदाबाद की कम्पनी का अपने आप को व्यापारी बता कर कुछ माल खरीदने की बात कही और अपने आदमी को माल लेकर सीसामऊ आने के लिए कहा। ओनर ने अपना एक कर्मचारी माल लेकर तय स्थान पर भेजा। कारोबारी से मुलाकात कर माल उनको दे दिया और 26 लख रुपए कैश में लेकर कर्मचारी वापस आ गया।

# निदेशक डॉ वर्मा का पहला साल, हल किए कई सवाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रदेश के सबसे बड़े हृदय रोग के अस्पताल हृदय रोग संस्थान के निदेशक के पद पर विगत एक वर्ष से सेवारत डॉ. राकेश वर्मा ने अपनी चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही प्राशसनिक क्षमता के सहारे, जिस ढंग से संवारा है उसका भरपूर लाभ नगर के अन्य चिकित्सकीय संस्थानों को भी प्राप्त हो रहा है।
विदित हो कि इस प्रदेश के हृदय रोगों के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठित शल्य चिकित्सक प्रोफेसर डॉ. राकेश वर्मा को नगर के जाने माने हृदय रोग संस्थान के निदेशक पद पर नियुक्त किया गया था। उस समय संस्थान में आधार भूत ढांचे की भारी कमी थी। निदेशक डॉ वर्मा ने रोजमर्रा के मरीज सेवा से जुडे दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासकीय स्तर पर अपने व्यक्तित्व की क्षमता का प्रयोग किया। इसी के परिणाम स्वरूप जीर्णोद्वार के अनेक छोटे व बड़े प्रोजेक्ट जो लम्बे अरसे से सुधार की बाट जोह रहे थे। उन्हें व्यवस्थित कराने के लिए राज्य के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त होने वाली बजटरीय सहायता की यथेष्ठ व्यवस्था की ओर तीव्र गति से निर्माण कार्य कराकर संस्थान की कार्यक्षमता बढ़ाई। इसी श्रंखला संस्थान को बजट के द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि को एक मुश्त आवंटित कराने की प्रक्रिया को लागू कराया जिसका फायदा नगर के सभी नाम चिन चिकित्सालय को मिला। हृदय रोग संस्थान की स्वास्थ्य सेवा से जुड़े युवा डॉक्टर्स की कमी को समाप्त करने के लिए प्रोफेसर डॉक्टर वर्मा के प्रयासों से प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विगत दिनों जो आदेश जारी किया गया वह 78 वर्ष के लोकतांत्रिक इतिहास में नगर की हृदय रोग से संबंध चिकित्सा व्यवस्था को नवचेतना प्रदान करेगा। डॉ वर्मा के कार्यकाल का 1 वर्ष व्यतीत होने पर रोटरी क्लब, सीएसजेएम विश्वविद्यालय सहित आधा दर्जन से अधिक समाजसेवी संस्थाओं द्वारा अनेक सम्मान समारोह के आयोजनों का सिलसिला जारी है।
इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार राम प्रकाश वर्मा व शिक्षा विद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी बधाई दी।

# तेज बारिश के बाद ढही दीवार ने 14 बकरियों की ले ली जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बीते दिन गुरुवार की रात अचानक मौसम में बदलाव आने के साथ-साथ भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण हिमांशु पाल पुत्र स्व0 प्रेमशंकर पाल निवासी लक्ष्मीबाई नगर का कच्ची ईटो से बना मकान जिसकी छत पर टीन पड़ी थी कि दीवार गिर गई । दीवाल में दबाकर 07 बकरे व 07 बकरी की मृत्यु हो गई है। यह जानकारी बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने दी है उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज अरुण कुमार राठी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य करते हुए बिठूर पुलिस द्वारा सभी बकरियों को बाहर निकल लिया गया है।

# मर्सी हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

**कानपुर नगर।** कल्यानपुर क्षेत्र में बिना मानक के कई अस्पताल चल रहे है जो मरीजों की जान के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे अस्पतालों में कोई भी प्रशिक्षित डाक्टर व पैरा मेडिकल स्टाफ नहीं रहते हैं। ऐसे ही अस्पताल में एक महिला मरीज के साथ गलत आपरेशन कर उसकी जान के साथ खिलवाड़ किया गया है। बीते वर्ष 17 मार्च को रमईपुर मंझावन निवासी महिला मंजू सोनकर ने कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित मर्सी हॉस्पिटल में जहां उसकी बहन आया का काम करती थी ने यूट्रेस का ऑपरेशन कराया था। जहां आयुष्मान कार्ड से इलाज हुआ। पीड़ित महिला मंजू का आरोप है कि उससे इलाज के नाम पर 40 हजार रुपए भी लिये गये। एक हफ्ते भर्ती करने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। लेकिन पस आने पर दूसरे हॉस्पिटल में दिखाया जहां अल्ट्रासाउंड में टीबी की शिकायत और ऑपरेशन में गलती की बात सामने आई है। जिसके बाद वह अपने परिजनों को लेकर गुरुवार को मर्सी हॉस्पिटल पहुंची और ऑपरेशन में गड़बड़ी की शिकायत कर बवाल काटा। महिला ने कहा कि उसके ऊपर बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी है। लापरवाही के कारण उसकी जान पर बन आई है। इस क्षेत्र में बिना मानक सैकड़ों अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में चल रहे हैं। शासन को चाहिए कि ऐसे अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# भव्य और दिव्य महाकुंभ के लिए संगमनगरी का होगा कायाकल्प

- ❋ महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज शहर का किया जा रहा सौंदर्यीकरण
- ❋ जंक्शन सुधार के साथ ही शहरी मार्ग को भी सजाया और संवारा जा रहा
- ❋ स्ट्रीट आर्ट, थीमैटिक गेट और स्तंभों के माध्यम से बिखरेगी छटा
- ❋ सीएम योगी ने भी महाकुंभ के दौरान पूरे नगर को सजाने के दिए निर्देश
- ❋ सनातन संस्कृति के प्रतीकों को चित्रित करने का भी दिया था आदेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



### प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट का निर्माण

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रयागराज में 38 जंक्शन का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा एजेंसी आबद्ध करके ट्रैफिक डेंसिटी एनालिसिस के प्रयोग से स्टडी करके डिजाइन तैयार किया गया है। इसके साथ ही 5 साल के मेंटीनेंस के साथ ग्रीन बेल्ट एवं स्कल्प्चर्स की स्थापना की जाएगी। कुल मिलाकर 19 जंक्शन पीडीए द्वारा, 15 जंक्शन पीडब्ल्यूडी एवं 2 जंक्शन का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है। दूसरी तरफ, शहरी मार्गों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत 38 शहरी मार्गों (75 किलोमीटर) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मेला प्राधिकरण द्वारा 8 आर्किटेक्ट आबद्ध कर प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, लैंड स्केपिंग डेवलपमेंट, थीमैटिक डेवलपमेंट एवं गैप एनालिसिस पूर्ण किया जा रहा है। कुल 36 मार्ग पीडीए द्वारा और 2 मार्ग का सौंदर्यीकरण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है।

संगमनगरी प्रयागराज में अगले वर्ष की शुरुआत में होने जा रहे महाआयोजन महाकुंभ 2025 को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियों में जुटी है। योगी सरकार महाकुंभ में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ-साथ महाकुंभ की सुंदरता को लेकर भी मिशन मोड में कार्य कर रही है। इस क्रम में महाकुंभ से पहले ही प्रयागराज को दुल्हन की तरह सजा दिया जाएगा। योगी सरकार की पूरे शहरी इलाके के सौंदर्यीकरण की योजना है, जिस पर कार्य भी शुरू हो चुका है। अयोध्या में रामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिस तरह की साज सज्जा की गई थी, उसी तरह प्रयागराज का कायाकल्प किया जाएगा। जगह-जगह ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, थीमैटिक डेवलपमेंट समेत सैकड़ों स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। महाकुंभ के आयोजन के दौरान जब श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचेंगे तो यहां की आभा देखकर न सिर्फ दंग रह जाएंगे, बल्कि पूरी तरह धार्मिक आस्था के रंग में सराबोर हो जाएंगे।

### सीएम योगी ने दिए थे निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने महाकुंभ को स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार, महाकुंभ 2025 पूरे विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा। हमें इसके सफल आयोजन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की प्राचीन संस्कृति का परिचायक है। इसकी गरिमा के अनुरूप पूरे नगर को सजाया जाना चाहिए। कुंभ से जुड़े कथानक, सनातन संस्कृति के प्रतीकों आदि को चित्रित किया जाए। चौराहों पर कुंभ के लोगो लगाए जाने चाहिए। थीम आधारित द्वार, स्तम्भ, लाइटिंग के प्रयास होने चाहिए।

### 4 थीमैटिक गेट का भी प्रस्ताव

इसके अतिरिक्त लगभग 10 लाख वर्गफीट पर स्ट्रीट आर्ट व दीवारों पर कलाकृतियां बनाई जाएंगी। इसमें 5 लाख वर्गफीट कुंभ मेला मद से एवं 5 लाख वर्गफीट एनएमसीजी मद से प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जाएगा। साथ ही, 4 थीमैटिक गेट बनाए जाने की भी योजना है। इन प्रस्तावित थीमैटिक गेट के नाम सरस्वती द्वार, शिव द्वार, गंगा द्वार और यमुना द्वार रखा जाएगा। इसकी निविदा प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त 108 स्तंभों का भी निर्माण होगा। इन्हें, नदी के किनारे की सड़कों, विषयगत द्वारों और स्थलों पर स्तंभों का प्रस्ताव किया जा रहा है। भारद्वाज आश्रम में 8 नग, 4 विषयगत द्वार में 48 नग और रिवर फ्रंट रोड में 52 नग स्थापित किए जाएंगे। इस योजना की कार्यदायी संस्था सीएंड डीएस है।

# पिछले दिनों हुई बारिश से नगर वासी परेशान, दुकानदारों को है काफी दिक्कत

- ❋ बीकेटी व इटौंजा नगर पंचायत में हो रही बारिश से कई जगह जल-भराव से नाली हुई चोक

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब नगर पंचायत एवं इटौंजा नगर पंचायत में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से कई वार्डों में जल-भराव की समस्या बनी हुई है। आपको बता दें कि बीकेटी के कई वार्डों में जल भराव की समस्या है जैसे रुदही अन्य, वहीं इटौंजा में चचुवा चौराहे के पास बाजार जाने वाली गली में जल-भराव है तथा सीतापुर हाईवे से स्टेशन रोड होकर बाजार जाने वाली रोड पर दुर्गा मंदिर के पास दुकानों के नीचे जल-भराव?? व दुर्गंध से दुकानदार परेशान है। पिछले दो दिनों से रुक-रुक बारिश हो रही है जिससे कि जल-भराव की समस्या बनी हुई है। बारिश होने से मच्छर भुंगा अन्य जीव जंतु लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। गुरुवार शाम 6~30 बजे धीमी धीमी बारिश शुरू हो गई और रात में मूसलाधार भी बारिश होने की संभावना है। वहीं नगर पंचायत कर्मचारी जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को दूर करने में लगे हुए हैं।

# गंदगी से बजबजाती नालियां सड़क पर लगे कूड़े के ढेर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले की बीकेटी ब्लॉक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। कुछ ऐसे गांवों है जिसमें गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं गांवों में स्वच्छ भारत मिशन अभियान दम तोड़ रहा हैं। बीकेटी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलूकपुर के मरपा नवरंगपुर गांव में बजबजाती नालियां और प्रधान व सचिव इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं अमानीगंज, पालपुर , गढ़ा, करौंदी, मुसपिपरी,सिवरी,असनहा, अन्य कई गांवों में नाली की सफाई न होने से सड़क पर कूड़े के ढेर पड़े दिखाई देते हैं और ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ जाती है। लोगों के घरों का पानी भी गांव की गलियों में ही फैलता रहता है। ऐसे में वहां कीचड़ व जलभराव के कारण जहां नालियों का पानी काला पड़ गया है वहीं दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। जिम्मेदार ग्राम प्रधान एवं सचिव इस ओर ध्यान नहीं दे रहें जिससे की सड़कों पर कुडे के ढेर व कीचड़ नजर आता हैं।

# मंत्री दिनेश प्रताप ने की विकास कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उद्यान, कृषि निर्यात, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने असज रायबरेली में प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों व विकास कार्यो की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की। उद्यान मंत्री ने बताया कि चुनाव पूर्व खेल प्रेमियों द्वारा अपेक्षा किये जाने पर मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली के विकास के लिए 25 करोड़ रूपये स्वीकृति कराकर अवमुक्त करा दिया गया है। विकास खण्ड लालगंज और सरेनी के मध्य बड़े स्टेडियम की स्थापना हेतु डीएम रायबरेली, उप जिलाधिकारी लालगंज, जिला क्रीडा अधिकारी से भूमि उपलब्ध कराने तथा स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

# रोड सेफ्टी को लेकर जन जागरूकता अभियान चलायेगें : आरटीओ

- ❋ नवागत आरटीओ संजय तिवारी ने किया कार्यभार ग्रहण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



संभागीय परिवहन अधिकारी संजय तिवारी ने कार्यभार गुरूवार को ग्रहण कर लिया। राजधानी के आरटीओ की बगडोर संभालेते ही आरटीओ संजय तिवारी का सभी अधीनस्थो द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया और बुके भेट की। नवागत आरटीओ श्री तिवारी पत्रकारो से मुखातिब होते हुए उन्होने रोड सेफ्टी पर बल दिया। उन्होने कहा कि रोड सेफ्टी को लेकर जन जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।कहा कि परिवहन विभाग राजस्व अर्जन के रूप में महत्वपूर्ण कार्य करता है। जनता से उन्होने अपील की कोई भी ऑनलाइन लाइसैंस के लिए डायरेक्ट फॉर्म भर सकता है। किसी भी तरह की कोई शिकायत होने पर जनमानस उनसे मिल कर अवगत करा सकते है।जनता की समस्याओं को सुनना उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल होगी। इससे पूर्व नवागत संभागीय परिवहन अधिकारी संजय तिवारी ने आरटीओ कार्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह संभागीय निरीक्षक प्रशांत कुमार विष्णु कुमार आदि मौजूद रहे।

### बेटी के हाथ में टैबलेट और मेडल देख खुशी से छलक पड़ी पिता की आंखे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** मेधा निखरकर आती जरूर है लेकिन इसके लिए सिर्फअभिभावकों और शिक्षकों का वांछित सहयोग और परामर्श मिले ।सचिवालय सेवा के एक कर्मचारी की पुत्री को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों पुरस्कृत किया जा रहा था तो माँ और पिता दोनों की आंखे खुशी के आंसुओं से छलक पड़ी थी ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिभाओं को बेहतर माहौल और सरकारी स्तर पर भरपूर मदद को तैयार रहते हैं ।सीएमएस महानगर की छात्रा तान्या वर्मा ने आईसीएससी बोर्ड की 12वी की परीक्षा में 99.25 फीसदी अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक में तीसरा स्थान हासिल कर अपने अभिभावकों के साथ ही विद्यालय का मान बढ़ाया।

# नगरीय निकायों में 15 दिन चलेगा नाले नालियों का सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- ❋ निकायों में सुबह 05 बजे से 08 बजे के बीच होने वाली सफाई की हो नियमित मॉनीटरिंग
- ❋ सिंगलयूज प्लास्टिक के प्रयोग, उत्पादन एवं वितरण पर किया जाए नियंत्रण
- ❋ अवारा पशुओं व स्वानों के कारण नागरिकों और बच्चों को न हो परेशानी: शर्मा

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगरीय निकायों में जल निकासी के उचित प्रबन्धन हेतु नाले-नलियों की बेहतर साफ-सफाई के लिए आज गुरूवार से 15 दिन का वृहद सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है। निकायों में 72 घण्टे का अनवरत नाला-नाली सफाई अभियान चलाया गया था, जिसका अपेक्षित परिणाम न आने से सफाई अभियान को 15 दिन और बढ़ाने का निर्देश मंत्री द्वारा दिया गया है। शहरों की जल निकासी के लिए नाले-नालियों में किये गये अतिक्रमण व अवरोध को शीघ्र हटाया जाए। बरसात में पानी निकासी में आंड़े आने वाले किसी भी प्रकार के अवरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा।नगर विकास मंत्री नगरीय क्षेत्रों में जलभराव, प्लास्टिक उन्मूलन, संचारी रोग, साफ-सफाई, वन महोत्सव, आवारा पशुओं समस्याओं तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की जल निगम फील्ड हॉस्टल 'संगम' में वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को अपने शहरों के मुख्य मार्गों का नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए तथा यह भी कहा कि सभी नगर आयुक्त शहरों की जोनवार एवं वार्डवार सफाई करायें। निकायों में सुबह 05 बजे से 08 बजे के बीच होने वाली नियमित सफाई की मॉनीटरिंग की जाए। निकायों के अधिकारियों को अपने निकाय से पुरानी व अवैध होर्डिंग्स को 03 दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए। नागरिकों व बच्चों को अवारा पशुओं तथा स्वानों के कारण परेशानी न हो इसकी व्यवस्था की जाए। मंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक के नगरीय क्षेत्रों में प्रयोग, उत्पादन एवं वितरण पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर भी निर्देश दिए। नगरों में कहीं पर भी अब प्लास्टिक का प्रयोग होता न दिखे। निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात में जलभराव, कीचड़ व गंदगी से संचारी रोगों, मच्छर व मक्खीजनित बीमारियों, डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि के पनपने व फैलने की संभावना बनी रहती है, जिससे नागरिकों को जीवन का खतरा भी पैदा हो जाता है। इसकी रोकथाम के लिए कहीं पर भी जलभराव, कीचड़ व गंदगी न होने पाए। लोगों को कूड़ा डालने के लिए डस्टविन का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें तथा व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं कामर्शियल प्रतिष्ठानों के सामने डस्टविन जरूर रखवायें। सफाई के पश्चात गलियों, सड़कों पर कूड़ा डालने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जुर्माना लगाया जाए। रोगों के नियंत्रण के लिए अभी से औषधियों उपलब्धता एवं दवा आदि के छिड़काव आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एवं संचारी रोगों के नियंत्रण में लापरवाही किसी भी रूप में स्वीकार नहीं होगी। अधिशासी अधिकारियों को अपने नगरीय क्षेत्रों में ही अधिवासित करने तथा कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। आने वाले समय में कांवड़ यात्रा सहित अन्य धार्मिक उत्सव एवं त्योहार शुरू हो जायेंगे।

# अभियान बना एक वृक्ष मां के नाम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन में **एक वृक्ष माँ के नाम** अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पद्मश्री, मालिनी अवस्थी स्कूली बच्चे तथा राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माँ के नाम से पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में जहाँ राज्यपाल ने सीता अशोक एवं परिजात के पौधे का रोपण किया वहीं अन्य अधिकारियों ने मोलश्री, परिजात, चितवन, गंधराज, श्वेत चम्पा, स्वर्ण चम्पा, अशोक पेंडुला आदि पौधे लगाए। राज्यपाल ने इस उपवन का माँ गार्डन के नाम से नामकरण करते हुए उद्घाटन भी किया। योग दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने समस्त प्रदेश वासियों से एक पौधा माँ के नाम से लगाने तथा उसकी देखभाल करने की अपील की थी इसी क्रम में राज्यपाल द्वारा आज राजभवन में माँ गार्डन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पौधे से जब माँ का नाम जुड़ जाता है तो माँ की ममता, परवरिश सब याद आते हैं। पेड़ पौधों को भी संगीत पसंद होता है पेड़ के नीचे संगीत से पेड़ का विकास शीघ्र होता है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की प्रेरणा से पूरे देश भर में करोड़ों लोगों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि पौधों की भी परवरिश करनी होती है, शोधार्थियों से पता चला है कि पौधे प्रतिक्रिया भी देते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम किसी कार्य के प्रति संकल्पित एवं समर्पित होते हैं तो कार्य संपन्न होता है। उन्होंने कहा कि आज हमारी नदियां सूख रही है, पहाड़ गिर रहे हैं ऐसी स्थिति में जब पूरा विश्व संकट का सामना कर रहा है, पौधरोपण आवश्यक है। हमारे द्वारा जल संवर्धन, नदियों को पुनर्जीवित करने के कार्य किए जाने चाहिए। इस अवसर पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कहा कि भारतवर्ष की संस्कृति हमें प्रकृति के साथ रहना सिखाती है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे अपना कर्तव्य सदियों से निभाते आए हैं, वे हमें फल, छाया और आक्सीजन प्रदान करते हैं और बदले में हमसे कोई अपेक्षा नहीं रखते। आषाढ़ के महीने को उन्होंने वृक्षारोपण के लिए आदर्श महीना बताते हुए कहा कि एक ऐसा पर्यावरण बने जहां समावेशिक प्रवृत्ति का विकास हो। पेड़-पौधों को जीवन का हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लोकगीत और लोक कथाएं प्रकृति से जुड़ी हुई है। अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने कार्यक्रम को हर्ष का विषय बताते हुए कहा कि माँ के लिए समर्पित पौधों को परिपक्व होने तक मां के समान ही पालन पोषण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि घर के आस-पास पौधरोपण कर उसे माँ की स्मृति में समर्पित करें। इस अवसर पर राजभवन व भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के बच्चों द्वारा प्रकृति संबंधी गीत प्रस्तुत किए गए व राजभवन के समस्त अधिकारी गणों व कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

# सॉफ्टवेयर के माध्यम से ई-पॉस से लैस राशन की दुकानों की होगी रेगुलर मॉनिटरिंग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- ❋ ई-पॉस उपकरणों के जरिए राशन की दुकानों के ऑटोमेशन स्टेटस में लाई जाएगी तेजी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने शुरू की प्रक्रिया
- ❋ यूपीडेस्को को सौंपी गई ई-पॉस मशीनों की रेगुलर मॉनिटरिंग को सुनिश्चित करने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने की जिम्मेदारी
- ❋ राशन की दुकानों के उच्चीकरण व ई-पॉस मशीनों की रोलआउट प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए यूपीडेस्को करेगा एजेंसी का चयन
- ❋ प्रदेश में सभी राशन की दुकानों को इलेक्ट्रॉनिक वेइंग स्केल पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ सेल उपकरणों से किया जा रहा है लैस



योगी सरकार प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों की रोलआउट प्रक्रिया में तेजी लाने जा रही है। योगी सरकार के निर्देश पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी मॉनीटरिंग के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को द्वारा एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जो प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके ऑटोमेशन व रेगुलर मॉनिटरिंग की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी। योगी सरकार की योजना के अनुसार राशन की दुकानों के ऑटोमेशन की जिस प्रक्रिया को पूरा किया जाना है उसमें तेजी यूपीडेस्को द्वारा एजेंसी निर्धारण के बाद आएगी। यूपीडेस्को द्वारा प्रक्रिया शुरू करते हुए इंपैनल्ड एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। उल्लेखनीय हैं कि जिस एजेंसी को यह कार्य आवंटित होगा उसे न केवल यह सुनिश्चित करना होगा कि इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ सेल (ई-पॉस) डिवाइसेस को प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में स्थापित किया जाए, बल्कि इसके संचालन, मेंटिनेंस व रेगुलर मॉनिटरिंग के फ्रेमवर्क को भी एजेंसी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। जिन ई-पॉस डिवाइसेस को राशन की दुकानों में स्थापित किया जा रहा है वह इलेक्ट्रॉनिक वेइंग स्केल (ईडब्ल्यूएस) पर आधारित होंगी।

### सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के जरिए रेगुलर मॉनिटरिंग होगी सुनिश्चित

प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस डिवाइसेस के इंस्टॉलेशन और ऑटोमेशन के बाद इनकी रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए एक विशिष्ट सॉफ्टवेयर को भी डेवलप किया जाएगा। इस रेगुलर मॉनिटरिंग को सुनिश्चित करने के लिए पॉस एप्लिकेशन के विकास के साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के लिए प्रॉपर फ्रेमवर्क और ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 79,500 फेयर प्राइस शॉप्स हैं जो कि 3.59 करोड़ परिवारों को लाभान्वित करती हैं। इनके जरिए प्रति माह अंत्योदय अन्न योजना के जरिए राशन कार्ड धारक लाभान्वित होते हैं। लगभग 80 लाख क्विंटल खाद्य सामग्रियां इन राशन की दुकानों के जरिए प्रति माह राशन कार्ड धारक लाभार्थियों तक पहुंचती हैं। यही कारण है कि लाभार्थियों को घटतौली और कालाबजारी से बचाने तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ लाभान्वित करने की मंशा से योगी सरकार इस प्रक्रिया को लागू करने में तेजी ला रही है।

### दो फेज में पूरी होगी मॉनिटरिंग प्रक्रिया

ई-पॉस मशीनों के इंस्टॉलेशन और ऑटोमेशन के साथ ही सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की प्रक्रिया को दो फेज में पूरा किया जाएगा। फेज वन में राज्य के सभी ईडब्ल्यूएस युक्त ई-पॉस उपकरणों के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी। इसके बाद दूसरे फेज में राशन की दुकानों के ई-पॉस उपकरणों के स्वचालन के लिए परियोजना प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस पहल की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सभी राशन की दुकानों में सिस्टम इंटीग्रेटर की एसएलए निगरानी और रिपोर्टिंग को सुनिश्चित किया जाएगा। समय-समय पर मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स (एमआईएस) रिपोर्ट के विश्लेषण के साथ प्रगति रिपोर्ट भी तैयार करके विभिन्न प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन की स्थिति को मॉनिटर किया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राहुल गांधी ने हिन्दू समाज पर लांछन लगा किया पाप!

**2010 में तत्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम ने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था। 2013 में पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी हिंदुओं को आतंकवादी बताया था। 2021 में राहुल गांधी ने हिन्दुत्ववादियों को देश से बाहर निकालने को कहा था और आज सम्पूर्ण हिन्दुओं को असत्यवादी और हिंसक कहा। राहुल गांधी ने पहले भी कहा था कि मंदिर जाने वाले लड़कियों को छेड़ते हैं। संसद की बहस के दौरान ईश्वर के चित्रों को सामने रखना और राजनीति को इससे जोड़ना एक नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता। हिन्दू संस्कृति विजय की उपासक है, पराजय की नहीं।**

*जब कोई व्यक्ति अपने पूर्वजों के बारे में लज्जित होने लगे तब समझ लो कि उसका अन्त आ गया। सबको अपने पूर्वजों पर गर्व होना ही चाहिए। हिन्दू तो उन महान ऋषियों के वंशज हैं जो संसार में अद्वितीय रहे हैं। इसलिए उन्हें हिन्दू होने का गर्व है और होना भी चाहिए। सम्पूर्ण विश्व पर हिन्दू समाज का महान ऋण है। सम्पूर्ण विश्व में हिन्दू ही ऐसे हैं जिन्होंने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया। हम दुनिया में शांति व सौहार्द का संदेश लेकर गए। हमने किसी को अपना गुलाम नहीं बनाया। दुनिया की पीड़ित मानवता को हिन्दुओं ने ही गले लगाया। ऐसे सर्वे भवन्तु सुखिना− सर्वे सन्तु निरामय− और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना रखने वाले हिन्दू समाज को हिंसक बताया जा रहा है। हिन्दू समाज भी इतना उदार व सहनशील है कि वह भी अपने ऊपर लगने वाले आरोपों को सहन करता जा रहा है। यह स्थिति वास्तव में हिन्दू समाज के लिए आत्मघाती है। स्वामी विवेकानन्द कहते थे कि तभी और केवल तब ही तुम हिन्दू कहलाने के अधिकारी हो जब इस नाम को सुनते ही तुम्हारी रगों में शक्ति की विद्युत तरंग दौड़ जाए। हम अहिंसा के पुजारी जरूर हैं, लेकिन हमारे शास्त्रों का यह भी आदेश है कि यदि कोई तुम्हारे गाल पर थप्पड़ मारे और तुम उसका जवाब दस थप्पड़ों से न दो तो तुम पाप करते हो। हिन्दुस्थान का प्राण हिन्दू धर्म है। यदि हिन्दू धर्म पर आघात होगा तो वह राष्ट्र पर आघात माना जाएगा। इसलिए हिन्दुओं को अपने शौर्य को प्रकट करने की जरूरत है। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में न केवल संसदीय गरिमा को तार-तार किया बल्कि हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताकर हिन्दू समाज को अपमानित करने का काम किया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। इस कृत्य के लिए राहुल गांधी को अविलंब माफी मांगनी चाहिए। वैसे इसके लिए राहुल गांधी को दोष देना ठीक नहीं है, क्योंकि उनको वही संस्कार ही मिला है। भारत की प्रकृति और संस्कृति का उन्हें ज्ञान नहीं है। राहुल गांधी के पास स्वयं की चिंतन प्रतिभा कुछ है नहीं। कम्युनिस्ट व मैकाले पुत्रों की बुद्धि के आधार पर वह बोलते व आचरण करते हैं। कांग्रेस की संस्कृति शुरू से विघटनकारी रही हैं। वह हमेशा समाज को बांटने में विश्वास करती है। कांग्रेस कई बार टूटी। कई दल बने लेकिन उनका मूल स्वभाव यथावत है। भारत विभाजन से लेकर आज तक कांग्रेस की कार्य संस्कृति में बदलाव नहीं आया है। महात्मा गांधी की चलती तो कांग्रेस समाप्त हो गई होती। लेकिन गांधी के नाम का उपयोग करने वाले राहुल गांधी महात्मा गांधी का भी अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने कहा था हिन्दुत्व सत्य की अनवरत खोज का ही दूसरा नाम है। 24 जनवरी 1948 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि हमें अपनी उस विरासत और अपने उन पूर्वजों पर गर्व है जिन्होंने भारत को बौद्धिक एवं सांस्कृतिक श्रेष्ठता प्रदान की। वैसे हिन्दुओं पर आक्षेप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है। सदन में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत, असत्य-असत्य-असत्य की बात करते हैं। इससे राहुल गांधी की मंशा जाहिर होती है। जबकि सच्चाई सबको पता है कि 1984 में सिखों का नरसंहार किसने किया था। 1975 में आपातकाल किसने लगाया था। सच्चाई ये है कि संतों पर गोलियां किसने चलवाई थीं?*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में उन्नत साझेदारी की है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाए। भारत ने स्वदेशी विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है और इसके लिए सबसे आवश्यक रक्षा बजट में भारी बढ़ोत्तरी की है।**


# राहुल गांधी का झूठ पकड़ा गया, मोदी राज में बढ़ रही सेना की ताकत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**अग्निवीर योजना को मुद्दा बनाने को लेकर कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने का प्रयास करने का आरोप भी प्रधानमंत्री मोदी का है। बहुत हद तक प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के इस आरोप में दम है, क्योंकि जिस प्रकार का नैरेटिव कांग्रेस गढ़ रही है उसका मूल उद्देश्य यही है कि देश के नौजवान सेना में न जाएं।**

सेना को लेकर भ्रम फैलाते हुए अग्निवीर योजना पर राहुल गांधी ने जो झूठा नैरेटिव शहीद के सम्मान और मिलनेवाली राशि को लेकर रचा, उसका सच अब दुनिया के सामने है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कही यह बात भी पूरी तरह से सत्य साबित हो गई कि कांग्रेस का अपना एक इकोसिस्टम है, जिसके लिए देश से ऊपर सिर्फ उसका अपना हित है, यदि भारत का नुकसान होता है तो उससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जताई गई चिंताओं का हवाला तक सदन में दिया, जिसके बाद कहना होगा कि राहुल गांधी के संसद में नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी बोले गए झूठ से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। यहां जिस परिवार और अग्निवीर की शहीदी को आधार बनाकर राहुल गांधी, सदन में प्रधानमंत्री मोदी एवं एनडीए सरकार से प्रश्न पूछ रहे थे, वे सभी प्रश्न उस परिवार के साथ सेना से आए स्पष्टीकरण के बाद पूरी तरह से असत्य साबित हुए हैं। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान यह सभी ने देखा भी कि किस तरह से राहुल, केंद्रीयमंत्री राजनाथ सिंह को झूठा ठहरा रहे थे। राहुल का यह आरोप बहुत साफ था कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने %अग्निवीर% के जान गंवाने पर उनके परिवार को आर्थिक मदद मिलने के बारे में संसद के भीतर झूठ बोला है, इसलिए रक्षामंत्री को संसद, देश और सेना से माफी मांगनी चाहिए। जिसके तुरंत बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जवाब भी सामने आया, उन्होंने साफ शब्दों में बताया, सीमाओं की रक्षा करते हुए या युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। वहीं, जिस अग्निवीर की बात राहुल कर रहे थे, उसके परिवार ने भी स्वीकार्य किया है कि उन्हें राशि मिल चुकी है, अभी और मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय का कहना भी यही है, कुल देय राशि में से, अग्निवीर अजय के परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अग्निवीर योजना के प्रावधानों के अनुसार लागू लगभग 67 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और अन्य लाभ, पुलिस सत्यापन के बाद अंतिम खाता निपटान पर भुगतान किए जाएंगे। देय कुल राशि लगभग 1.65 करोड़ रुपये होगी।



**वास्तव में मोदी सरकार के रहते सेना को हर तरीके से मजबूती प्रदान करने में जिस धन का सबसे अधिक उपयोग होना है, यदि उसकी कमी नहीं रहेगी तो सेना हर मोर्चे पर अपने को सशक्त रूप से साबित करती रहेगी, जोकि वह आज कर पा रही है।**

अत− यहां इससे एक बात तो साफ हो गई कि राहुल गांधी अपने फायदे के लिए झूठ की राजनीति कर रहे हैं, सिर्फ कहने भर के लिए वह संविधान को हाथ में उठाए घूमते हैं और समानता की दुहाई देते हैं। किंतु वास्तव में ऐसा है नहीं। प्रधानमंत्री मोदी इसलिए आज कांग्रेस से पूछ भी रहे हैं कि वह ऐसा किसके फायदे के लिए कर रही है ? जबकि उनकी सरकार भारतीय सेना को युद्ध के लिए सशक्त बनाने में जुटी है। सीडीएस (प्रमुख सेना अध्यक्ष) के पद के सृजन के बाद तीनों सेना में समन्वय मजबूत हुआ है और थियेटर (मोर्चा) कमान की दिशा में भी काम हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना भी सही है, इंदिरा गांधी की सरकार ने सेना एक रैंक एक पेंशन प्रणाली को समाप्त किया था। दशकों तक कांग्रेस ने ऊसे फिर से लागू होने नहीं दिया, एक बार तो चुनाव से पहले कांग्रेस के नेतृत्ववाली सरकार ने 500 रुपये दिखाकर सेना के कमांडरों को बेवकूफ बनाने का प्रयास किया था, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सत्ता में आने के बाद एक रैंक एक पेंशन की प्रणाली को फिर से लागू कर दिया। यह कांग्रेस ही है जो राफेल विमानों की खरीद का विरोध कर रही थी। कांग्रेस सरकार में लड़ाकू विमान नहीं खरीदे गए, जब हमने खरीदने की कोशिश की, तो कांग्रेस हर तरह की साजिश करने पर उतर आयी। वास्तव में रक्षा सुधारों के प्रयासों को कमजोर करने का यह षड्यंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी याद दिलाते हैं, वह भी वक्त था, जब कांग्रेस के जमाने में हमारी सेनाओं के पास बुलेटप्रूफ जैकेट भी नहीं होते थे। सवाल यह है कि कांग्रेस ऐसा किसके फायदे के लिए कर रही है। अग्निवीर योजना को मुद्दा बनाने को लेकर कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने का प्रयास करने का आरोप भी प्रधानमंत्री मोदी का है। बहुत हद तक प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के इस आरोप में दम है, क्योंकि जिस प्रकार का नैरेटिव कांग्रेस गढ़ रही है उसका मूल उद्देश्य यही है कि देश के नौजवान सेना में न जाएं। किंतु देश देख रहा है, कि कैसे मोदी राज में भारतीय सेनाएं हर मोर्चे पर अधिक सशक्त हुई हैं। स्वयं अमेरिका की गुप्त रिपोर्ट में भी यही दावा किया गया है। यह रिपोर्ट कहती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व में लगातार अपनी धमक बना रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष खुफिया एजेंसी में अधिकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने अमेरिकी संसद को बताया भी कि कैसे भारतीय सेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। अमेरिका के इस बड़े अधिकारी ने सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को यह जानकारी दी है कि भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया है और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने के लिए स्वयं को सक्षम साबित किया है। भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में उन्नत साझेदारी की है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाए। भारत ने स्वदेशी विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है और इसके लिए सबसे आवश्यक रक्षा बजट में भारी बढ़ोत्तरी की है।

## एक्सप्रेस कविता

*सिर्फ युद्ध का उन्माद, डरा देता है अंदर तक, दिल और दिमाग सहम जाते हैं, आने वाले कल की भयानक तस्वीर, विभीषिका मानव को कम्पित कर देती है। क्या हम भूल गए युद्ध की विभीषिका को, युद्ध के परिणाम से मानव जाति कराह रही है, अणु और परमाणु बमों की त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से, क्या हम भूल गए नाकासाकी और हिरोशिमा के विनाश को, जहां मानवता रोती कराहती बिलबिला रही है, निर्दयी बम और बारूद के निर्दयी संताप से। मानव की कई पीढ़ियां उसके प्रभाव को झेल रही है। अब फिर विश्व, युद्ध की कगार पर, पाकिस्तान कई बार भारत से हार कर, नहीं समझ में आती उसे शांति-नीति, उसे न जाने क्यों हिंसा से है प्रीति। लो चीन फिर विस्तारवाद की ओर, आंखों में सत्ता विस्तार की अंधी हवस।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अगर आप उड़ नहीं सकते तो दौड़िये, अगर दौड़ नहीं सकते तो चलिए और अगर चल भी नहीं सकते तो रेंगिए, जो कुछ भी कीजिए लेकिन आपको सिर्फ आगे ही बढ़ना है*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 28:27 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 28:04 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | ध्रुव, 27:44 |
| सूर्योदयः | 05:32 |
| सूर्यास्तः | 19:18 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 10:42-12:25 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### रहे इतना ध्यान !

*है सबको अधिकार ।*
*दें अपना बयान ।।*
*पर लगे ना ठेस ।*
*रहे इतना ध्यान ।।*
*है इतिहास गवाह ।*
*बढ़ता है विवाद ।।*
*कर देते हैं ज़ाहिर ।*
*अपना पर अवसाद ।।*
*बहस सकारात्मक तो ।*
*है बढ़ता संवाद ।।*
*उठती हैं जो बातें ।*
*हैं रहतीं वो याद ।।*
*धीरे-धीरे करके ।*
*है लाना बदलाव ।।*
*मिलेगा मुकाम और ।*
*पहुंचेंगे पड़ाव ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेंसिटिव स्किन का कालापन दूर करने के लिए अपनाएं 5 आसान उपाय, दाग-धब्बे भी होंगे दूर

**त्वचा** पर काले धब्बे या डार्कनेस होना चिंता का कारण हो सकता हैं और किसी के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकता है। यह समस्या हाइपरपिग्मेंटेशन, धूप में निकलने, हार्मोनल परिवर्तन या आनुवंशिकी जैसे विभिन्न कारकों के कारण हो सकती है। संवेदनशील त्वचा को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। संवेदनशील त्वचा के कालेपन से छुटकारा पाने में आपकी मदद करने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपायों को अपना सकते हैं।



ओटमील या चावल के पाउडर से करें **एक्सफोलिएट:** सेंसिटिव स्किन के कालेपन को दूर करने के लिए आप ओटमील और चावल के पाउडर से तैयार एक्सफोलिएट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन के डेड सेल्स आसानी से साफ होते हैं। साथ ही, यह स्किन में जलन का कारण भी नहीं बनते हैं। इनके इस्तेमाल से स्किन मुलायम और चमकदार बनती है। सप्ताह में एक बार इसका इस्तेमाल करने से आपको फर्क दिखने लगेगा।

**हाइड्रेशन और मॉइस्चराइजेशन:** संवेदनशील त्वचा को हाइड्रेट रखना बेहद आवश्यक होता है। इससे स्किन को होने वाली समस्याएं दूर होती है। साथ ही, कालापन दूर करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इसके लिए आप एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन से स्किन को मॉइश्चराइज कर सकते हैं।

**धूप से बचाव:** सूर्य के संपर्क में आने से स्किन में काले धब्बे और हाइपरपिग्मेंटेशन हो सकती है। यह समस्या सेंसेटिव स्किन के लिए जोखिम भरी साबित हो सकती है। स्किन के कालेपन को कम करने के लिए आपको यूवी किरणों में आने से बचना चाहिए। इसके लिए आप दिन में 30 वाले ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाएं। साथ ही स्किन को कवर करने के बाद ही धूप में निकलें।

**नींबू व टमाटर का उपयोग:** सेंसिटिव स्किन पर आप नींबू और टमाटर के रस को मिलाकर लगा सकते हैं। इससे स्किन का कालापन आसानी से दूर किया जा सकता है। साथ ही, में इसके इस्तेमाल से स्किन में नई चमक आती है। इससे स्किन का टोन साफ होता है और स्किन का कलर एक समान बनाता है।

**लाइफस्टाइल में करें बदलाव:** सेंसिटिव स्किन के कालेपन को दूर कनरे के लिए आप लाइफस्टाइल में बदलाव कर सकते हैं। इसके लिए आप सुबह के समय योग व एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और चेहरे का कालापन दूर होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# पांच वर्ष में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दोगुना



प्रहलाद सबनानी

**भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी।**

**पूरे** विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्ष में दोगुना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपये के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401च योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है। भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपये की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार-चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है।

**भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है रेलवे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है।**

# जिला अधिकारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई बातों का नहीं दिखा असर, प्रशासनिक अधिकारी हैं बेखबर

* संविदा कर्मी लोकेश गुप्ता डीएम के पर्सनल सिक्रेटी के रूप में नजर आते एवं अहम भूमिका में दिखते है
* नवागत जिलाधिकारी के चार्ज संभालते ही खबरों के माध्यम से यह संदेश गया कि ज़िला अधिकारी काफी तेजतर्रार है जिसका परिणाम जिला अधिकारी कार्यालय में फरियादियों की भीड़ उमड़ी जैसा सुना, वैसा दिखाई नहीं पड़ा



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** नवागत जिलाधिकारी के चार्ज संभालते ही प्रेसवार्ता रखी गई जिसमें कही गई बाते जब अखबार की सुर्खियां बनी तो एक स्पष्ट संदेश जनपद में पहुंच गया नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल कड़क व तेजतर्रार हैं। फरियादियों को न्याय मिलेगा, मीडिया से बेहतर तालमेल बनेगा। प्रत्येक विभागीय अधिकारियों को मीडिया को खबर देनी होगी हर खबर पर संज्ञान लिया जाएगा, ग़लत खबर हुई खंडन किया जाएगा। लेकिन वहां तैनात संविदा कर्मी लोकेश गुप्ता अपनी ऐसी सेटिंग बना कर मनमानी कर रहा कोई भी विशेष खबर हो पत्रकारों को अवगत नहीं कराया जाता। काफी सालों से जिला अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमने वाला लोकेश खुद को डीएम से कम नहीं समझता और फरियादियों की न्याय की बात सुनिए एक अश्लील वीडियो बनाकर एक दबंग द्वारा उसे उंगलियों पर नचाया जा रहा है उक्त दबंग द्वारा पुलिस मायके चाचा ताऊ में ऐसी सेटिंग की कि उसे वैश्या साबित करने के लिए हर हत्थकन्डें अपनायें गये उक्त लड़की को पिता व भाई द्वारा उल्ल नदी में फेंकने का असफल प्रयास किया गया अजब उलझनों में फंसी हर तरफ से प्रताड़ना झेल रही पीड़ित को एक महीने से दौड़ रही एफआईआर दर्ज हुए एक माह हो गए लेकिन दबंग की गिरफ्तारी नहीं हुई।उक्त रेप पीड़िता आरोपी को गिरफ्तारी के लिए दौड़ रही 12 बार पुलिस अधीक्षक के कार्यालय और 11 बार सदर कोतवाली गई नवागत डीएम के बारे में सुनने पर पीड़िता इतना खुश थी कि अब मुझे न्याय मिल जायेगा कि अब डीएम से मिलेंगे पुलिस की भ्रष्ट कार्यशैली से अवगत कराएंगे। संयोग था कि उसी दिन ऐसा की सुलह के लिए चाचा चाची चचेरे भाइयों और भाभी ने मारा था हाथ चोटिल आंख के इर्द-गिर्द खून जमा कालापन आ गया जिलाधिकारी के पास फरियाद लेकर आई चोटिल पीड़िता को सम्पूर्ण विश्वास था कि प्रार्थना पत्र पढ़ते व उसकी हालत देखते ही ज़िला अधिकारी मेरे साथ हो रहे अन्याय को देख और मेरी स्थिति देखकर तत्काल न्याय दिला देंगी जैसे ही न्याय पाने के सैकड़ों सपने पाले महिला जिलाधिकारी से मिली उसका प्रार्थना पत्र बिना पढ़े रख लिया गया और पीड़ित महिला की चोट देख जिला अधिकारी ने सहानुभूति दिखाते हुए उसे फ़ौरन डाक्टर के पास इलाज कराने के लिए सलाह दी। न्याय की आखरी किरण बची पीड़ित महिला ने कहा मैडम मेरा शिकायती पत्र पढ़ लें लेकिन न्याय की आखिरी किरण बुझ गई। उक्त पीड़िता से जिला अधिकारी ने कहा कि प्रार्थना पत्र रख लिया है बाद में पढ़ेंगे तुम्हें न्याय मिलेगा पांच दिन हो गया न्याय तो दूर कोई फोन न कोई पूछने आया। ऐसा दूसरा मामला हिदायत नगर कि ठकी का शिकार जिसने जेल चौकी शिकायती पत्र आनलाइन कर दिया जहां पर फरियादी को बुलाकर 15 दिन का समय मांग पुलिस ने उससे लिखित भी ले लिया कहा बहुत ही जल्दी चोर को पकड़ आपका सामन दिला दिया जायेगा लेकिन उसके बाद उक्त पीड़ित से पीछा छुड़ाने के लिए पुलिस टाल मटोल करती रही जिसके बाद उक्त पीड़ित पुनःप्रार्थना पत्र आन लाइन कराया लेकिन न्याय न मिलने पर पुलिस अधीक्षक से भी मिला उसके बाद तेजतर्रार जिला अधिकारी से मिलने के उत्सुक न्याय का पूर्ण भरोसा लेकर पीड़ित जिला अधिकारी से मिलने पहुंचा जिलाधिकारी ने पीड़ित का प्रार्थना पत्र लौटा दिया बोले पुलिस अधीक्षक के पास जाओ पीड़ित बोला पुलिस अधीक्षक से मिलकर आपके पास आएं हैं फिर भी ज़िला अधिकारी ने प्रार्थना पत्र नहीं लिया फिर पुलिस अधीक्षक के पास जाने को कहा

यह रही फरियादियों की बात इसी तरह हर विभाग में ऐसा हो रहा है। सच्चाई यह है जब तक सख्त कार्रवाई विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नहीं की जाएगी तब तक कुछ सुधरने वाला नहीं जैसे तहसील में लेखपाल फरियादियों को दौड़ाते चक्कर लगवाते हैं। राजस्व के काम फंसे हैं फंसे रहेंगे राजस्व विभाग जो भ्रष्टाचार में लिप्त है लेखपाल जिंदा से मुर्दा और मुर्दे को रूपए लेकर कागजों पर कर चुके हैं जिंदा वहीं स्वास्थ्य विभाग की भ्रष्ट कारशैली जिसमें बैठे विभागीय अधिकारी अवैध नर्सिंग होम के संचालकों के लिए वरदान हर महीने मिलते दाम चल रहा झोला छाप डाक्टरों को प्रेस के लोगों ने संरक्षण दे रखा कमा रहे दाम फार्मेसिस्ट खुले आम लूट मचाएं बिना ट्रेड के डॉक्टर चला रहे हैं काम विभागीय अधिकारियों को मिल रहा है माल ए आर टीओ कार्यालय में फ़ैला भ्रष्टाचार दलालों की भरमार जिनके दम पर हो रहा मानक विहीन काम शिक्षा विभाग में भी कमाई का स्रोत बना हुआ दलाली हावी कुछ पत्रकारों को पुलिस ने दलाल बना कर धन उगाही की जा रही।नगर पालिका परिषद की बरसात से निपटने की तैयारी ईओ साहब की भ्रष्ट कारशैली से बारिश होते ही जलभराव की स्थिति घरों में पानी भरना बिजली विभाग की लापरवाहियों से लगातार मौतें जिले में चर्चा का विषय बनी हुई।

नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के लिए गौर करने वाली बात यह है उनके के आते ही अवैध खनन पर विराम लग गया चर्चा जोरों पर जिलाधिकारी तेज़ तेज तर्रार लिखकर पत्रकारों ने बालू के रेट को 14 सौ से 27 सौ करा दिया उसके बाद भी खनन पर विराम नहीं लगा परिणाम शारदानगर थानाध्यक्ष ने अवैध खनन में लगे वाहन को जब्त किया जिससे साफ़ जाहिर हो रहा है की खनन हो रहा बस तरीका बदल गया जिलाधिकारी के बारे में यह चर्चा बहुत जोरों पर थी की अब अवैध खनन पर अंकुश लगेगा लेकिन यह भी सच्चाई सामने आ गई की विभागीय अधिकारियों द्वारा उन्हें गुमराह कर जो जानकारी दी जाती उसी पर अमल करती लेकिन उनके कथन के अनुसार यह भी कहा गया था खबर पर संज्ञान लेंगे अगर खबर पर संज्ञान लेते तो शारदानगर में अवैध खनन के मामले में खेला हो गया बताते चलें शारदा नगर में जटपुरवा डामर रोड पर दस हजार घन मीटर बालू डम्प का लाइसेंस जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया था।सूत्रों के अनुसार जबकि बालू डम्प लगभग तीस से चालीस हजार घन मीटर डम्प की गई बालू के बारे में पत्रकारों द्वारा नवागत जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया, जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दे दिया तहसील प्रशासन धौरहरा व खनन इंस्पेक्टर द्वारा मौके की जांच की गई थी।जांच में डम्प में बालू लगभग तीस से पैंतीस हजार घन मीटर डम्प की गई पाई गई। अधिकारियों द्वारा लगभग 18 हजार घन मीटर बालू दर्शाई गई

जो जांच का विषय एक और बात बहुत गंभीर है यह है की पुलिस हो चाहे अफशाही हो लान लाइन शिकायतो पर गौर नहीं करते आन लाइन शिकायत पीड़ित के लिए जी का जंजाल बन जाती है और जिस विभाग से संबंधित होती है उनके लिए आय का स्रोत ज्यादातर आख्या पीड़ित के विरोध में लगती है कारण यह विपक्षी को बुलाकर डरा-धमका यह कहा जाता की तुम्हारे खिलाफ शिकायत आई है।मुकदमा लिख देंगे दबंग डर जाता साहब बचा लो रुपए दिए साहब ने बचा लिया पुलिस का भय दबंग के दिल से निकल गया फ़ोन नम्बर है सेटिंग हो गयी खुलकर गुंडई करो चिंता नहीं यही सब कारण योगी सरकार की छवि धूमिल कर लुटिया डुबोने पर लगे हैं न अफसर शाही न पुलिस प्रशासन बेलगाम है।

## अधिवक्ता को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा नई बस्ती में एक अधिवक्ता को घर से दुकान पर जाते समय कार चालक ने पीछे से टक्कर मारकर रौदं दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत नाजुक होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया है। मामले में घायल अधिवक्ता के भाई कार चालक और उसमें सवार लोगों पर जान से मार डालने की नियत से हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस में केस दर्ज करने के लिए बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ पहुंचे हैं। वहीं पुलिस मामले को एक्सीडेंट में दर्ज करने की बात कह रही है। बुधवार को शाम 4 बजे अधिवक्ता शहरोज जाफरी अपने घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकले थे। पीछे से नशे की हालत में कार के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया था। घायल को उपचार के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम लाया गया जहां हालत नाजुक होने पर परिजन उसे इलाज के लिए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज लेकर गए हैं।

गुरुवार को उनके भाई ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा करने का आरोप लगाकर शिकायती पत्र दिया है। वहीं पुलिस के अधिकारी मामले को एक्सीडेंट बताते हैं। जिसको लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में लोग कोतवाली में डटे हुए हैं।

## स्वामी विवेकानंद का निर्वाण दिवस कार्यक्रम मनाया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू0पी0 बोर्ड, लखीमपुर खीरी में आज विवेकानंद जी का निर्माण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसका शुभारम्भ समाज सेवी राजेश दीक्षित एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह नें माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर राजेश दीक्षित ने बताया आज 4 जुलाई को हमारे युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी ने 39 वर्ष 5 माह 22 दिन की अवस्था में 122 वर्ष पूर्व अपनी देह का त्याग किया था स्वामी प्रतिदिन हमारे जीवन में अपना और गहरा स्थान बनाते जा रहे हैं अपने विचारों से लोगों की जिंदगी को रोशन करने वाले स्वामी विवेकानंद की आज पुण्यतिथि है।भारत के महान पुरुषों में से एक और महान विचारक स्?वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था। उनकी मृत्यु 4 जुलाई 1902 में हुई थी। वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद बेहद साधारण जीवन जीते थे। उनके महान विचार सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विवेकानंद ने 25 साल की उम्र में सांसारिक मोह माया छोड़ दिया था और आध्यात्म और हिंदुत्व के प्रचार प्रसार में जुट गए थे। संन्यासी बनकर ईश्वर की खोज में निकले विवेकानंद ने पूरे विश्व को हिंदुत्व और आध्यात्म का ज्ञान दिया। हिंदुत्व को लेकर उन्होंने जो व्याख्या दुनिया के सामने रखी, उसकी वजह से हिन्दू धर्म को लेकर लोगों का काफी आकर्षण बढ़ा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया उठो जागो और अपने लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत का नारा देने वाले महान व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानंद जी आजकल के युवाओं के सबसे प्रिय आदर्श हैं स्वामी ने कहा था

जब तक किसी व्यक्ति में दूसरे व्यक्ति के दुख दर्द और कष्ट समझने की आदत नहीं है उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं है तब तक वह व्यक्ति समाज में सफलता नहीं हासिल कर सकता आज के दिन हमें उनके आदर्श और बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत डायरिया रोको जागरूकता रैली निकाली गई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान व डायरिया रोको अभियान के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न ब्लाकों, गांवों में विभिन्न स्वास्थ्य सेवायें, जागरूकता गतिविधि की गईं। कसमण्डा ब्लाक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीमती निर्मला नंदिनी के संचालन में दस्तक अभियान की जागरूकता रैली निकाली गई। समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओ0आर0एस0 कार्नर संचालित है, जिनके माध्यम से आम जनमानस में दस्त रोगों के प्रति जन जागरण व उसके बचाव से ओ0आर0एस0 का प्रयोग हो प्राथमिकता है। रामपुरमथुरा में डायरिया रोको अभियान के सम्बन्ध में व्यापक जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र रेउसा ब्लाक के ग्राम रतनगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें डा0कमलेश चन्द्रा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में डॉक्टरों, पैरामेडिकल टीम एवं डा0 दीपेन्द्र वर्मा द्वारा प्रभावित 198 लोगों को दवाईयां एवं 150 पैकेट ओ0आर0एस0 वितरण किया गया। 10 बुखार के मरीज व शेष सामान्य बीमारियों के मरीज देखे गये।

## इंडियन बैंक का सायरन अपने आप बजने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

कस्बे के इंडियन बैंक का सायरन अपने आप बज उठता है। इससे आसपास के रहने वालों में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी स्थिति में एक प्रकार से चौक पर सन्नाटा पसर जाता है तथा सभी लोग बैंक की ओर देखने लग जाते हैं कि आखिर बैंक में कौन सी घटना घट गयी कि बैंक में लगी आपातकालीन सायरन बज उठी है। लेकिन जब बैंक अधिकारी से इस बाबत पूछा जाता है तो वह वायर में प्रोबलेम की बात कह कर इसे हल्के में ले लेते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि एक दिन इस बैंक में सायरन बजने पर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं होगा तो अपराधी घटना को अंजाम देकर निकलते बनेंगे। इस मामले में इंडियन बैंक के शाखा प्रभारी प्रबंधक राजीव गौड़ ने बताया कि वायर में गड़बडी या सेंसर के करीब चूहे वगैरह आने के कारण इस प्रकार सायरन बज उठती है वायर को दुरुस्त करने को लेकर कई बार प्रयास किया गया है जल्द ही इसको पूरा करवा दिया जाएगा।

## डीएम ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

* जल भराव को लेकर डीएम ने अधिकारियों को चेताया

जन एक्सप्रेस । हरदोई



विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल भराव के कारणों को स्पष्ट रूप से चिन्हित करते हुए निदान कराया जाये। नालों का पानी घरों में न जाने दिया जाये। समस्या समाधान में उदासीनता दिखाने पर सम्बंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। नगर क्षेत्रों में नालों के किनारे अतिक्रमण न करने के सम्बन्ध में चेतावनी बोर्ड लगवाए जाएं। डूडा को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता रखने वाले लेकिन अब तक आवास न पाने वाले लोगों की सूची तैयार करायी जाये। तहसील व नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कराया जाये। दैवीय आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सहायता देने में देरी न की जाये। पीएम स्वनिधि योजना में आवेदकों को ऋण दिलाने में पूरी सहायता की जाये। प्रथम किस्त जमा करने वालों को दूसरी व द्वितीय किस्त जमा करने वाले लोगों को तीसरी किस्त प्राप्त करने में पूरी मदद की जाये। बैंको के साथ समन्वय बनाया जाये। उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, चौपाल लगा सुनी समस्याएं



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज तहसील लहरपुर के ग्राम खानामरोड़ में बाढ़ से बचाव हेतु किए जा रहे कार्यों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने खानामरोड़ में बाढ़ से बचाव हेतु बनाई जा रही परियोजना की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जो भी स्टड बनाये जा रहे है वो पूरी गुणवत्ता व मानक के अनुरूप हो। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी से पूर्व में आई बाढ़ की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि अगर इस बार भी बाढ़ आती है तो ग्रामीणों व उनके मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मवेशियों का टीकाकरण शतप्रतिशत हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस ग्राम की और इसके आसपास के गांव की सभी सड़कों का निरीक्षण करते हुए दुरुस्त कराया जाए, जो सड़के पहले बाढ़ के कारण कट गई है या क्षतिग्रस्त हो गई हैं तो उनको तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने खानामरोड़ के प्रधान से वार्ता करते हुए निर्देश दिये कि बाढ़ से पूर्व नाव और नाविक की उपलब्धता रखें ताकि बाढ़ के समय कोई परेशानी न हो व सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाये। जिलाधिकारी ने वहां के लोगों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित को निर्देश दिए कि जो समस्या हैं उनको तत्काल निस्तरित कराया जाए।

रेउसा के रतनगंज में चौपाल के दौरान मा0 विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी व प्रशासन द्वारा बाढ़ की तैयारियों हेतु विशेष निगरानी रखी जा रही है। सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यों का निर्वहन भलीभांति सम्पादित करें।

जिलाधिकारी ने रेउसा के रतनगंज में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और बाढ़ से बचाव में की जा रही तैयारी के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। मा0 मुख्यमंत्री जी निरन्तर बाढ़ की निगरानी कर रहे हैं। सभी अधिकारी अपनी कार्ययोजना के अनुसार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य निर्माणाधीन है, उनको तत्काल पूर्ण कर लिया जाये तथा पूर्व में बने हुये बंधों को भी चेक करा लिया जाये।

बाढ़ की सभी चौकियों में व्यवस्था पूर्ण हों, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोस्टर बनाकर गांव में एण्टीलार्वा का छिड़काव करा दिया जाये। ग्रामीणों से कहा कि शासन की पैनी नजर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर बनी है। यदि बाढ़ आती है

तो उससे निपटने के लिये हम सभी ने अपनी तैयारियां कर ली हैं। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार ही कार्य किये जा रहे हैं तथा आप लोगों की समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जायेगा।

## अवैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थान नौनिहालों के भविष्य से कर रहे खिलवाड़

जन एक्सप्रेस । हरदोई

अबैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थानो पर नियंत्रण के लिए सरकार भले ही नकेल कसने का प्रयास कर रही हो लेकिन इलाके में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है।शिक्षा माफिया छात्रों के भोले भाले अभिभावकों को अपने जाल में फंसाकर ठगने का काम कर रहे हैं।शिक्षा माफियाओं की पहुंच के चलते शिकायतें भी रद्दी की टोकरी में चली जाती है। साडी इलाके में आधा दर्जन से अधिक स्कूल बगैर मान्यता के संचालित हो रहे हैं।ताजा मामला सांडी तिराहा स्थित आर पी के पब्लिक स्कूल का है।जिसकी कक्षा 5 तक मान्यता होने के बाद भी सरकारी नियमो व शासन की आंखों में धूल झोंककर कक्षा 12 तक दूसरे स्कूल से फार्म भरवा कर स्कूल में कक्षाएं संचालित कराई जा रही है घटकना गांव निवासी अंश दीक्षित पुत्र संदीप ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा कि उसने आरपीसी पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 में एडमिशन कराया था। पास करने के बाद उसे राम प्रसाद कुशवाहा पब्लिक जूनियर स्कूल पहुंतेरा की मार्कशीट थमाई। फिलहाल इलाके में आधा दर्जन से अधिक स्कूल बिना मान्यता के संचालित किया जा रहे हैं।

## पुलिस मुख्यालय को गोली लगने की दी झूठी शिकायत पुलिस को गुमराह करने पर पुलिस ने किया चालान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** दोस्त के साथ मामूली विवाद के बाद युवक ने पुलिस मुख्यालय को गोली मारे जाने की सूचना दे दी। आईजी कार्यालय के पास देर रात पहुंची शिकायत की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो उठी। पुलिस ने कॉल ट्रेस कर युवक की तलाश शुरू की तो उसकी लोकेशन महमूदाबाद की सड़कों पर बदलती रही। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने आखिरकार शिकायकर्ता को ढूंढ लिया लेकिन गोली लगने की बात झूठी निकली। झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने के लिए युवक का पुलिस ने शांतिभग के तहत चालान कर दिया। रात करीब 12 बजे आईजी कार्यालय को फोन पर सूचना दी जाती है कि एक शख्स को गोली लगी है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने कॉल नंबर को ट्रेस करना शुरू किया। शिकायतकर्ता का नंबर बार-बार लोकेशन बदल रहा था।

करीब डेढ़ घंटे तक महमूदाबाद पुलिस नगर की कई सड़कों पर खाक छानती रही। आखिरकार लखनऊ मार्ग पर पुलिस ने शिकायतकर्ता को तलाश लिया। जांच में सामने आया की गोली लगने की बात झूठ है। हरगांव के सलारपुर निवासी रमन तिवारी पुत्र हरिप्रसाद तिवारी ने बताया कि वह लखनऊ के गोमती नगर विपुल खंड में सी-टेट की कोचिंग करने हेतु अस्थाई रूप से रहता है। उसने पूंछतांछ में बताया कि कोचिंग में ही उसका दोस्त पढ़ता है जिसका नाम सौरभ शुक्ला है। रमन उसके साथ अपने दोस्त की वैगनआर कार मांग कर दोस्त के जन्मदिन पर शामिल होने के लिए आया था। तभी दोनों लोगों के बीच किसी बात को लेकर कहां सुनी बढ़ गई। रमन ने बताया कि उसने कस्बा चौकी के सामने कोल्ड ड्रिंक पी जिसके बाद आपस में बहस होने लगी। रमन ने बताया कि सौरभ के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे नाले में धकेल दिया। साथ ही उसकी गाड़ी की चाबी, पर्स व मोबाइल लेकर फरार हो गए। इस बीच उसकी वैगनआर गाड़ी कस्बा चौकी के पास ही खड़ी रही। लेकिन वास्तविकता में रमन के पास मोबाइल मौजूद था। शायद तभी लोकेशन के आधार पर उसे पुलिस ने ढूंढ निकाला। छात्र के होंठ व पेट में चोटों के निशान हैं। मगर गोली मारे जाने जैसी बात झूठ साबित हुई। पुलिस से बात करते वक्त रमन बार-बार अपना बयान बदल रहा था। शायद वह नशे में था। फिलहाल पुलिस ने रमन को रात में ही हिरासत में ले लिया था। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि युवक का धारा 170 के तहत चालान किया गया है।

# मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चरम पर

## तीन को पूरे दिन होती रही बारिश और पंचायत मित्र ने कागजों में कराया कार्य

* दर्शाए गए कार्यस्थल के आसपास के खेतों में दो दिन पूर्व ही हो चुकी है धान की रोपाई
* फोटो से फोटो खींच कर हाजिरी लगाने का हुआ भंडाफोड़

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना मनरेगा में भ्रष्टाचार रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है जिम्मेदार पंचायत मित्रों द्वारा पुरानी फोटो से फोटो खींच कर हाजिरी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर उच्चधिकारियों ने मामले को लिया संज्ञान, जिम्मेदारों बीच मची हड़कंप। मनरेगा कार्य में बड़े पैमाने पर हुई धांधली, जिम्मेदारों द्वारा पुरानी फोटो को साइड पर अपलोड कर बरसात के दिनों में ज्यादा से ज्यादा पैसा निकाल कर भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दे रहे है और ऊपर बैठे जिम्मेदारों को भनक भी नही लग रहा है।बतातें चले कि फरेंदा ब्लाक के ग्राम पंचायत अगया की पंचायत मित्र अनिता द्वारा बीते तीन जुलाई को कागज में पूरी तरह फर्जीवाड़ा कर मनरेगा साइड पर कार्य करते हुए 10 मजदूरों वाला पुराना फोटो अपलोड कर दिया गया और 95 लोगो की आनलाइन हाजिरी भी लगा दी गई है।

मजे की बात तो यह रही की तीन जुलाई को पूरे दिन बरसात होता रहा इतना ही नहीं जिस सड़क पर पंचायत मित्र अनिता द्वारा तीन जुलाई को मनरेगा कार्य दिखाया गया हैं ।उस सड़क को बीते 30 जून और एक जुलाई में ही धान की रोपाई हो चुकी है।पंचायत मित्र अनिता द्वारा बड़ी सफाई से भू निर्देशांक पर कार्य कोड संख्या 3152013044/एल डी/95848625582462708 1पर चकबंद कार्य एम एस आर नंबर 3941में डिटेल लोड कर शिवकुमार के खेत से बड़हरा सिवान के चकमार्ग के कार्य को फाइनल कर दिया गया है जबकि उक्त जगह पर पूरा दिन बारिश होता रहा है।



### पंचायत मित्र ने किया हीलाहवाली, बीडीओ ने कहा जांच कर की जाएगी कार्रवाई

अब सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों पर सरकार के जिम्मेदार उच्चाधिकारियों का हाथ है या कार्यवाही कर उन्हे सस्पेंड कर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएंगे ।मनरेगा द्वारा कराए गए ऐसे दर्जनों कार्य की जांच कराई जाए तो पंचायत मित्र के साथ प्रधान और जेई भी भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त पाए जायेंगे ।उक्त कार्य योजना के संबंध में पूछे जाने पर पंचायत मित्र अनिता ने बताया कि हमे कार्य की जानकारी नहीं है जबकि फोटो अपलोड पंचायत मित्र के द्वारा ही किया गया है। इस संबंध में फरेंदा बीडीओ कृष्ण कांत शुक्ला ने बताया कि तीन जुलाई को पूरा दिन बारिश हो रहा था तो मनरेगा का काम संभव नहीं है ऐसे में अगर कार्य हुआ होगा तो पंचायत मित्र पर कार्यवाही किया जायेगा।

# धौरहरा गांव में पौधारोपण कर पेड़ नहीं कटाने का लिया गया संकल्प

जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

विकासखंड गोला क्षेत्र के धौरहरा गांव में वन महोत्सव सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को ग्राम प्रधान रामेश्वर दुबे के नेतृत्व में वन विभाग ने पौधारोपण कर, पर्यावरण संरक्षण व लोगों से पेड़ नहीं काटने का संकल्प दिलाया ढ्ढ वन महोत्सव अभियान में गांव के विद्यालय परिसर में गूलर ,पाकड़, पीपल ,आम, चितवन आदि दर्जनों वृक्षों का रोपण किया गया।

वन क्षेत्राधिकारी शिवजीत सिंह ने कहा कि हम सभी जाने अंजाने में प्रकृति को नुकसान पहुंचाते हैं। इसका प्रभाव सभी पर पड़ता है।, ऐसे में जरूरी है कि समय रहते हुए पेड़ों को संरक्षित करें। यदि हमने पेड़ों को संरक्षित नहीं किया तो आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा ढ्ढवैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण में सबसे अधिक दिक्कत आक्सीजन की रही। पौधारोपण करते हुए कहा कि हमें पेड़ों से आक्सीजन मिलती हैंढ्ढ बिना आक्सीजन के हम एक पल जिंदा नहीं रह सकते हैं, ऐसे में जरूरी है कि अधिक से अधिक पौधारोपण करें। प्रधान प्रतिनिधि तारकेश्वर दुबे ने कहा कि वन महोत्सव सप्ताह के तहत गोला ब्लॉक परिक्षेत्र में पौधारोपण अभियान शुरू हो गया है। वनों के संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम सभी दो पौधे अवश्य लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ईमानदारी पूर्वक उठाएं, तभी वृक्षारोपण अभियान की सार्थकता और सफलता सिद्ध होगीढ्ढ इस अवसर पर श्रीभागवत यादव, प्रिंस दुबे, सदाबृक्ष यादव, अंबिका लाल, पप्पू कुमार, झीनक दुबे , परमेश्वर दुबे सहित सभी वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।




# कर्मचारियों को राहत देने वाला हो केंद्रीय बजट



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

संसद के मानसून सत्र में 23 जुलाई को सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले पूर्णकालिक बजट में कर्मचारियों को राहत देने की व्यवस्था की जाए ।उक्त बातें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कर्मचारियों की एक बैठक में कहा।

उन्होंने कहा कि बजट में सरकार कर्मचारियों की बहु प्रतिक्षित मांग पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करे। सरकार के इस निर्णय से देश के करोड़ों कर्मचारी और उनके परिजनो को राहत मिलेगी। संगठन महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने कहा की महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है इस लिए नियम अनुसार 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को मूल भत्ते में मर्ज किया जाए और सरकार आठवें वेतन आयोग के लिए समिति का गठन करें जिससे समय पर कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ मिल सके। उपाध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि कर्मचारियों का फिटमेंट फैक्टर 2.68 से बढ़कर 3.67 करने की पुरानी मांग को भी पूरा किया जाए। बैठक में राजस्व अमीन संग्रह के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ला ने कोरोना काल में फ्रिज डीए का एरियर देने और पेंशनरों को रेल किराया में रियायत देने का मामला उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं संचालन मीडिया प्रभारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गोविन्द, रूपेश कुमार श्रीवास्तव, मदन मुरारी शुक्ल, राजेश सिंह, श्याम नारायण शुक्ल, अशोक पांडेय, अनूप कुमार, इजहार अली, प्रभु दयाल सिन्हा, बंटी श्रीवास्तव, फुलई पासवान, ओंकार नाथ राय, जामवंत पटेल, विजय शर्मा, विनीता सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया सीएचसी, बरहज, पीएचसी महेन व भलुअनी का औचक निरीक्षण

* सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव को दिया जाए बढ़ाया –डीएम

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने गुरुवार को एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में सफाई व्यवस्था में सुदृढ़ नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार का निर्देश दिया। जिलाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, महेन पहुंचकर सर्वप्रथम ओपीडी के विषय में जानकारी प्राप्त की, जहां 61 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया था। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान दीवार पर सीलन मिली तथा बेड पर बिछी चादर भी साफ नहीं मिली, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने एमओआईसी डॉक्टर राजेंद्र कुमार को स्वास्थ्य केंद्र परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। एंटी स्नेक वेनम के विषय में भी जानकारी प्राप्त की और लोगों को सर्पदंश से बचाव के विषय में जागरूक करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहज के निरीक्षण के दौरान जनसामान्य को मिल रही चिकित्सकीय सुविधा के विषय में जानकारी प्राप्त की। एमओआईसी डॉक्टर अजय पाल ने डीएम को बताया कि गुरुवार को ओपीडी में 237 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। लैब में 32 टेस्ट हुए तथा दो मरीजों ने एक्सरे कराया। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना के विषय में भी जानकारी प्राप्त किया। एमओआईसी ने बताया कि गत रात्रि रीना शर्मा पत्नी संदीप कुमार, निवासी सहियागढ़ की नॉर्मल डिलीवरी हुई है, जिलाधिकारी ने जनरल वार्ड में शिशु एवं मां का कुशल क्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अधिक से अधिक संस्थागत नॉर्मल डिलीवरी कराई जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल के कमरों की सीलन एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया । उन्होंने दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया और मरीजों की पर्ची से मिलान कर दवाओं की उपलब्धता परखी। डीएम ने सीएचसी में सोलर पैनल लगाने तथा अस्पताल परिसर के टाइलीकरण के विषय में भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी पीएचसी, भलुअनी पहुंचे जहां डॉक्टर नवीन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के विषय में जानकारी दी। यहां 58 मरीजों ने ओपीडी में दिखाया। डीएम ने सीलन भरे कमरे और गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और विगत तीन वर्षों के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के मेंटेनेंस पर हुए खर्च का ब्यौरा तलब किया। डीएम ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को मानक स्वरूप दिया जाएगा। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉक्टर कार्तिक पांडेय, तहसीलदार बरहज अरुण यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।





# सीएम सिटी पुलिस ने अंतर्प्रांतीय 7 टप्पेबाजों को किया गिरफ्तार

* अवैध कूटरचित दस्तावेजों द्वारा धोखाधड़ी कर करते थे टप्पेबाजी
* अभियुक्तों के कब्जे से 19,760 रुपयें, घटना में प्रयुक्त 7 अदद मोबाइल, कूटरचित आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज हुए बरामद

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मनीष यादव प्रभारी एसओजी व प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मुकदमा 163/2024 धारा 379 से संबंधित वांछित अभियुक्त देवनाथ कुमार, उमेश राउत, गुड्डू राठौर, विशाल कुमार, संतोष राउत, चन्दू राय, सुनेश राउत को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 19,760 रुपयें नकद, घटना में प्रयुक्त 7 अदद मोबाइल, कूटरचित आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज भी बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 419,420,467, 468,471,411 भादवि व एक अन्य अभियोग 188/2024 धारा 313, 112, 319(2), 318(4), 338, 336 (3), 340(2),317(2) की बढ़ोतरी की गई। पुलिस को जरिए मुखबीर खास से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति चोरी व टप्पेबाजी करने की योजना बना रहे है । इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुचकर संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हम सभी लोग एक साथ मिकलर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चोरी व लोगों को विश्वास में लेकर टप्पेबाजी करते है जिनके पास से 19,760 रुपयें, अपराध करने में प्रयुक्त 07 अदद मोबाइल, कूटरचित आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद किया गया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्त पश्चिमी चंपारण बिहार के निवासी हैं।

# दोस्तों संग नदी में नहाने गया युवक डूबा तलाशने में जुटी एसडीआरएफ टीम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

तिवारीपुर थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हो गया। माधोपुर का रहने वाला 20 वर्षीय रवि पासवान पुत्र छांगुर पासवान अपने तीन दोस्तों के साथ रोहिणी नदी में नहाने गया था । नदी में नहाते समय रवि अचानक डूब गया, उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह उसे बचा नहीं पाए। रवि के डूबने की सूचना दोनों दोस्तों ने परिवार वालों को दी परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर रवि को तलाशने की कोशिश की और पुलिस को सूचित किया मौके पर स्थानीय पार्षद जयंत निषाद भी पहुंचे पुलिस की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक को नदी में तलाशने लगी। रवि तीन भाइयों में सबसे छोटा था उसकी दो भी बहनें हैं। एसडीआरएफ की टीम बुधवार शाम तक युवक को तलाशने में नाकाम रही। गुरुवार को भी युवक की तलाश जारी रही।



# पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से किसानों की सौ एकड़ फसल हुई जलमग्न

जन एक्सप्रेस। पनियरा महाराजगंज

विकास खंड पनियरा के ग्राम सभा इलाहाबाद में बारिश के पानी से किसानों की सौ एकड़ धान की फसल जलमग्न हो गई है।जल निकासी की व्यवस्था न होने से किसान परेशान है। बृहस्पतिवार को ग्रामीण राजेश प्रताप सिंह ,जय सिंह ,ओम प्रकाश सिंह ,ठाकुर सिंह, दुर्विजय सिंह ,राम दवन यादव ,राम ललित यादव, तुलसी शर्मा ,दीनानाथ, प्रेम कुमार ओमप्रकाश साधू सिंह आदि किसानों ने उप जिलाधिकारी को इस मामले में शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया है कि इलाहाबाद गांव से महुंअवा शुक्ल गांव तक जाने वाली पक्की सड़क सरस्वती देवी इंटर कॉलेज के सामने काफी पुरानी पुलिया बनी हुई है ,जिससे बरसात का पानी खेतों से बाहर निकल रहा था , परंतु गांव के कुछ लोगों द्वारा हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान की मिली भगत से पक्की दीवार चलाकर पुलिया को अवरुद्ध कर दिया गया है। इस संबंध में हल्का लेखपाल जयप्रकाश ने बताया कि वहां कुछ लोगों का आपसी विवाद है । इस मामले में तहसीलदार को रिपोर्ट दे दिया हूं ।मेरे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार है।



# केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री के गोरखपुर में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

बांसगांव संसदीय क्षेत्र से लगातार चौथी बार सांसद चुने गए और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री बनाए गए कमलेश पासवन के प्रथम बार गोरखपुर आगमन पर पासी समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान नंदा नगर पुलिस चौकी के सामने कार्यकर्ताओं ने मंत्री का सिक्कों से किया तुलादान किया तो वहीं कार्यकर्ताओं ने नगर के 29 चौराहों पर भव्य स्वागत किया। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ एयर फोर्स, नंदा नगर, मोहद्दीपुर, यूनिवर्सिटी चौराहा ,गोलघर, असुरन चौराहा होते हुए मेडिकल कॉलेज स्थित पासवान आवास पर पहुंचे। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थकों द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि हम सभी के आभारी हैं और निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

# वृक्षों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर प्रकृति करती है अनंत उपकार: दीपक मिश्रा

जन एक्सप्रेस। बरहज देवरिया

सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सभा बकुची में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका ने पौधरोपण कर वन महोत्सव मनाया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विधायक ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे रोपित करना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन पाठक, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रविन्द्र सिंह, वन दरोगा शैलेंद्र सिंह, अनिल सिंह, राजकुमार सिंह, वन रक्षक गौरव सिंह, भाजपा नेता अजय वत्स, अनूप उपाध्याय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# संपूर्णता अभियान उत्सव जनपद में भव्य रूप से किया गया आयोजित

## 30 सितंबर तक आकांक्षात्मक विकास खण्डों को 6 इंडिकेटर में किया जाएगा संतृप्तिः जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर



जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा नामित सीनियर कंसलटेंट डॉ.साक्षी खुराना की उपस्थित में जनपद मुख्यालय स्थित लोहिया भवन में ÷सम्पूर्णता अभियान÷ उत्सव को भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा विभिन्न विभागों बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्ठाहार विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग, मत्स्य विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों काअवलोकन किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल में रक्तदान, उपयोगी मेडिसिन, क्षय रोग, कुष्ठ रोग सहित अन्य स्टालों का भी अवलोकन किया गया। बाल विकास एवं पुष्ठाहार के अन्तर्गत महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्न परासन कराया गया। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं द्वारा लोहिया भवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षय रोग, संचारी रोग व कुष्ठ रोग से संबंधित नुक्कड़ नाटक कराया गया। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को जिसमें मृदा स्वास्थ्य कार्ड ,आयुष्मान कार्ड विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत टूल किट वितरण, डेमो चेक, क्षय रोगियों को पौष्ठिक आहार किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम आगामी 5 व 6 जुलाई को आकांक्षी विकास खंडों में भी कराया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भियांव ,टांडा व भीटी के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन के दौरान बताया गया की मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जनपद लगातार विकास की ऊंचाइयां छू रहा है। जनपद में दो एक्सप्रेसवे आते हैं जिससे रोजगार की असीम संभावनाएं बन रही हैं। यहां पर देश के कई उद्योगपति अपने उद्योग की स्थापना करना चाह रहे हैं साथ ही साथ मुख्यमंत्री द्वारा दो औद्योगिक विकास कॉरिडोर दिए गए हैं, जिस पर तेज गति से कार्य हो रहा है और इससे जनपद में रोजगार का सृजन होगा। अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर अयोध्या में आए हुए पर्यटकों के आने की संभावना को देखते हुए अनेक पर्यटक स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों के आने की संभावना बढ़ रही है पर्यटकों के बढ़ने से रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री के 1 ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करने में जनपद अपना योगदान प्रदान करेगा।

डॉ साक्षी खुराना ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें आगामी तीन माह का एक खाका तैयार करना होगा, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को प्रदान किया जा सके। उन्होंने यहां के कार्यक्रम को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और यह आशा की है कि जनपद के तीनों विकास खण्ड निर्धारित समय तक 06 इंडिकेटर से संतृप्त होंगे। मुख्यमंत्री के कॉमन मैन अवधारणा के तहत जिलाधिकारी द्वारा मुसहर समुदाय के उत्थान के लिए रोजगार प्रदान करने हेतु दोना-पत्तल सहित अन्य व्यवसाय भी कराए गए हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सम्मान पूर्ण जीवन जीने के लिए जिलाधिकारी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। इसके तहत जिलाधिकारी द्वारा तहसील भीटी व जलालपुर में भी कई कार्यक्रम कराए गए हैं। सफलता की कहानी अपनी जुबानी के तहत वहां पर उपस्थित कई महिलाओं द्वारा अपनी सफलता का बयान किया गया, जिस पर जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। जनपद के विकास की गाथा दिखाने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यक्रम में निर्धारित इंडीकेटर्स में से 06 इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी तथा अपर संख्या अधिकारी सर्वेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में बच्चे की मौत, परिवारिजनों ने हॉस्पिटल में काटा हंगामा, डॉक्टर पर पेट-गला दबाकर मारने का आरोप

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



शहर के चर्चित एक चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में संदिग्ध परिस्थितियों में चार वर्षीय एक मासूम की मौत हो गई। परिवारिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल में हंगामा काटा। मौके पर आई पुलिस ने मामला शांत कराते हुए शव को पीएम में भेजकर जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला कोतवाली नगर के डाक खाना चौराहा अंतर्गत मिश्रा हॉस्पिटल का है। जहां लम्भुआ के घाटमपुर निवासी अंजू पत्नी संदीप यादव ने अपने चार वर्षीय पुत्र आयन को बुधवार को एडमिट कराया था। बच्चे को सांस लेने में समस्या हो रही थी। आरोप है कि हॉस्पिटल के कर्मचारी व डॉक्टर ने गला व पेट दबाकर बच्चे को मारा है। वही बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और हॉस्पिटल में हंगामा किया। जिस पर पुलिस आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर जांच शुरू कर दी है।बच्चे के पिता संदीप ने बताया कि चौबीस घंटे में एक बार डॉक्टर आए बच्चे को देखने के लिए। बच्चे की हालत रात में खराब हुई तो स्टॉफ सोता रहा। सुबह डॉक्टर ने बच्चे के चेस्ट पर इतना प्रेशर किया कि उसकी जान चली गई। वही इस मामले में हॉस्पिटल संचालक डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि कल बच्चे को लेकर आए थे जिसको आठ घंटे से दौरा आ रहा था। उसके फेफड़े में इन्फेक्शन था जिससे उसको सांस लेने में दिक्कत थी। घर वालो को ये सारी चीजे बता दी गई थी। उसका इलाज किया गया लेकिन दुर्भाग्य वश बच्चा सर्वाइव नहीं कर पाया। अंत में हम लोगों ने उसका सीपीआर किया जो उसके अटेंडेंट को लगा की हम लोगों ने दबा दबा कर मार डाला।

### महिला ने वीडीओ से निकलने के लिए रास्ता बनवाने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस/बल्दीराय/सुलतानपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुखबडेरी निवासिनी गायत्री देवी ने खंड विकास अधिकारी बल्दीराय को प्रार्थना पत्र के जरिए रास्ता दिलाए जाने की मांग की है। गाव रहवासिनी गायत्री देवी ने बताया कि उसके मकान से सटा चकरोड गाटा सं0 20 स्थित है जिस पर कुछ लोगो द्वारा कब्जा किया गया था। शिकायत पर राजस्व विभाग द्वारा चकरोड की पैमाइश करवा कर चिहित कर दिया था। बावजूद इसके ग्राम प्रधान द्वारा चकरोड पर मिट्टी नही डाली गई। महिला ने बताया कि उसके मकान से निकलने के लिए मात्र चकरोड ही एक रास्ता है, महिला चकरोड पर मिट्टी डालने हेतु खन्ड विकास अधिकारी बल्दीराय को प्रार्थना पत्र दिया। रास्ते के मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बल्दीराय राधेश्याम ने बताया कि चकरोड पर मिटटी डालने का प्रस्ताव किया गया है बरसात होने के कारण कार्य बाधित था जल्दी ही चकरोड का चौड़ी करण करवाकर रास्ता सुलभ करवाया जाएगा।

# छत के रास्ते घुसकर चोरों ने घर को बनाया निशाना, लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। छत के रास्ते घर में प्रवेश किए चोरो ने घर को खंगालते हुए लाखों के जेवरात पार किए हैं। घटना में चोरो के घर के अंदर घुसने का एक सीसीटीवी सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिश्रौली गांव निवासी सुशील कुमार मिश्रा के घर को निशाना बनाते हुए चोरो ने लाखो की चोरी कर ली। यह चोरी उस समय हुई जब सुशील मिश्रा की मां बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। तभी चोर छत के रास्ते कमरे में पहुंचे और इस घटना को अंजाम दिया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो सामान को अस्त व्यस्त पाकर भौचक्के हो गए कि उनकी मेहनत से बनाई गई गृहस्थी पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। एक सीसीटीवी सामने आया है जिसमे चार अज्ञात चोर घर में घुसे देखे जा रहे हैं।

उधर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की है। एसओ गोसाईगंज को दिए प्रार्थना पत्र में सुशील कुमार मिश्रा ने बताया है कि चोरों ने उनके घर से तीन चांदी के सिक्के, दो जोड़ी पायल, सोने का एक जोड़ी टप्स, चांदी का एक बाउल, एक पीस सोने की अंगूठी, करधन चांदी का, एक पीस मंगलसूत्र और पंद्रह सौ रुपए नगद चोरी किया है। सुशील मिश्रा की शिकायत के बाद गोसाईगंज थाने की पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

# नवागत एसडीएम ने संभाला बल्दीराय तहसील का कार्यभार

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



नवागत एसडीएम प्रवीण कुमार ने गुरुवार को बल्दीराय तहसील कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद एसडीएम ने सबसे पहले तहसील परिसर का निरीक्षण किया। नवागत एसडीएम ने शिकायत पत्रों के बारे में ऑनलाइन निस्तारण के बारे में जानकारी ली।इसके बाद अपने कार्यालय में बैठकर शिकायतें भी सुनीं। एसडीएम ने कहा कि पीड़ित जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता अपनी समस्या को लेकर कभी भी कार्यालय में मिल सकती है। काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का शत-प्रतिशत पालन कराना ही पहला कर्तव्य होगा। आम-आदमी की समस्याओं का निस्तारण कराना व त्वरित न्याय पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को प्राथमिकता से क्रियान्वित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा।

# लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर दो ट्राला की जोरदार टक्कर, उड़े परखच्चे, कटर से काटकर निकाला गया



जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

बंधुआ कला रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे पर दो ट्राला में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में सुलतानपुर से लखनऊ जा रहे ट्राला के परखच्चे उड़ गए। चालक बुरी तरह फस गया, घटना रात करीब दो बजे की है। मौके पर पहुंची पुलिस के तीन से चार घंटे के अथक प्रयास के बाद कटर से काटकर चालक को बाहर निकाला जा सका। घायल चालक की हालत ठीक है, जहां हादसा हुआ है वहां सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है इससे रास्ता संकरा हो गया. इस वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

### लगा लम्बा जाम, डटी रही पुलिस

गाड़ियों के टक्कर से करीब एक किलोमीटर तक लम्बा जाम लग गया. ड्यूटी व स्कूल जाने का समय होने के नाते यह जाम बढ़ता जा रहा था। स्थिति असामान्य होते देख पुलिस कर्मियों द्वारा निर्माणाधीन हाईवे से ही वाहनो की आगे की ओर निकालने के लिए निर्देशित किया गया। कस्बा व आसपास गावों के काफी बच्चे नगरीय क्षेत्र व आसपास स्थित विद्यालयों में पढते हैं जाम लगने से स्कूली वाहनों को जाने नहीं दिया गया।

### पुलिस के बुलाने पर भोले बाबा प्रकट होंगे: ए.के. सिंह एडवोकेट

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** जनपद हाथरस के सिकंदराराऊ में सत्सग भगदड में घायल हुए लोगों से भोले बाबा के वकील ए.पी.सिंह अलीगढ़ रामघाट रोड स्थित पं0 दीन दयाल अस्पताल पहुंचे। उन्होने कहा कि कि बाबा भागे नहीं हैं, उत्तर प्रदेश में ही हैं और जब भी बाबा को पुलिस बुलायेगी वह आयेंगे। गुरूवार को बाबा साकार हरि के वकील डा. ए.के. सिंह अलीगढ़ रामघाट रोड स्थित पं0 दीनदयाल अस्पताल पहुंचे सिकंदराराऊ सत्सग के दौरान भगदड में घायल हुए लोगों और उनके परिजनों से मिले और उनके हालचाल पूछे हैं। ए.के. सिंह सुप्रीम कोर्ट के वकील भी है। 2 जुलाई को हुए हाथरस हादसे के बाद साकार हरि ने एपी सिंह को अपना वकील नियुक्त किया था। गुरूवार को ए.पी. सिंह अलीगढ़ के दीनदयाल अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने घायलों से जानकारी ली।


## प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग के चलते रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण / मार्ग परिवर्तन / आंशिक निरस्तीकरण / पुनर्निधारण एवं रोककर चलाना

आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद डिवीजन के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सैक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 07.07.2024 से 05.08.2024 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों को निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 14617 बनमनखी जं. – अमृतसर जं. जनसेवा एक्सप्रेस | 27.07.2024 से 07.08.2024 |
| 14618 अमृतसर जं. – बनमनखी जं. जनसेवा एक्सप्रेस | 25.07.2024 से 05.08.2024 |
| 12492 जम्मू तवी – बरौनी जं. मौर ध्वज एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 12491 बरौनी जं. – जम्मू तवी मौर ध्वज एक्सप्रेस | 28.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15211 दरभंगा जं. – अमृतसर जं. जननायक एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15212 अमृतसर जं. – दरभंगा जं. जननायक एक्सप्रेस | 25.07.2024 से 06.08.2024 |
| 22423 गोरखपुर जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 22.07. 29.07 से 05.08.2024 |
| 22424 अमृतसर जं. – गोरखपुर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 21.07, 28.07 से 04.08.2024 |
| 14603 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 14604 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 22551 दरभंगा जं. – जलंधर सिटी अंतोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 22552 जलंधर सिटी – दरभंगा जं. अंतोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 28.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी जं. राज्यराणी एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 05.08.2024 |
| 22454 मेरठ सिटी जं. – लखनऊ जं. – राज्यराणी एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 06.08.2024 |
| 14235 वाराणसी जं. – बरेली एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14236 बरेली – वाराणसी जं. एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15043 लखनऊ जं. – काठगोदाम एक्सप्रेस | 21.07, 22.07, 24.07, 25.07, 26.07, 28.07, 29.07, 31.07 एवं 01.08, 02.08, 04.08.2024 |
| 15044 काठगोदाम – लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 22.07, 23.07, 25.07, 26.07, 27.07, 29.07, 30.07 एवं 01.08, 02.08, 03.08, 05.08.2024 |
| 15904 चंडीगढ़ – डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | 31.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15903 डिब्रुगढ़ – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 29.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 15119 बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15120 देहरादून – बनारस एक्सप्रेस | 24.07.2024 से 05.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर नौचन्डी एक्सप्रेस | 22.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर – प्रयागराज संगम नौचन्डी एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 05.08.2024 |
| 13257 दानापुर – आनन्द विहार टर्मिनल जनसाधारण एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 04.08.2024 |
| 13258 आनन्द विहार टर्मिनल – दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस | 02.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15011 लखनऊ जं. – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15012 चंडीगढ़ – लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15073 सिंगरौली – टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 01.08, 03.08 एवं 06.08.2024 |
| 15075 शक्तिनगर – टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 31.07, 02.08, 04.08 एवं 05.08.2024 |
| 15076 टनकपुर – शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 30.07, 01.08, 03.08 एवं 04.08.2024 |
| 15074 टनकपुर – सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस | 31.07, 02.08 एवं 05.08.2024 |
| 15127 बनारस – नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15128 नई दिल्ली – बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 12203 सहरसा जं. – अमृतसर जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | 04.08.2024 एवं 05.08.2024 |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | 03.08.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15910 लालगढ़ जं. – डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 04.08.2024 |
| 15909 डिब्रुगढ़ – लालगढ़ जं. अवध असम एक्सप्रेस | 29.07.2024 से 01.08.2024 |
| 15654 जम्मू तवी – गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस | 02.08.2024 |
| 15653 गुवाहाटी – जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | 31.07.2024 |
| 12588 जम्मू तवी – गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 03.08.2024 |
| 12587 गोरखपुर – जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04.08.2024 |
| 15623 भगत की कोठी – कामाख्या एक्सप्रेस | 30.07.2024 एवं 06.08.2024 |
| 15624 कामाख्या – भगत की कोठी एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 15531 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 21.07, 28.07 एवं 04.08.2024 |
| 15532 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 22.07, 29.07 एवं 05.08.2024 |
| 12407 न्यू जलपाईगूड़ी – अमृतसर जं. कर्मभूमि एक्सप्रेस | 24.07, 31.07 एवं 07.08.2024 |
| 12408 अमृतसर जं. – न्यू जलपाईगूड़ी कर्मभूमि एक्सप्रेस | 19.07, 26.07 एवं 02.08.2024 |
| 15655 कामाख्या – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | 21.07.2024 एवं 28.07.2024 |
| 15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – कामाख्या एक्सप्रेस | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 04379 रोज़ा जं. – बरेली मेल एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 06.08.2024 |
| 04380 बरेली – रोज़ा जं. मेल एक्सप्रेस | 22.07.2024 से 05.08.2024 |
| 05459/05460 सीतापुर जं. – शाहजहाँपुर – सीतापुर जं. अनारक्षित स्पेशल | 22.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04305 बालामऊ जं. – शाहजहाँपुर एमईएक्स स्पेशल | 21.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04306 शाहजहाँपुर – बालामऊ जं. एमईएक्स स्पेशल | 23.07.2024 से 07.08.2024 |
| 04337/04338 सीतापुर सिटी – शाहजहाँपुर – सीतापुर सिटी एक्सप्रेस स्पेशल | 22.07.2024 से 06.08.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | गाजियाबाद जं. – कानपुर सेन्ट्रल – लखनऊ | 05.08.2024 |
| 15529 सहरसा जं. – आनन्द विहार ट. जनसाधारण एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 15530 आनन्द विहार ट. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 24.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15621 कामाख्या – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15622 आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी–आनन्द विहार टर्मिनल चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 21.07, 23.07, 25.07, 28.07, 30.07 एवं 01.08, 04.08.2024 |
| 14010 आनन्द विहार टर्मिनल – बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 22.07, 24.07, 27.07, 29.07, 31.07 एवं 03.08.2024 |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहां रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके के बीच रेलगाड़ी रद्द रहेगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथियां (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 12369 हावड़ा जं. – देहरादून कुंभ एक्सप्रेस | लखनऊ पर | बरेली – मुरादाबाद – लक्सर जं. – हरिद्वार जं. – देहरादून | 31.07, 01.08, 03.08 एवं 04.08.2024 |
| 12370 देहरादून – हावड़ा जं. कुंभ एक्सप्रेस | लखनऊ से | देहरादून – हरिद्वार जं.–लक्सर जं. – मुरादाबाद – बरेली | 01.08, 02.08, 04.08 एवं 05.08.2024 |
| 12327 हावड़ा जं. – देहरादून उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ पर | बरेली – मुरादाबाद – लक्सर जं. – हरिद्वार जं. – देहरादून | 02.08.2024 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ से | देहरादून – हरिद्वार जं.–लक्सर जं. – मुरादाबाद – बरेली | 03.08.2024 |
| 04319 लखनऊ – शाहजहाँपुर एक्सप्रेस स्पेशल | बालामऊ जं. पर | मसीत – करना – हरदोई – कौढ़ा – बेहटा गोकुल – टोडरपुर – आंझी शाहबाद – ऐगवाँ – कहिलिया – रोज़ा जं. शाहजहाँपुर | 06.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04320 - शाहजहाँपुर – लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल | बालामऊ जं. से | शाहजहाँपुर – रोज़ा जं. – कहिलिया – ऐगवाँ – आंझी शाहबाद – टोडरपुर – बेहटा गोकुल – कौढ़ा – हरदोई – करना – मसीत | 07.07.2024 से 06.08.2024 |

### रेलगाड़ियों का पुनर्निधारण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | पुनर्निधारण रेलगाड़ियाँ |
|---|---|
| 12392 नई दिल्ली – राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 05.08.2024 को नई दिल्ली से 13:10 के स्थान पर 14:10 बजे (60 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 03.08.2024 को नई दिल्ली से 11:25 के स्थान पर 12:40 बजे (75 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 20506 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को नई दिल्ली से 11:25 के स्थान पर 12:40 बजे (75 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 02.08.2024 एवं 03.08.2024 को कोलकाता से 11:45 के स्थान पर 01:45 बजे (120 मिनट देरी से) एवं दिनांक 04.08.2024 को 11:45 के स्थान पर 15:45 बजे (240 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 13152 जम्मू तवी – कोलकाता एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को जम्मू तवी से 20:30 बजे के स्थान पर 22:30 बजे (120 मिनट देरी से), दिनांक 02.08.2024 एवं दिनांक 03.08.2024 को 20:30 बजे के स्थान पर 00:30 बजे (240 मिनट देरी से) एवं दिनांक 04.08.2024 को 20:30 बजे के स्थान पर 02:30 बजे (360 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 12332 जम्मू तवी – हावड़ा जं. हिमगिरी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे के स्थान पर 01:45 बजे (180 मिनट देरी से), दिनांक 04.08.2024 को 22:45 बजे के स्थान पर 05:45 बजे (420 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |

### रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमित रेलगाड़ी |
|---|---|
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 19.07.2024 से 22.07.2024 तक रास्ते में 60 मिनट के लिए रोक कर चलाई जाएगी। |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीबरथ | रेलगाड़ी दिनांक 20.07.2024 एवं 21.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी | रेलगाड़ी दिनांक 23.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15044 काठगोदाम – लखनऊ एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 23.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी – आनन्द विहार ट. चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 07.07.2024 एवं 11.07.2024 को 30 मिनट और 09.07.2024 को 60 मिनट रास्ते में रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15621 कामाख्या – आनन्द विहार ट. एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 11.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13307 धनबाद जं. – फिरोजपुर कैंट जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को रास्ते में 60 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15119 बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 05.08.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15652 जम्मू तवी – गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 31.07.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13005 हावड़ा जं. – अमृतसर जं. मेल एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को रास्ते में 60 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 12326 नंगल डैम–कोलकाता गुरूमुखी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 03.08.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तराई में राज्य पक्षी सारस की संख्या 99 से बढ़कर हुई 101

* वन विभाग की ओर जारी किए गए 2024 सारस गणना के परिणाम
* तराई में लगातार बढ़ रहा राज्य पक्षी सारस का कुनबा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर





"शासन के निर्देश पर पीटीआर और सामाजिक वानिकी प्रभाग में 20 जून को राज्य पक्षी सारस की गणना का कार्य कराया गया है।रेंजवार आठ टीमों ने गणना का कार्य पूरा किए हैं। इस बार भी सारस गणना में अच्छे परिणाम मिले हैं। जिले इनकी संख्या 99 से बढ़कर 101 पंहुच गई है। वन विभाग इनके संरक्षण को लेकर आगे भी प्रयासरत हैं।

मनीष सिंह, डीएफओ पीटीआर।

तराई के जिले में राज्य पक्षी सारस कि गणना का कार्य पूरा कर लिया गया। इस बार भी वन विभाग ने इनके संरक्षण को लेकर सजगता दिखाई है। सारस की गणना के बाद परिणाम सार्वजनिक किए गए हैं। इसके तहत जिले के विभिन्न जलीय इलाकों में कुल 101 सारस पाए गए हैं। जून को सुबह और सायं के समय की गई गणना में कुल 101 सारस पाए गए। इसी घोषणा पीटीआर प्रभागीय निदेशक की ओर से की गई।

तराई का जिला होने के कारण यहां राज्य पक्षी सारस के लिए वातावरण काफी अनुकूल है। तालाब, पोखर, नहरों के साथ अन्य क्षेत्रों के आसपास सारस का वास रहता है। सारस दिन में शिकार के लिए उड़ान भरकर दो सौ किमी तक पहुंच जाते हैं। लेकिन शाम को फिर उसी स्थान पर आकर अपना बसेरा करते हैं। जहां उनका वास्तविक वास स्थल रहता है।

सारस नर-मादा जोड़े में रहते हैं। अपने निर्धारित वास स्थलों पर ही मादा पछी अंडे देती है। इस बार शासन के निर्देश पर एक साथ पूरे प्रदेश में निर्धारित समय 20 जून से सारस की गणना करने का कार्य शुरू किया गया था।

20 जून को सुबह छह बजे से आठ बजे फिर शाम को चार बजे से छह तक रेंजवार आठ टीमों ने गणना की। इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीमे शामिल रही। 22 जून को गणना का मिलान किया गया। इसके बाद पीटीआर प्रभागीय निदेशक ने सारस गणना सार्वजनिक की।

इस बार भी तराई के जिले में सारस का कुनबा बढा है। इनका संख्या 99 से बढ़कर 101 दर्ज की गई है। सामाजिक वानिकी वन्यजीव प्रभाग के अधिकारियों के अनुसार सुबह और शाम के समय यह पक्षी अपने पास स्थलों के आसपास ही रहते हैं। दिन चढ़ने के साथ जब गर्मी बढ़ने लगती है तो यह उड़कर इधर-उधर पहुंच जाते हैं। इसलिए गणना का समय सुबह और शाम तय किया जाता है।

### तराइन के जिले में लगातार बढ़ रहे सरस

| वर्ष | व्यस्क सारस | बच्चे | कुल |
|---|---|---|---|
| 2019 | 80 | 04 | 84 |
| 2020 | 88 | 00 | 88 |
| 2021 | 85 | 04 | 89 |
| 2022 | 89 | 03 | 92 |
| 2023 | 96 | 03 | 99 |
| 2024 | 101 | 00 | 101 |

### सीपेज और वेटलैंड के आस पास पाए जातें हैं सारस

राज्य पक्षी सारस ज्यादातर नमदलदली भूमि, तालाब, झील, धान के खेत, सीपेज, वेटलैंड, झीलों के किनारे पाए जाते हैं। वन विभाग इनके संरक्षण को लेकर लगातार प्रयासरत हैं।इसके बावजूद भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं। मानना है कि खेतों में बड़ी मात्रा में कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल हो रहा है। जिसकी वजह से अनाज और पानी विषैला हो रहा है। जो सारस की वृद्धि में बाधक साबित हो रहा है। वर्ष 2023 में ग्रीष्मकालीन गणना में उत्तर प्रदेश में 19522 और जिले में 99 सारस दिखाई दिए।इस साल इनकी संख्या बढ़कर 101 हो गई है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मृत्यु, एक घायल

* पुलिस ने कार को पकड़कर हिरासत में लिया चालक
* वृद्ध की मौत से स्वजनों में चीत्कार, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

"पुलिस को मौके पर भेजा गया था। कार को पकड़ लिया गया है। वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्वजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

राजीव शर्मा, इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर।

बैंक में काम से पूरनपुर आ रहे बाइक सवारों को तेज रफ़्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्ध को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव भैंसासुर निवासी सुनील कुमार गुरुवार अपने पड़ोस के ही राम सिंह (65) को लेकर बाइक से पूरनपुर बैंक में किसी काम से आ रहे थे। नगर के बंडा चौराहा के पास पीलीभीत की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।कार की टक्कर से बाइक सवार युवक और वृद्ध दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की जानकारी पर नगर चौकी इंचार्ज प्रदुम्न कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने कार को पकड़ कर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी से स्वजनों में चीत्कार मच गया।

## महिला ने कुंड़े पर फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त, परिजनों में मचा हाहाकार



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गाजीपुर कुंडा में एक महिला ने कुंडे में लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। यह देख पूरे गांव एवं परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

इस घटना की पूरी जानकारी देते हुए मृतका के पति हरिओम बर्मा ने बताया बुधवार को हम पति पत्नी के बीच मायके जाने को लेकर तकरार हुई थी। और आज संदीप परिस्थितियों में घर के अंदर ही विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। वहीं बरखेड़ा पुलिस ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा की मृत्यु का के परिजनों की ओर से अभी कोई तैयारी नहीं मिली है तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी बताते चले कि जनपद बरेली के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम पाचुवा निवासी जगदेई की शादी 4 साल पहले थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर कुंडा निवासी हरिओम से हुई थीं।

हालांकि मृतका के दो बच्चे हैं जिसमें सात माह का लड़का एवं तीन वर्ष की लड़की को अपने पीछे छोड़ गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई भी लिखित शिकायत नहीं की गई हैं। वहीं थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार युवक की सांड से टकराई बाइक, गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

ससुराल से बाइक द्वारा अपने घर बीसलपुर वापस आ रहे एक युवक की बाइक ग्राम जसोली दिवाली के पास पीलीभीत मार्ग पर अचानक सांड से टकरा गई। इसके पश्चात गोवंश की मौके पर ही मृत्यु हो गई व बाइक सवार गंभीर घायल हो गया।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी चेतन स्वरूप का पुत्र रामदास अपनी बाइक द्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिरकिया अपने ससुर के दसवां संस्कार में शामिल होने गया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह बाइक द्वारा अपने घर बीसलपुर वापस आ रहा था। उसकी बाइक जैसे ही पीलीभीत मार्ग पर ग्राम जसोली दिवाली के पास पहुंची वैसे ही अचानक बाइक के सामने सड़क पर सांड आ गया। बाइक तेज होने के कारण जबरदस्त टक्कर लगने से सांड की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि बाइक सवार मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने के कारण जिला चिकित्सालय स्थानांतरित कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में चाचा भतीजी की मौत, मां घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुजानगंज थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव के पास सकापुर मोड़ पर गुरुवार को दोपहर एक बाइक से तीन लोग मां, बेटी और चाचा अपने घर उमरपुर से सुजानगंज की तरफ आ रहे थे। सामने से जा रही ट्रक ने सकापुर मोड़ के पास बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज ले आया जहां डाक्टरों ने चाचा भतीजी को मृत घोषित कर दिया जबकि मां घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरपुर गांव निवासी प्रदीप 24 वर्ष पुत्र मूलचंद्र गौतम, बेबी 13 वर्ष पुत्री राकेश गौतम एवं शोभा पत्नी राकेश कुमार एक बाइक से किसी काम से सुजानगंज आ रहे थे। सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चाचा भतीजी खून से लथपथ हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से तीनो को एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज लाया गया जहां डाक्टरों ने चाचा भतीजी को मृत घोषित कर दिया जबकि मां खतरे से बाहर बताई जा रही है। मृतक प्रदीप कुवैत में नौकरी करता था अभी कुछ दिन पूर्व ही घर आया था।

## प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत किया गया पौधरोपण

* आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी लहराएगी जीत का परचम: दिव्या गंगवार

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार





**पीलीभीत।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पीडीए पेंड़ प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किये जा रहे हैं। जिसके चलते सपा नेत्री ने बारात घर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बहेड़ी के विधायक ने वृक्षारोपण किया।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पीडीए पेंड़ प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन किये जा रहे हैं। जिसके चलते सपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने अपने बारात घर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बहेड़ी विधायक एवं पूर्व मंत्री तथा प्रदेश महा सचिव अताउर्रहमान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल में आक्सीजन की कमी होने के कारण कई गरीब बेसहारा लोगों ने आक्सीजन न मिलने के कारण दम तोड़ दिया। जिसके चलते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि पेंड़ों से लोगों को आक्सीजन मिल सके और उन्हें आक्सीजन की जरुरत न पड़े। इस मौके पर सपा नेत्री दिव्या गंगवार ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं में भी कृछ मतभेद है। पुरानी बातों को भूलकर हमें एकजुट होना पड़ेगा। तभी हम पार्टी को मजबूत बना पायेंगे। सभी कार्यकर्ता सेक्टर से लेकर बूथों तक अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें ताकि हमें हमेशाअ आक्सीजन मिलती रहे। सपा मुखिया की मेहनत रंग लायी है आज प्रदेश में नम्बर 1 पार्टी बनाने का काम किया है। सपा की सबसे अधिक प्रदेश में सीटें निकली हैं। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में बहुमत से अधिक सीटें लेकर सपा की ही सरकार बनेगी क्योंकि भाजपा की चिकनी चुपड़ी बातों से अब जनता ऊव चुकी है। जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जबाब दिया है। आज हमारे किसान पूरी पूरी रात बारिश हो या गर्मी खेतों पर ही गुजार रहे हैं फिर भी उनकी फसलों का आबारा पशु चट कर रहे हैं जिससे जनता अब फैसला कर चुकी है और आने वाले 2027 के विधान सभा चुनाव का इंतजार कर रही है। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि प्रदेश के नेता हमें प्रत्याशी बड़े सोच समझ कर देते हैं लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं की बजह से बोट कम मिलते हैं। बीसलपुर में एक कार्यालय सपा का खोला गया तो कार्यकर्ताओं ने दूसरे कार्यालय की मांग की जो नहीं होनी चाहिए। इसका संदेश दूर दर तक पहुंचा कि सपा के ही बीसलपुर विधान सभा में दो कार्यालय खुले हैं जो लोकसभा चुनाव में हमें खल गया और हमारे प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। इस मौके पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, विधान सभा अध्यक्ष शैलेष शर्मा, बलीउल्ला, सालिकराम गंगवार, रुपलाल महातिया, यूसुफ कादरी, यासीन अंसारी, अनिल, राकेश प्रजापति, कल्यान वर्मा, मुकेश पाठक, शिवनंदन मौर्य, मिश्रा, रुकमिनी देवी, नरेन्द्र कश्यप, डा0 नूरअहमद अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंजेक्शन लगाने से बालक की मौत झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खेतासाराय। मुंह मे छाला निकलने की शिकायत लेकर गए बालक को झोला छाप चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन देने से बीती रात क्षेत्र के ग्यासपुर नोनारी गांव मे बालक की मौत हो गई। पुलिस मृतक बालक की मां की तहरीर पर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन मे जूट गई है। खेतासराय थाना क्षेत्र के बारा निवासी ऋषभ 6 पुत्र रनदीप अपने ननिहाल क्षेत्र के ग्यासपुर नोनारी गांव रह रहा था। बुधवार की शाम ऋषभ मुंह पर छाला निकलने की दवा लेने मानी कलां स्थित झोला छाप चिकित्सक के दवाखाना गया था। आरोप है चिकित्सक ने ऋषभ को एक इंजेक्शन दिया जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई तथा मुंह मे झाग निकलने लगा। परिजन उसे अन्यत्र ले जा रहे थे तभी रास्ते मे ऋषभ की मौत हो गईं। उधर आरोपी चिकित्सक क्लीनिक बंद कर फरार हो गया। देर रात मृतक बालक ऋषभ की मां पूनम की तहरीर पर आरोपी चिकित्सक उदयराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पी एम के लिए भेज दिया। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया मृतक बालक की मां की तहरीर पर आरोपी चिकित्सक के विरूद्ध 106 बी एन एस मे मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। शव को पी एम के लिए भेज दिया गया है। पी एम रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम विधिक कारवाई की जायेगी।

## कांग्रेस ने देश में आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या की थी: रमेश चंद्र मिश्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



कांग्रेस देश में आपातकाल ठोकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या की थी उक्त बातें बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र जनसंपर्क कार्यालय श्री कमलम पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी गण के सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही।

श्री मिश्र ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि1975 में कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ व अंहकार में देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर दी। असंख्य सत्याग्रहियों को रातों रात जेल की कालकोठरी में कैदकर प्रेस पर ताले जड़ दिए। नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनकर संसद व न्यायालय को मूकदर्शक बना दिया।

एक परिवार के विरोध में उठने वाले स्वरों को कुचलने के लिए थोपा गया आपातकाल आजाद भारत के इतिहास का एक काला अध्याय है। 21 महीनों तक निर्दयी शासन की क्रूर यातनाएं सहते हुए देश के संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले सभी देशवासियों के त्याग व बलिदान को नमन करता हूं।

इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी गण श्री रतीराम यादव, श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, श्री लल्लनराम यादव, श्री पुल्लूराम यादव, श्री बलराम चौरसिया, श्री आद्या प्रसाद मिश्र, श्री जयनाथ पाल, श्री उमाशंकर सरोज, श्री राजाराम सरोज, श्री मेहीलाल गौतम, श्री जवाहर लाल यादव, श्री बनवारी लाल गौतम, श्री रामयश मौर्य, श्री भगवानदीन गुप्ता, जिला मंत्री श्री अवधेश यादव, श्री गंगा प्रसाद सिंह, श्री बद्री नारायण शास्त्री, श्री ओंकार नाथ मिश्र, मंडल अध्यक्ष श्री शनि शुक्ला, श्री बलबीर गौड़, श्री सिकन्दर मौर्य, श्री भूपेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सेतु निर्माण का आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए जल्द निर्माण शुरू किया जाए- जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ के द्वारा मीटिंग हॉल में सेतु निर्माण के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ रेलवे सेक्सन (नईगंज) में बनने वाले ओवर ब्रिज की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया है कि 10 दिन के अंदर रेलवे भाग अनुमानित डिजाइन ड्रॉइंग द्वारा सेतु निगम को उपलब्ध करा दिया जाएगा, तत्पश्चात निर्माण कार्य सेतु निगम के द्वारा प्रारंभ कर दिया जाएगा। जगदीशपुर ओवर ब्रिज के निर्माण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाए। जनपद में उत्तर रेलवे के जौनपुर-शाहगंज रेल सेक्शन के सम्पार संख्या-43ए एवं 42 एए पर संयुक्त रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण और जफराबाद-जंघई-प्रयागराज (हौज) को भी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए जल्द जल्द से निर्माण प्रक्रिया शुरू किया जाए। इस अवसर पर उ0प्र0 राज्य सेतु निगम वाराणसी लि0 वाराणसी दीपक गोविल, उप परियोजना प्रबन्धक सेतू निर्माण इकाई जौनपुर जेपी गुप्ता, सहायक अभियंता के के मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण प्रसव कम कराए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कम प्रसव कराए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने हर हाल में प्रसव संख्या बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संचारी एवं दस्तक अभियान के लिए की गई तैयारी की भी समीक्षा किया।

प्रचार प्रसार सामग्री, ओआरएस पैकेट, जिंक की उपलब्धता इत्यादि के विषय में जानकारी लिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबोधित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उनसे दस्तक अभियान के दौरान घर घर भ्रमण कर की जाने वाली गतिविधियों से संबंधित प्रश्न भी पूछा। उन्होंने बुखार एवं लक्षण युक्त रोगियों के चिन्हीकरण, मच्छर के प्रजनन स्रोतों का विनष्टीकरण तथा डायरिया रोग से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट दिए जाने पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 संजय दुबे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी तथा जिला कार्यक्रम मैनेजर संजय रघुवंशी उपस्थित रहे।

## जौनपुर में बेसिक शिक्षा का बुरा हाल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के विकास खंड सुईथाकला में बेसिक शिक्षा का बुरा हाल है देश के भविष्य नव निहालो के साथ खिलवाड़ कोई और नहीं उसके प्राथमिक शिक्षा देने वाले गुरुजन है। प्रदेश के अन्य जिलों में भले ही प्रदेश सरकार एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन हो रहा हो परंतु जौनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेशो निर्देशो का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है वहीं विभागीय अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर मौन धारण किए हुए हैं सुईथाकला ब्लाक के दर्जनों विद्यालय में बगैर शिक्षण कार्य किए बिना विद्यालय आए हुए लगभग दर्जनों शिक्षक वकायदा हर माह वेतन उठा रहे हैं और विभागीय अधिकारी सब कुछ जान कर भी अनजान बने हुए है।

बताया जाता है कि परिषदीय विद्यालय घमहा का पूरा सुईथाकला, जमौली, चिल्ही रामपुर, कोहणा, बघरवारा, चिलबिली काजीपुर गौसपुर बिरैली समेत दर्जनों विद्यालयो पर तैनात कुछ अध्यापक विद्यालय न आ कर और बगैर शिक्षण कार्य किये हर माह का वेतन उठा रहे हैं जिसकी शिकायत समय-समय पर ग्रामीणों द्वारा किए जाने के वावजूद कोई सुधार न होने पर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं एक विभागीय कर्मचारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि इन्ही लोगों के चलते पूरा विभाग और अच्छा काम करने वाले अध्यापक भी बदनाम होते है और स्थानीय अधिकारी व एआरपी की मिलीभगत एवं सुविधा शुल्क देकर मामले में लीपापोती कर दी जाती है जिसके कारण उक्त लोग बच जाते है सूत्रों की माने तो इसमें ज्यादातर अध्यापक तो ऐसे है जिनको बच्चे ही नहीं पहचानेंगे कि हमारे गुरु जी यही है।

## साइबर ठगी का शिकार हुई युवती

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

**राजगढ़।** ददरा बाजार निवासी युवती साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने युवती को झांसे में लेकर चोरी के आरोप में रिश्तेदार को पकड़ लिए जाने तथा उसे बचाने के लिए 12 हजार रुपये खाते में मंगा लिया। दोबारा रुपये मंगाने पर युवती ने परिजनों को जानकारी दी तो ठगी का पता चला। युवती ने बुधवार को राजगढ़ थाने में तहरीर दी।

ददरा बाजार निवासी पार्वती ने राजगढ़ थाने में तहरीर देकर बताया है कि बुधवार को दोपहर में उनके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनका रिश्तेदार चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। लोग उसकी पिटाई कर रहे हैं। उसका बीडीओ भी भेजा गया। उसको छोड़वाने के बदले 12 हजार रुपये भेजने को कहा। फोन करने वाले ने युवती के व्हाट्सएप पर एक युवक की पिटाई का वीडियो तथा एक मोबाइल फोन नंबर भेजा। दोबारा फोन कर भेजे गए नंबर पर रुपये भेजने के लिए कहा। इस पर युवती ने घर वालों को बताए बगैर 12 हजार रुपये भेज दी। कुछ देर बाद 25 हजार रुपये और भेजने की बात कही गई। तब युवती ने घर वालों को बताया। इस पर घर वाले युवती को डांटने लगे। बाद में उसे पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि ठगी के मामले की तहरीर मिली है। इस मामले को साइबर सेल को भेज दिया गया है।

# बुक सेलर हत्याकांड के आरोपी को बिल्हौर पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के बहुचर्चित बुक सेलर हत्याकांड मे जिले के पुलिस अधिकारियों सहित पूरी टीम लगी थी बुक सेलर हत्याकांड की गुत्थी सुलझा कर तीन दिन बाद पुलिस टीम मुख्य आरोपी तक पहुंची। मंगलवार को उस पर पुलिस टीम एक लगी थी कहा जा रहा है और क्या करता है । निर्मम हत्याकांड के अनावरण में पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल वह एसीपी अजय त्रिवेदी के निर्देश में पांच टीमों का गठन किया गया था घटना के अनावरण हेतु सभी सार्थक प्रयास किए गए जिसके परिणाम स्वरुप अभियुक्त संस्कार तिवारी उर्फ शिव तिवारी पुत्र राजेश तिवारी निवासी ग्राम घिमऊ थाना बिल्हौर उम्र लगभग 22 वर्षीय का नाम प्रकाश में आया अभी उपरोक्त को अथक प्रयास द्वारा टीम पीछा करने वाली ने दौड़कर धौरसलर रेलवे स्टेशन के पास जीटी रोड से गिरफ्तार किया अभियुक्त संस्कार तिवारी द्वारा मृतक राम जी तिवारी को मार्च 2024 से ही हत्या करने का प्रयास कर रहा था। परंतु सही मौका नहीं मिल सका अभियुक्त प्राइवेट जॉब करता था जिसकी जांब छूटने पर उसके द्वारा मृतक राम जी तिवारी से रू10000 की मांग की थी मृतक द्वारा पैसे ना देने तथा अभियुक्त को उसके व्यक्तिगत संबंधों में टिप्पणी करने तथा गाली-गलौज करने से छुब्ध हो गया था तथा उसकी हत्या करने की फिराक में था। हालांकि कुछ नंबर ऐसे भी मिले है महिलाओं के जिससे दोनों बातें करते थे घंटो जिससे आपसी रंजिश और बढ़ गई थी। आरोपित मृतक के साथ कई घंटे साथ रहता था इसी क्रम में 19 जून को अभियुक्त द्वारा मृतक के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे डीवीआर से उसके प्लग को अलग किया गया जिससे वह उसके द्वारा किए गए अपराध की कोई रिकॉर्डिंग ना हो सके घटना के दो दिन पहले भी अभियुक्त द्वारा बरामदे में सो रहे। मृतक राम जी तिवारी की हत्या का प्रयास उसके पास जाकर किया गया किंतु किसी के आ जाने और आहट से सफल न हो सका और वह वापस चला गया 30 जून और 1 जुलाई की रात लगभग 2:30 से 3:00 बजे रामजी तिवारी के बरामदे में आकर सीमेंट से जुड़ी कई ईंटों के बड़े टुकड़े से सिर में ताबड़तोड़ प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त की निशानदेही पर प्रयुक्त आला कत्ल बड़ी ईंटों का घटना से पास स्थित नाली से बरामद किया गया है । मौके से फील्ड यूनिट को बुलाकर आला कत्ल का निरीक्षण कराया गया जिस पर परीक्षण के दौरान आलाकत्ल पर मानव रक्त होना पाया गया अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मुकदमा संख्या 196/2024 धारा 103 (1) अंतर्गत पंजीकृत किया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल द्वारा उपरोक्त घटना के सफल अनावरण में शामिल टीम के उत्साह वर्धन हेतु रू 25000 पुरस्कार की घोषणा की गई है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम बिल्हौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक केशव तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक सतीश चंद्र यादव, उप निरीक्षक राजपाल, दिलीप कुमार, अरविंद कुमार हेड कांस्टेबल जयपाल, पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

## बिल्हौर नगर पालिका ईओ और बीईओ ने बीआरसी ग्राउंड में फलदार वृक्ष लगाए



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शासन द्वारा वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में नगर पालिका अंजनी मिश्रा अधिशाषी अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह बी के ग्राउंड/ जूनियर हाई स्कूल परिसर में फलदार पौधारोपण किया। अधिशाषी अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर विकास मंत्री एवं प्रमुख सचिव महोदय द्वारा वृक्षारोपण से सम्बन्धित दिये गये निर्देशों के दौरान कहा गया कि सभी लोग एक पेड अपनी मॉ के नाम अवश्य लगायें जिससे पेड लगाने के उपरान्त उसकी सुरक्षा और रखरखाव भी सुनिश्चित हो सके। पेड़ लगाना फोटो खींचना आम बात हो गई है लेकिन लगाने वाले जिम्मेदार हूं कुछ समय निकालकर प्रति सप्ताह अवश्य उनकी देखरेख करें और 15 दिन में एक बार अपने हाथ से अवश्य पानी दें जिससे पेड़ स्वस्थ और हरे भरे चलते रहेंगे। दो बैक वृक्ष फलदारों में आम के पेड़ भी हैं जिसमें एक आम के पेड़ में एक फल लगा हुआ है और दूसरे में तीन फल लगे हुए हैं। वृक्षारोपण के दौरान जो साथ में बच्चे थे वह उन आम के फलो को देखकर आपस में बातें कर हंस रहे थे यह नजारा देखकर अधिकारी भी अपनी हंसी ना रोक सके। अधिशाषी अधिकारी ने सभी नगर वासियों से यह अपील भी की सभी लोग अधिक से अधिक पेड लगाये एवं पॉलीथीन का प्रयोग न करें, कपडे के झोले का प्रयोग करें क्योंकि पॉलीथीन नष्ट नही होती है जिससे हमारा वातावरण दूषित होता है। वृक्षारोपण के दौरान नगर पालिका कर्मचारी जितेन्द्र सिंह ,ओमकार सिंह ,सभासद अशोक चंद्र तिवारी, बउआ सविता, गोपाल दुबे आदि और खण्ड शिक्षा अधिकारी के सेवानिवृत शिक्षक ओंकार सिंह, शिक्षक धर्मेंद्र कटियार, प्रशांत मिश्रा, सरिता यादव, शशांक द्विवेदी, विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## हाथरस भगदड़ में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला और अध्यक्ष ने सभी को मृत आत्माओं को शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखते हुए बताया हाथरस के एक सत्संग कार्यक्रम में हुई भगदड़ में लगभग 120 से ज्यादा लोगों के हादसे में अपनी जान गँवाने के कारण समूचा देश गमगीन है। हादसे प्रशासन पर सवालिया निशान लगाते हैं तथा वैश्विक स्तर पर यह हादसे हमारे प्रशासन की अक्षमता पर शर्मिंदगी का एहसास करा रहे हैं। आज एक ओर जहाँ देश के वैज्ञानिक अपने कौशल व बेहतर प्रबंधन से चाँद व मंगल तक सफल मिशन भेज पा रहे हैं वहीं दूसरी ओर एक कार्यक्रम की व्यवस्था सँभालने में ही सरकार व प्रशासन पस्त हो गये हैं। इस हादसे ने सैकड़ों घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझा दिये हैं। यह अत्यंत दर्दनाक व भीषण जनहानि हमें प्रशासन में आमूलचूल सुधार की जरूरत को रेखांकित कर रहे हैं। लापरवाह सिस्टम को समय रहते क्यों नहीं दुरुस्त किया जाता है ? कार्यक्रम में लाखों की भीड़ होने के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा उपाय क्यों नहीं अपनाये गये ? इतने बड़े कार्यक्रम की मंजूरी किस आधार पर दी ग?ई? व कार्यक्रम में प्रवचन देने आये वह महाशय पुलिस की गिरफ्त से कैसे बच निकले ? आदि ऐसे सवाल हैं जो स्थानीय प्रशासन व सरकार को देने ही होंगे। ऐसे हादसों की उच्चस्तरीय जाँचकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई व बड़े मुआवजे को लेकर समाजवादी पार्टी की माँग है। यह बातें आज समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष इन्जी. विनय यादव ने चौबेपुर स्थित एक कार्यक्रम में कहीं। इसके साथ ही उन्होंने इस हादसे में जान गँवाने वाले सभी मृतक आत्माओं के प्रति अश्रुपूरित श्रद्धांजलि व्यक्त की तथा उनके शोक संतृप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सपा नेता हरिओम पांडे,अरुण शुक्ला, अजहर अली, अमित पाठक कल्लू यादव, रामशंकर मिश्रा सुनील यादव, राजा भैया,रमेश गौतम, जगरूप यादव, डॉ सतेंद्र गौतम,बीरेंद्र वर्मा, फैइम कुरैशी, अजीत यादव, सुनील शर्मा, सुनील पाल, बालेन्द्र यादव, इन्द्रेश यादव,विमल कोरी, राजू पाल, विकास राजपूत,मिथलेश कमल, पूरन वर्मा तथा अन्य समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर के अथक प्रयासों के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक्स-रे मशीन मिल ही गई जिसका कई सालों से जनता जनार्दन को इंतजार था प्राइवेट अस्पतालों में जाकर जनता जनार्दन तीन सौ रुपए देकर एक्स-रे करवा रहे थे अब सीधा जनता को लाभ मिल सकेगा निशुल्क एक्स-रे कराकर जनता सीधा अपना इलाज करवा सकेंगे बिल्हौर में हुए एक्सीडेंट के बाद में एक रैना मशीन होने की वजह से या तो प्राइवेट अस्पताल में या कानपुर जाना पड़ता था। विधायक ने इस मौके पर बताया कि और भी जरूरी सुविधाएं अस्पताल में महिया कराई जाएगी उसे अधिकारियों से बात हो रही है जिससे मरीजों को कानपुर भटकना न पड़े वहीं पर गंभीर हालत में कानपुर जाते-जाते मैरिज दम तोड़ देते हैं जिससे जनता को बिल्हौर में ही अस्पताल में सारी सुविधा हो जाएगी। बुधवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी, अधिवक्ता नवले मिश्रा, इंदु शुक्ला, सोनू कुशवाहा, अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कटियार आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राहुल पर हमलावर बीजेपी की हरकतों के खिलाफ कांग्रेस का राज्यपाल को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कन्नौज जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की फोटो भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जलाने के संबंध में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को छिबरामऊ में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की फोटो हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा जलाने के संबंध में अवगत कराया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने ज्ञापन देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने अपने संबोधन भाषण में भाजपा सरकार के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया और नीट- यूजीसी 2024 की परीक्षाओं में अनियमिताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर झूठ का चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया। अपने झूठ का खुलासा देखकर भाजपाई इतना तिलमिला गए कि उन्होंने हमारे नेता की फोटो को पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में जलाने की नाकाम कोशिश की और वाराणसी जनपद में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के पुश्तैनी घर पर पुलिस के सामने राहुल गांधी की फोटो जलाने की कोशिश की जो हमारे देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है और राज्यपाल से मांग करती हैं कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देते हुए प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अविनाश चंद दुबे, रीना सिंह वर्मा महिला जिला अध्यक्ष, प्रमोद शाक्य पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी दुबे, जिला उपाध्यक्ष तारीख बशीर, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, किसान जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह, एहसान उल हक खान पूर्व शहर अध्यक्ष, ओंकार नाथ त्रिपाठी, मोहम्मद फैसल खान ब्लॉक अध्यक्ष कन्नौज, अशोक कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष तिर्वा, असलम खान ब्लॉक अध्यक्ष जलालाबाद, जितेंद्र सिंह चौहान जिला सचिव, इमरान अली, शमशाद सिद्दीकी जिला सचिव, आदेश सविता, कमरुद्दीन खान ,सत्य प्रकाश शर्मा, फरहाद हुसैन गुड्डु गांधी, डॉक्टर रामकृष्ण राजपूत, हरमोहन यादव, आशीष कुमार ,मोहित सिंह ,आशुतोष त्रिपाठी सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर

पत्रांक : 188/न.पा.प.बि./2024-25

दिनांक : 04 जुलाई, 2024

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यू0पी0म्यू0 एक्ट 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर में निम्न भवनों का नाम पालिका ग्रहकर अभिलेखों में अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः स्वामित्व परिवर्तन/भवनकर पंजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 01 माह के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद प्राप्त आपत्तियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

| क्र0 सं0 | नामान्तरण हेतु प्रार्थी/आवेदक का नाम | बिक्रीत प्लाट/कार्यालय नगर पालिका अभिलेख में दर्ज भवन स्वामी/अध्यायी का नाम | भवन सं0/मोहल्ला/वार्ड सं0 जिस पर आवेदक नामान्तरण हेतु आवेदन किया | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अरविन्द कुमार पुत्र स्व0 ईश्वर दयाल निवासी ग्राम व पोस्ट नसिरापुर, बिल्हौर कानपुर नगर। | ईश्वर दयाल पुत्र कन्हैयालाल निवासी वार्ड नं0 03 गया प्रसाद नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 03 गया प्रसाद नगर बिल्हौर। | वरासत |
| 2. | श्रीमती राधा राठौर पुत्री स्व0 रामप्रकाश राठौर निवासी वार्ड नं0 01 मुनीश्वर अवस्थी नगर बिल्हौर। | रामप्रकाश पुत्र छेदीलाल निवासी वार्ड नं0 01 मुनीश्वर अवस्थी नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 01 मुनीश्वर अवस्थी नगर बिल्हौर। | वरासत |
| 3. | श्रीमती उपासना पत्नी संजेश निवासिनी ग्राम राजेपुर, बिल्हौर कानपुर नगर। | श्रीमती बृजबाला यादव पत्नी स्व0 शिवनाथ सिंह निवासी कटरा बाजार बिल्हौर कानपुर नगर। | वार्ड नं0 07 कृष्णा नगर बिल्हौर। | रजिस्ट्री |
| 4. | श्रीमती मुमताज बेगम पत्नी महताब आलम निवासी वार्ड नं0 21 राजीव नगर बिल्हौर। | अमर पुत्र रामप्रकाश निवासी वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | रजिस्ट्री |
| 5. | मो0 शादाब पुत्र वहाब बेग निवासी वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | शकील खां पुत्र मो0 उमर निवासी ग्राम देवहा परगना व तहसील बिल्हौर कानपुर नगर। | वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | रजिस्ट्री |
| 6. | श्रीमती अर्चना मिश्र पत्नी कमल कुमार मिश्रा निवासी वार्ड नं0 03 गया प्रसाद नगर बिल्हौर। | श्री शिवकुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी वार्ड नं0 03 गया प्रसाद नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 03 गया प्रसाद नगर बिल्हौर। | रजिस्ट्री |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
बिल्हौर, कानपुर नगर

### सेवानिवृत्त शिक्षक को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

**मैनपुरी।** मैनपुरी में बृहस्पवितार को आरोपी ने साथियों के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक के घर पर हमला बोल दिया। लाठी डंडा से पीटकर सेवानिवृत्त शिक्षक को मौत के घाट उतार दिया। पत्नी और नाती घायल हो गए।

### नोटिस नमूना आम

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय-रायबरेली**

वैवाहिक याचिका सं1584/2023
तारीख पेशी: 24/07/2024

मो. आसिफ उम्र 38 वर्ष पुत्र अब्दुल कय्यूम, मोहल्ला ताड़तल्ला, उत्तरी जहानाबाद, परगना व तहसील-सदर, जिला-रायबरेली।

....प्रार्थी/वादी

बनाम बुशरा खान उम्र 26 वर्ष पुत्री स्व. शफक खान, पत्नी मो. आसिफ निवासी वार्ड नं. 62 निकट स्वागतम मेरिज लॉन EWS म.नं. 136 के0डी0ए0 कालोनी सनिगवाँ थाना चकेरी चकेरी पूर्व (कमिश्नरेट कानपुर नगर) जिला कानपुर नगर उ.प्र0। मो 7080633155, 904492131

....प्रार्थिनी

चूंकि उपरोक्त वाद में मो आसिफ ने दावा इस न्यायालय में दावा बाबत रुखसती जोजा के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनाक 24/07/2024 को 10 बजे सुबह कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो-कोर्ट में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो. उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि:-3/07/2024

-हस्ताक्षर
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**

### सम्मन वास्ते गजट प्रकाशन

(आर्डर-5, कायदा 1 व 5 मसमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1907 ई0)

**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) बिल्हौर, जनपद कानपुर नगर।**

**अपील सं0- सन्- 2021**

**रामखिलावन आदि**

**बनाम**

**रूपरानी आदि**

धारा-35 (2) यू.पी.आर.सी-2006 ग्राम-रौगाँव+पलिया बुजुर्ग, तहसील बिल्हौर, जिला कानपुर नगर।

**बनाम**

1:- फूलमती पुत्री ग्यारी निवासी ग्राम लोधा हुकुम थाना औरास जिला उन्नाव, उ0प्र0। 2:- ग्राम समाज रौगाँव द्वारा ग्राम प्रधान रौगाँव तहसील बिल्हौर, जिला कानपुर नगर। 3:- ग्राम समाज पलिया बुजुर्ग द्वारा ग्राम प्रधान पलिया बुजुर्ग तहसील बिल्हौर, कानपुर नगर। वाजेह हो कि वादी रामखिलावन आदि ने आपके नाम उक्त वाद धारा-35 (2) यू. पी.आर.सी-2006 के अर्न्तगत दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **30/07/24** ई0 को प्रातः 10 बजे बमुकाम अदालत असलतन या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो, और जवाब देही दावा कीजिये और आपको लाजिम है कि उस रोज आप अपने जुमला दस्तावेज आदि जिन पर आप जवाबदेही इस्तदलाल कराना चाहते हैं उसी रोज पेश कीजिये, आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा में बगैर हाजिरी आपके विरुद्ध फैसला होगा।

आज यह मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के दि.02/07/24 ई0 को जारी किया गया।

दिनांक- 02.07.2024

**-आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी (न्यायिक)**
**बिल्हौर, कानपुर नगर।**

### किशोरी का अपहरण करने वाले दोषियों को पांच-पांच वर्ष की कैद, बुआ की बीमारी के बहाने लिवा ले गए थे

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मैनपुरी में 14 साल पहले एक किशोरी का अपहरण करने वाले दो दोषियों को स्पेशल जज ईसी एक्ट जयप्रकाश ने पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। उन पर 12-12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। करहल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी 25 अगस्त 2010 को अपनी छोटी बहन के साथ गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। खेत से ही उसकी बुआ की बीमारी के नाम पर उसको छोटू निवासी नई आबादी गोबर चौकी रोशन नगर थाना ताजगंज जिला आगरा तथा वीरेंद्र निवासी कायस्थान थाना सकीट जिला एटा अपने साथ ले गए। किशोरी के पिता ने दोनों के खिलाफ अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने जांच करके दोनों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में भेज दी। मुकदमे की सुनवाई स्पेशल जज ईसी एक्ट जयप्रकाश के न्यायालय में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से वादी, पीड़िता, विवेचक, चिकित्सक सहित गवाहों ने गवाही दी। गवाही के आधार पर दोनों को किशोरी का अपहरण करने का दोषी पाया गया। स्पेशल जज ईसी एक्ट जयप्रकाश ने दोनों को पांच पांच साल की सजा सुनाई है। उन पर 12-12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। स्पेशल जज ईसी एक्ट जयप्रकाश ने आदेश में लिखा है कि जुर्माने की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मुआवजा के रूप में दी जाएगी। जुर्माने की 24 हजार रुपये की धनराशि में से 12 हजार रुपया पीड़िता को दिए जाएगे। किशोरी ने अपनी गवाही में छोटू और वीरेंद्र के खिलाफ अपहरण करने की गवाही दी थी। बताया था कि उसकी बुआ सकीट जिला एटा में रहती हैं। वीरेंद्र भी सकीट का रहने वाला है। उसको आगरा में छोटू के मकान में बंधक बनाकर रखा गया था।

# सारण में तीसरा पुल गिरा, तेज बहाव नहीं झेल पाया गंडक नदी पर बना ब्रिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सारण

सारण में पुल ध्वस्त होने का सिलसिला जारी है। 24 घंटे के अंदर तीसरा पुल ध्वस्त हो गया। बनियापुर के दो पंचायतों सरेया और सतुआ को जोड़ने वाला पुल अनियमितता का भेंट गया है। दोनों पंचायतों के दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह पुल सतुआ पंचायत और सरैया पंचायत को जोड़ने वाला मुख्य पुल था। पुल के दोनों तरफ ग्रामीण खेती करते हैं। साथ ही इंटर कॉलेज होने के चलते सरेया के छात्र छात्राओं को विद्यालय जाने के लिए एकमात्र यही सहारा था। पुल टूटने और नदी में पानी होने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना होगा। हादसे के बाद सारण के डीएम ने कहा कि जिले में इन छोटे पुलों के ढहने का कारण जानने के लिए उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया गया है।



### पानी का तेज बहाव नहीं झेल पाया पुल

ग्रामीणों के अनुसार, गंडकी नदी पर इस पुल का निर्माण पांच वर्ष पूर्व स्थानीय मुखिया के निजी कोष से हुआ था। नदी में सफाई कार्य के बाद पुल के किनारे और पाया के पास की मिट्टी कम होने और पानी के तेज बहाव होने के कारण पुल टूट गया। लगभग दस किलोमीटर दूर लहलादपुर प्रखंड के जनता बाजार में बुधवार को दो पुल टूटने की घटना हुई थी। सारण जिले में गंडक नदी पर महज 24 घंटे के अंदर सारण जिले का तीसरा पुल टूटने का मामला सामने आया है। लगातार पुल टूटना सारण सहित पूरे बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुल टूटने से बनियापुर के सतुआ और सरेया पंचायत के ग्रामीणों को आवागमन प्रभावित हो गया है।

### पिछले 16 दिन में 10 पुल ढह गए

इससे पहले बुधवार को सीवान में बैक टू बैक तीन पुल ध्वस्त हो गए थे। लगातार बारिश के कारण कुछ ही घंटों में तीन पुल गिरने से कई गांवों के बीच संपर्क टूट गया है। पहली घटना महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा गांव और देवरिया गांव के बीच की है। गंडक नदी पर बना 35 साल पुराना पुल का का एक पाया धंसने लगा। देखते ही देखते पुल गंडक नदी में समा गया। दूसरी घटना महाराजगंज प्रखंड के तेवथा पंचायत की है। नौतन और सिकंदरपुर गांव के गंडक नदी पर बना पुल गिर गया। वहीं तीसरा पुल धीमही गांव में गंडक नदी में बना था। यह भी धाराशायी हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले इस पुल की मरमत भी हुई थी। उसके बाद भी यह पुल टूट गया है। पानी के तेज बहाव के कारण बताया जा रहा है। हादसे के बाद कई गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। बता दें कि पिछले 16 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल मिलाकर 10 पुल ढह गए।

### एक ही दिन में दो पुल ध्वस्त

इससे पहले सारण जिले के ही लहलादपुर प्रखंड के जनता बाजार के पास गंडक नदी पर बने पुल के धराशाही होने के कुछ ही घंटे बाद एक और पुल ध्वस्त होने की खबर से सभी लोग स्तब्ध हो गए थे। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्या कारण है कि एक ही दिन में महाराजगंज के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली नदी पर बने पुल के गिरने के बाद सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र में दो पुल लगातार ध्वस्त हो गए। ढोढ़नाथ मंदिर के समीप पुल गिरने के बाद जनता बाजार थाना क्षेत्र के गंडक नदी पर दंदासपुर जंगलविलास टोला स्थित ब्रिटिश जमाने का बना पुल भी ध्वस्त हो गया है।

# लोकसभा में राहुल गांधी के दावों पर भड़के रिजिजू, कहा कोई बचकर नहीं निकल सकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर अब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भड़के। उन्होंने गांधी के भाषण में कथित गलतियों को लेकर भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नोटिस सौंपे जाने के एक दिन बाद कहा कि सदन को गुमराह करने का प्रयास करने वाला कोई भी सदस्य आसानी से बच नहीं पाएगा। गौरतलब है, रिजिजू लोकसभा में भाजपा सदस्य बांसुरी स्वराज के नोटिस का जिक्र कर रहे थे। दरअसल, स्वराज ने मंगलवार को लोकसभा में एक नोटिस दिया था, जिसमें सदन में विपक्ष के नेता के राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दिए भाषण में कथित गलतियों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस मुद्दे पर पूछ गए सवालों के जवाब में रिजिजू ने कहा, %जब लोकसभा में विपक्ष के नेता तथ्यों और आंकड़ों सहित कई चीजों के बारे में झूठ बोलते रहे, तो अध्यक्ष को नोटिस दिया गया और हमने अध्यक्ष से उचित कार्रवाई करने



का अनुरोध किया। फिलहाल हम कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### नियम समान रूप से सभी पर लागू होते हैं

मंत्री ने कहा कि नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं क्योंकि सदन में कोई भी सदस्य आसन से ऊपर नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा, %कोई भी बचने की उम्मीद नहीं कर सकता। किसी के लिए कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं है। वो किसी एक परिवार से आते हैं, इसलिए बच जाएंगे तो ऐसा नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, यदि कोई सदन को गुमराह करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करना चाहता है, तो वह आसानी से बच नहीं पाएगा। उन्हें फिर नियम याद दिला दिए जाएंगे।

### क्या है लोकसभा का नियम 115

स्पीकर के निर्देश 115 के तहत अगर कोई सदस्य किसी मंत्री या किसी अन्य सदस्य की ओर से दिए गए बयान में कोई गलती या अशुद्धि बताना चाहता है, तो वह सदन में मामले को उठाने से पहले अध्यक्ष को चिट्ठी लिखकर गलती या अशुद्धि का ब्योरा दे सकता है और मुद्दे को उठाने की इजाजत मांग सकता है। आरोप लगाने वाले सदस्य के पास अगर उसके आरोपों के समर्थन में कोई सबूत हैं तो वह उसे भी स्पीकर के सामने रख सकता है। इस आधार पर स्पीकर वास्तपकि स्थिति का पता लगाने के लिए इस मामले को संबंधित मंत्री या सदस्य के संज्ञान में ला सकते हैं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के बाद, केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव और रिजिजू ने कांग्रेस नेता पर अग्निपथ योजना और अयोध्या में स्थानीय लोगों को दिए गए मुआवजे सहित कई मुद्दों के बारे में झूठे दावे करने का आरोप लगाया।

### राहुल के बयान तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक: बांसुरी

बांसुरी स्वराज बांसुरी स्वराज के नोटिस के मुताबिक, लोक सभा में विपक्ष के नेता के संबंधित बयान तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक प्रकृति के हैं, इसलिए नियम 115 के तहत उचित कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए। इस वजह से मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि कृपया राहुल गांधी की ओर से जानबूझकर की गई गलतियों का संज्ञान लें और आवश्यक कार्यवाही करें।

### बांसुरी ने गिनाईं राहुल गांधी की 'गलतियां'

बांसुरी ने दावा किया है कि अग्निवीर योजना को लेकर राहुल ने 'जानबूझकर' तथ्यात्मक रूप से गलत बयान दिया और 'झूठ' कहा कि अग्निवीरों की शहादत पर उन्हें मुआवजा देने का कोई प्रावधान नहीं है।

# मंत्री पद से किरोड़ीलाल मीणा ने दिया इस्तीफा

## लोकसभा परिणाम के बाद निभाया अपना वचन



### 2 बार के रहे सांसद

किरोड़ी लाल मीणा 6 बार के विधायक और दूसरी बार मंत्री बने थे। इसके साथ ही 2 बार के सांसद और एक बार के राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। किरोडीलाल मीणा भजनलाल सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग और श्रम नियोजन जैसे बड़े विभाग संभाल रहे थे।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

राजस्थान की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान की भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव में दौसा सीट पर हुई हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफा देने के कयास शुरू हो गए थे। किरोड़ीलाल मीणा ने खुद इसका खुलासा किया है। किरोड़ी लाल ने कहा कि सभी सरकारी सुविधाओं से दूरी बना ली है। मैंने पहले ही जनता के बीच एलान कर दिया था।

### सीएम के सामने कही थी राजनीति छोड़ने की बात

गौरतलब है कि टोंक में सीएम भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा था कि अगर कोई 5 वर्ष में सुखबीर जौनापुरिया को पराजित करने वाले हरीश मीणा के मोबाइल नंबर और ठिकाना भी कोई बता दे तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। किरोड़ी लाल मीणा ने जौनापुरिया के लिए कहा कि वे सांसद रहे और 10 साल तक आपकी खूब सेवा की, लेकिन आपने पता नहीं किन लोगों के बहकावे में आकर उन्हें हरवा दिया। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि बहुत जल्द ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व मे पीएचईडी मंत्री हर घर तक पीने का पानी पहुंचाने वाले हैं। मंत्री हीरालाल नागर का ऊर्जा विभाग भी अगले डेढ़ वर्ष में इस तरह की व्यवस्था कर देगा कि किसानों को चौबीसों घंटे बिजली मिल सकेगी।

# अंतरिक्ष जाने से पहले प्रधानमंत्री मणिपुर जाएं इसरो प्रमुख के बयान पर जयराम रमेश का तंज



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

### मणिपुर के मुद्दे पर केंद्र को घेरने में जुटा विपक्ष

कांग्रेस, केंद्र सरकार को मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर घेरने में जुटी है। विपक्ष का आरोप है कि पीएम मोदी ने मणिपुर हिंसा पर चुप्पी साधी हुई है और राज्य में शांति बहाली के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं। मणिपुर में बीते साल मई में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और हजारों लोगों को विस्थापन झेलना पड़ा है। बुधवार को राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान भी पीएम मोदी ने मणिपुर के मुद्दे पर बयान दिया और कहा कि केंद्र सरकार राज्य में शांति बहाली के लिए लगातार कोशिश कर रही है।

हाल ही में इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि अगर हम प्रधानमंत्री को अंतरिक्ष में भेज सके तो हमें बहुत गर्व होगा। एस सोमनाथ के इस बयान पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री को अंतरिक्ष में जाने से पहले मणिपुर जाना चाहिए। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अगर भारत के पहले मानव मिशन गगनयान के तहत अंतरिक्ष जाना चाहते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होगी। गगनयान को साल 2025 में लॉन्च किया जाना है। इसरो चीफ से पूछा गया कि क्या अगर प्रधानमंत्री मोदी इसरो के मानव मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाना चाहें तो क्या उन्हें खुशी होगी? इसके जवाब में एस सोमनाथ ने कहा कि बेशक उन्हें इससे खुशी होगी, लेकिन उनके पास (पीएम मोदी) कई अन्य अहम जिम्मेदारियां हैं। जिन्हें पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। लेकिन यह ऐसी क्षमता है, जिसें हम हासिल करना चाहते हैं कि अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने की क्षमता को इतना विकसित किया जाए यह बेहद सुरक्षित हो जाए और हम इसे हासिल करने की प्रक्रिया में हैं।

# अस्ताना में चीनी समकक्ष वांग यी से मिले एस जयशंकर सीमा विवाद सुलझाने के प्रयास बढ़ाने पर जताई सहमति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में को मुलाकसत की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच दोनों देशों के विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर मिले। दोनों ने पूर्वी लद्दाख में मुद्दों को हल करने के लिए कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के जरिए प्रयासों को बढ़ाने पर सहमति जताई। जयशंकर ने वांग को बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान और सीमा क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने भारत के इस दृढ़ दृष्टिकोण की भी दोहराया कि दोनों देशों के बीच संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि आज सुबह अस्ताना में सीपीसी पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। इस दिशा में कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के जरिए प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एलएसी का सम्मान करना, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना आवश्यक है। परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हित हमारे द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुए कि सीमा क्षेत्रों में वर्तमान में जो हालात हैं, उन्हें लंबा खींचना किसी के भी हित में नहीं है। विदेश मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैनिकों को पूरी तरह से हटाने और सीमा पर शांति बहाल करने के प्रयासों को दोगुना करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य होने की राह में जो भी बाधाएं हैं वे दूर हों। भारत और चीन के मध्य पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच इन नेताओं के बीच यह बैठक हुई है। भारत और चीन की सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध जारी है। हालांकि, दोनों पक्ष टकराव वाले कई क्षेत्रों से पीछे हटे हैं लेकिन सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अब तक नहीं हो पाया है। गलवान घाटी में जून 2020 में दोनों देशों के सैनिकों के बीच घातक झड़प हुई थी जिसमें बड़ी संख्या में दोनों ओर के सैनिक हताहत हुए थे। दोनों पक्षों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए पिछली बातचीत फरवरी में हुई थी।

# अब ड्रोन बुझाएंगे जंगल की आग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून

अब जंगल की आग बुझाने, फसलों पर छिड़काव करने और आपदा में राहत सामग्री भेजने के काम ड्रोन से हो सकेंगे। नई ड्रोन नीति के तहत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आईटीडीए ने छह श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध कर दिया है। सभी विभाग अपनी जरूरत के हिसाब से इन कंपनियों से काम करा सकेंगे। आईटीडीए ने तकनीकी मानकों पर खरा उतरने पर मैपिंग, सर्विलांस, एग्रीकल्चर, ट्रेनिंग, फायर फाइटिंग और लॉजिस्टिक श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध किया है। इनमें बड़ी संख्या स्टार्टअप की है। मैपिंग के लिए सबसे ज्यादा 13 कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है। विभाग अपनी प्रॉपर्टी से लेकर अन्य मैपिंग संबंधी सभी काम इनमें से किसी भी कंपनी से करा सकती है।

### महिलाओं को ड्रोन संचालन में किया जाएगा प्रशिक्षित

सर्विलांस के काम के लिए छह कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है। यह सभी कंपनियां विभिन्न प्रोजेक्ट की निगरानी आदि का काम कर सकेंगी। एग्रीकल्चर के लिए दो ड्रोन कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं, जिनकी मदद से फसलों पर छिड़काव से लेकर सभी कृषि संबंधी काम कराए जा सकते हैं। ट्रेनिंग, फायर फाइटिंग और लॉजिस्टिक के लिए एक-एक कंपनी सूचीबद्ध की गई है। ट्रेनिंग के लिए जिस कंपनी का चयन किया गया है, वह युवाओं-महिलाओं को ड्रोन संचालन में प्रशिक्षित कर सकेंगी। साथ ही ड्रोन संबंधी अन्य प्रशिक्षण भी दे सकेगी। फायर फाइटिंग ड्रोन की मदद से जंगलों से लेकर घरों की आग बुझाने में मदद मिलेगी। लॉजिस्टिक ड्रोन कंपनी की मदद से राहत सामग्री एक जगह से दूसरी जगह भेजी जा सकेगी।

> "हमने सभी तकनीकी मानकों के आधार पर छह श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियां सूचीबद्ध की हैं। इन सभी कंपनियों की मदद से विभाग काम करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें टेंडर निकालना होगा।
> -नितिका खंडेलवाल
> निदेशक, आईटीडीए

# सुरक्षा कारणों से नासिक जेल भेजा गया गैंगस्टर अबू सलेम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

गैंगस्टर अबू सलेम को तलोजा जेल में मरम्मत कार्य के कारण नासिक की जेल में स्थानांतरित किया गया है। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत के समक्ष कहा था कि सुरक्षा कारणों से अबू सलेम को नासिक जेल में भेजा जाना चाहिए। तलोजा जेल के अंदर उच्च सुरक्षा वाली कोठरी की खस्ता हालत का हवाला देते हुए जेल अधिकारियों ने अदालत को बताया था कि जेल में तत्काल मरम्मत कराए जाने की जरूरत है। ऐसे में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सलेम को नासिक की जेल में भेजा जाना चाहिए। जेल अधिकारियों की चिंता देखते हुए गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे सलेम को कड़ी सुरक्षा के बीच तलोजा जेल से नासिक भेजा गया। 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नासिक केंद्रीय कारावास में स्थानांतरित किया गया।

# कांग्रेस ने आप से बनाई दूरी, हरियाणा-दिल्ली विधानसभा चुनाव में गठबंधन से इनकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन की एकता सवालों के घेरे में आ गई है। दरअसल कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि कांग्रेस, दिल्ली-हरियाणा और पंजाब के विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी और आम आदमी पार्टी के साथ उनके गठबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है। हालांकि जयराम रमेश ने कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड में विपक्षी गठबंधन साथ चुनाव लड़ेगा। इससे साफ है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद आम आदमी पार्टी से दूरी बरत रही है।

### स्थानीय नेताओं में सहमति जरूरी

गुरुवार को जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में ऐसा कोई तय फार्मूला नहीं है, जिसे विधानसभा चुनाव में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन उन राज्यों में मिलकर लड़ेगा जहां कांग्रेस नेता और अन्य गठबंधन के नेताओं के बीच सहमति बन जाएगी, लेकिन जहां सहमति नहीं बन पाएगी, वहां अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे। हालांकि जयराम रमेश ने साफ कर दिया है कि महाराष्ट्र और झारखंड में विपक्षी गठबंधन एक साथ चुनाव लड़ेगा।

# राजनाथ सिंह से मिले ऑस्ट्रेलिया डिप्टी पीएम मार्लेस, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत महासागर में दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। दोनों देशों के रक्षा मंत्री ने इस बारे में विस्तार से चर्चा की है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ऑस्ट्रेलिया 2024 में जारी किए जाने वाले अपने राष्ट्रीय रक्षा रणनीति दस्तावेज में भारत को शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार मानता है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के बीच गुरुवार को अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें रक्षा सहयोग संबंधित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा, हिंद-प्रशांत में सहयोग आदि कई मुद्दों पर बात हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 'ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से बात की। हमने रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की और भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच इंडो-पैसिफिक में घनिष्ठ सहयोग पर चर्चा की।

# लुटियन की दिल्ली में हर इमारत पर सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लुटियन की दिल्ली में अब हर इमारत पर सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। बिल्डिंग प्लान में इसका प्रावधान होने के बाद ही नई इमारत का नक्शा पास होगा। वहीं, पुरानी इमारतों से सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावना का पता लगाने के लिए विस्तृत सर्वे होगा। बुधवार को एनडीएमसी की बैठक में ये निर्णय लिए गए। एनडीएमसी अपने इलाके में बिजली की मांग के हिसाब से सौर ऊर्जा पैदा करने की योजना पर काम कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि योजना पर काम एक साल में पूरा होगा। इसमें एनडीएमसी टाटा ऊर्जा अनुसंधान संस्थान की मदद लेगी। इस बीच परिषद 200 मेगावाट सौर ऊर्जा खरीदेगी। इसका प्रस्ताव भी बैठक में पास हो गया। नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज की अध्यक्षता में काउंसिल की बैठक हुई। इसमें एनडीएमसी अध्यक्ष नरेश कुमार ने सौर ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में तय हुआ है कि एनडीएमसी को बिजली के मामले में पूरी तरह सौर ऊर्जा पर निर्भर बनाने के लिए सभी बिल्डिंगों का सर्वे कराया जाए। इससे पता चलेगा कि लुटियन की दिल्ली में सौर ऊर्जा से कितने मेगावाट बिजली पैदा हो सकती है। बैठक में नरेश कुमार ने आदेश दिया कि सौर ऊर्जा का प्रावधान नहीं करने पर बिल्डिंग प्लान पास न किया जाए। इस बारे में बिल्डिंग प्लान पास करने के नियमों में संशोधन किया जाए। वहीं, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और उत्पादन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू करने का भी आदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को सौर ऊर्जा से व्यक्तिगत, सामाजिक, पर्यावरण व देश को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया जाएगा।



### 10 मेगावाट का हो रहा उत्पादन

एनडीएमसी अभी करीब 10 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रही है। इसके लिए परिषद की इमारतों के 23 स्कूलों और सीपीडब्ल्यूडी के भवनों की छत पर सोलर पैनल लगाए गए हैं। आगे इसका विस्तार होगा।

### बैठक में पास हुए कई प्रस्ताव

बैठक में गोल मार्केट स्थित अटल आदर्श बंगाली गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूलों के बच्चों के लिए ताजा मिड डे मील तैयार करने के लिए अर्ध-स्वचालित रसोई बनाने की योजना को मंजूरी दी गई। वहीं, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा चिकित्सक, पंचकर्म चिकित्सक, फार्मासिस्ट (यूनानी), आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट (होम्योपैथी) के भर्ती नियमों के मसौदे में संशोधन करने के प्रस्ताव को भी पास किया गया। इसके अलावा भर्ती नियमों में संशोधन करके संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों/परामर्शदाताओं के नियमितीकरण को मंजूरी दी गई। इसी तरह प्रोग्रामिंग सहायक के पद पर भर्ती नियमों के मसौदे में संशोधन किया गया। उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि एनडीएमसी में 38 श्रेणियों में लगभग 900 कर्मचारी अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं। इनमें से 12 श्रेणियों में 581 कर्मचारियों को नियमित करने के लिए आरआर में संशोधन किया गया है। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि शेष 26 श्रेणियों के 367 कर्मचारियों के लिए आरआर में भी अगली बैठक में संशोधन किया जाए।

### 450 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है रोज

एनडीएमसी ने सोलर सिस्टम, हाइड्रो प्लांट और अन्य प्लांटों से प्रतिदिन 525 मेगावाट बिजली की व्यवस्था कर रखी है, जबकि उसके क्षेत्र में गर्मी के मौसम में प्रतिदिन अधिकतम मांग 450 मेगावाट है और सर्दी में अधिकतम खपत 245 मेगावाट रहती है। एनडीएमसी क्षेत्र में करीब 70,000 उपभोक्ता हैं।

### 200 मेगावाट सौर ऊर्जा खरीदने का प्रस्ताव पास

एनडीएमसी ने बिजली के मामले में केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार के संयंत्रों पर निर्भर नहीं रहने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) से बिजली खरीदने का निर्णय लिया है। बैठक में एनडीएमसी ने 200 मेगावाट सौर ऊर्जा खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। एनडीएमसी का कहना है कि इस पहले से उसे दोहरा लाभ होगा। एक ओर बिजली खरीदने में कम राशि व्यय होगी। वहीं, बिजली किल्लत का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

### बांसुरी स्वराज ने एनडीएमसी सदस्य के तौर पर ली शपथ

बैठक में नवनिर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज को एनडीएमसी के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। वहीं, नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश कुमार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने दोनों को शपथ दिलवाई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)